सूर्योदय - 06:46
सूर्यास्त - 05:27

अधिकतम तापमान 27.1°
न्यूनतम तापमान 12.1°

ओपन सर्च

हिन्दी दैनिक

RNI No. HARHIN/2023/86132

खबरें और विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें

Mob. : 8826637033
opensearchnews@gmail.com

E-mail | satbeerbhardwaj925@gmail.com Facebook | https://www.facebook.com/opensearch.co.in Website | www.opensearch.co.in

वर्ष : 04 अंक : 115 गुरुग्राम (हरियाणा), 'शुक्रवार 27 नवंबर 2026 हरियाणा, नई दिल्ली, बिहार से प्रकाशित ₹ मूल्य : 01 रुपए | पृष्ट : 08

संविधान दिवस पर हरियाणा विधानसभा में आयोजित हुआ संविधान को समर्पित विशेष कार्यक्रम

मुख्यमंत्री और विधानसभा अध्यक्ष हरविंद्र कल्याण ने महात्मा गांधी की प्रतिमा एवं संविधान को पुष्प अर्पित कर किया नमन

ओपन सर्च/ब्यूरो

चंडीगढ़। संविधान दिवस के अवसर पर आज हरियाणा विधानसभा में संविधान पखवाड़ा के अंतर्गत संविधान को समर्पित विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी और विधानसभा अध्यक्ष श्री हरविंद्र कल्याण सहित नेता प्रतिपक्ष श्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा संसदीय कार्य मंत्री श्री महिपाल ढांडा, डिप्टी स्पीकर डॉ. कृष्ण लाल मिड्ढा, मंत्रीगण,विधायकगण तथा पंजाब विश्वविद्यालय, चंडीगढ़ के प्रोफेसर डॉ. दिनेश कुमार उपस्थित रहे।



विधानसभा के सेरेमोनियल गेट के निकट लाइब्रेरी परिसर में आयोजित कार्यक्रम की शुरुआत महात्मा गांधी की प्रतिमा एवं भारतीय संविधान को पुष्प अर्पित कर नमन करने के साथ हुई। इसके उपरांत विधानसभा अध्यक्ष श्री हरविंद्र कल्याण ने मुख्यमंत्री एवं अन्य गणमान्य अतिथियों का स्वागत किया। कार्यक्रम में संविधान के महत्व, उसकी मूल भावना और लोकतांत्रिक मूल्यों पर आधारित एक डॉक्यूमेंट्री भी प्रदर्शित की गई। कार्यक्रम का मुख्य विषय 'हरियाणा की 60 वर्षों की गौरवमयी विकास यात्रा तथा विकसित हरियाणा के लक्ष्य की प्राप्ति में जनभागीदारी एवं नागरिकों में संवैधानिक मूल्यों के प्रति जागरूकता बढ़ाने में जनप्रतिनिधियों की भूमिका' रहा।

कार्यक्रम के समापन पर विधानसभा अध्यक्ष श्री हरविंद्र कल्याण ने संविधान की प्रस्तावना का वाचन किया, जिसे मुख्यमंत्री सहित उपस्थित सभी जनप्रतिनिधियों एवं गणमान्य अतिथियों ने दोहराया। इस अवसर पर संविधान के आदर्शों, लोकतांत्रिक मूल्यों और नागरिक कर्तव्यों के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई गई।

मौलिक अधिकारों के साथ मौलिक कर्तव्यों के प्रति जागरूकता बढ़ाना भी जनप्रतिनिधियों का दायित्व : प्रो. डॉ. दिनेश कुमार

पंजाब विश्वविद्यालय, चंडीगढ़ के प्रोफेसर डॉ. दिनेश कुमार ने अपने संबोधन में कहा कि भारतीय संविधान एक जीवंत दस्तावेज है, जो समय के साथ देश की लोकतांत्रिक व्यवस्था और सामाजिक मूल्यों को दिशा देता है। जनप्रतिनिधियों ने पिछले वर्षों में आम नागरिकों को मौलिक अधिकारों के प्रति जागरूक करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। अब आवश्यकता है कि नागरिकों को उनके मौलिक कर्तव्यों के प्रति भी जागरूक किया जाए। उन्होंने कहा कि सार्वजनिक संपत्ति की रक्षा करना, हिंसा को बढ़ावा न देना, देश की संप्रभुता, एकता और अखंडता की रक्षा करना तथा पर्यावरण, वन एवं वन्यजीवों का संरक्षण करना प्रत्येक नागरिक का संवैधानिक दायित्व है। नीतियों और विचारों का विरोध करना लोकतांत्रिक अधिकार है, लेकिन विरोध के नाम पर देश की एकता और अखंडता के विरुद्ध गतिविधियां उचित नहीं हैं। उन्होंने मानवता, भाईचारे और आपसी सद्भाव को बढ़ावा देने पर बल देते हुए कहा कि भारत की विविधता उसकी ताकत है। धर्म, भाषा, क्षेत्र और अन्य भिन्नताओं के आधार पर किसी के साथ भेदभाव नहीं होना चाहिए।

हरियाणा विधानसभा में शोक प्रस्ताव पारित, पूर्व विधायकों एवं प्रदेश के शहीदों को दी श्रद्धांजलि

ओपन सर्च/ब्यूरो

चंडीगढ़। हरियाणा विधानसभा के आज यहां आयोजित एक दिवसीय विशेष सत्र के दौरान विधानसभा के गत सत्र से अब तक दिवंगत हुए प्रमुख व्यक्तियों, हरियाणा के शहीदों तथा सदन के सदस्यों के परिजनों को श्रद्धांजलि देने के लिए शोक प्रस्ताव पारित किए गए। हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने शोक प्रस्ताव पढ़े और दिवंगत आत्माओं को श्रद्धांजलि अर्पित की।



हरियाणा विधानसभा अध्यक्ष श्री हरविन्द्र कल्याण ने भी शोक प्रस्ताव पढ़े और शोक संतप्त परिवारों के सदस्यों के प्रति हार्दिक संवेदना व्यक्त की। नेता प्रतिपक्ष श्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा तथा इंडियन नेशनल लोकदल (इनेलो) के विधायक श्री आदित्य देवीलाल ने भी अपने-अपने दलों की ओर से शोक प्रस्ताव पढ़े और दिवंगत आत्माओं को श्रद्धांजलि अर्पित की। सदन ने विधायक श्रीमती पूजा के ससुर तथा हरियाणा के पूर्व मंत्री श्री फूल चंद मुलाना के 20 नवंबर, 2026 को हुए दु:खद निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया।

सदन ने हरियाणा विधानसभा के पूर्व सदस्य श्री सतविन्द्र सिंह के 21 नवंबर, 2026 को हुए दु:खद निधन पर भी गहरा शोक व्यक्त किया। सदन ने प्रदेश के उन 24 वीर सैनिकों को भी भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की, जिन्होंने मातृभूमि की एकता और अखंडता की रक्षा के लिए अदम्य साहस और वीरता का परिचय देते हुए अपने प्राण न्योछावर कर दिए।

इन शहीदों में निरीक्षक सैन प्रकाश, झज्जर; निरीक्षक मनोज कुमार, गांव गोद, जिला महेंद्रगढ़; उप निरीक्षक राजकुमार, गांव कुतानी, जिला झज्जर; उप निरीक्षक विनोद कुमार, गांव भूषण कलां, जिला महेंद्रगढ़; उप निरीक्षक जगदीश चंद्र, गांव सोरखी, जिला हांसी; उप निरीक्षक वेदपाल, गांव मय्यड़, जिला हिसार; सहायक उप निरीक्षक कृष्ण कुमार, गांव रामबास, जिला महेंद्रगढ़; सहायक उप निरीक्षक सुरेन्द्र सिंह, गांव फरमाना बादशाहपुर, जिला रोहतक; हवलदार सुरेश कुमार, गांव सुन्दरह, जिला महेंद्रगढ़; हवलदार मंदीप कुमार, गांव गुमड़, जिला सोनीपत; हवलदार संदीप कुमार, गांव शेखपुरा, जिला सोनीपत; हवलदार विकास देशवाल, गांव मतलौडा, जिला पानीपत; हवलदार रणदीप सिंह, गांव मानहेरु, जिला भिवानी; हवलदार नरेश कुमार, गांव शादीपुर, जिला जींद; हवलदार अमित कुमार, गांव सिहोर, जिला महेंद्रगढ़; हवलदार वेदप्रकाश, गांव कंवाली, जिला रेवाड़ी; नायक शेर सिंह, गांव बुढ़नपुर बांगर, जिला करनाल; नायक बलजिंद्र सिंह, गांव किरमारा, जिला हिसार; लांस नायक कृष्ण, गांव नंदगढ़, जिला जींद; लांस नायक सुखचैन सिंह, गांव कुत्ताबड, जिला सिरसा; सिपाही विकास कुमार, गांव ढाणी किरावड़, जिला भिवानी; सिपाही परवीन कुमार, गांव सीहा, जिला पलवल; सिपाही दिनेश वशिष्ठ, गांव हीरापुर, जिला फरीदाबाद तथा सिपाही सोमबीर सिंह, गांव अहरी, जिला झज्जर शामिल हैं। सदन ने राष्ट्र की सेवा में अपने प्राण न्योछावर करने वाले इन वीर सैनिकों की शहादत को शत्-शत् नमन किया।

इसके अलावा, सदन ने नेता प्रतिपक्ष श्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा की मौसी श्रीमती शांति देवी तथा विधायक श्री रणधीर पनिहार की बुआ श्रीमती मरमण देवी के दु:खद निधन पर भी गहरा शोक व्यक्त किया।

हरियाणा सुशासन पुरस्कार-2026 के लिए आवेदन की अंतिम तिथि बढ़ी

30 नवंबर तक भेजे जा सकेंगे नामांकन



ओपन सर्च/ब्यूरो

चंडीगढ़। हरियाणा सरकार ने हरियाणा सुशासन पुरस्कार योजना-2026 के तहत आवेदन एवं नामांकन जमा करवाने की अंतिम तिथि 30 नवंबर, 2026 तक बढ़ा दी है। इसके बाद ऑनलाइन पोर्टल बंद कर दिया जाएगा। इस संबंध में मुख्य सचिव श्री अनुराग रस्तोगी द्वारा सभी प्रशासनिक सचिवों, विभागाध्यक्षों, बोर्डों एवं निगमों के प्रबंध निदेशकों व मुख्य प्रशासकों, मंडल आयुक्तों, उपायुक्तों तथा विश्वविद्यालयों के रजिस्ट्रारों को निर्देश जारी किए गए हैं। निर्देशों के अनुसार, सभी प्रशासनिक सचिवों के लिए अपने-अपने लॉगिन क्रेडेंशियल के माध्यम से पोर्टल पर सभी राज्य स्तरीय पुरस्कारों, जिनमें फ्लैगशिप पुरस्कार और राज्य पुरस्कार शामिल हैं, को अपनी संस्तुति एवं टिप्पणियों सहित अपलोड करना अनिवार्य होगा। हरियाणा सुशासन पुरस्कार योजना-2026 से संबंधित विस्तृत जानकारी मुख्य सचिव कार्यालय की वेबसाइट पर उपलब्ध है।

मुख्यमंत्री नायब सैनी ने कैबिनेट मंत्री विपुल गोयल से वापस लिया उड्डयन विभाग

अब खुद संभालेंगे,विधानसभा के विशेष सत्र के बीच अधिसूचना आने से मची हलचल

ओपन सर्च/ब्यूरो

चंडीगढ़। हरियाणा विधानसभा के विशेष सत्र के बीच एक नाटकीय घटनाक्रम में कैबिनेट मंत्री विपुल गोयल से नागरिक उड्डयन विभाग वापस ले लिया गया। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी स्वयं इस विभाग को संभालेंगे।

मुख्यमंत्री के पास अब 14 विभागों का कार्यभार होगा, जबकि विपुल गोयल के पास तीन से घटकर दो विभाग रह गए। विपुल गोयल अब शहरी निकाय और राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग संभालेंगे। अग्निशमन विभाग शहरी निकाय का हिस्सा है, जबकि आपदा प्रबंधन राजस्व विभाग का हिस्सा है।

हरियाणा सरकार की ओर से विपुल गोयल से नागरिक उड्डयन विभाग वापस लेने संबंधी अधिसूचना पर 25 नवंबर की तारीख है, जबकि यह पत्र 26 नवंबर को उस समय सामने आया, जब संविधान दिवस पर हरियाणा विधानसभा का विशेष सत्र संचालित हो रहा था और विपुल गोयल समेत सभी मंत्री सदन की कार्यवाही में हिस्सा ले रहे थे।



प्रदेश की राजनीति में लंबे समय से मंत्रिमंडल में बदलाव की अटकलें चल रही थीं। मंत्रिमंडल में बदलाव तो अभी नहीं हुआ, लेकिन कैबिनेट मंत्री विपुल गोयल से एक विभाग वापस लेने के घटनाक्रम ने इन अटकलों को फिर से हवा दे दी। इस पूरे घटनाक्रम के दौरान विपुल गोयल विधानसभा में ही मुख्यमंत्री की सीट पर उनसे बात करते नजर आए।

राजनीतिक गलियारों में चर्चा चल पड़ी कि निकट भविष्य में किसी भी समय हरियाणा मंत्रिमंडल में कुछ बदलाव और हो सकते हैं। विपुल गोयल से नागरिक उड्डयन विभाग वापस लेने से तीन दिन पहले ही मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी नई दिल्ली में केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल से मिलकर आए हैं।

पिछली भाजपा सरकार में मनोहर लाल के मुख्यमंत्री रहते कैबिनेट मंत्री अनिल विज से सीआईडी विभाग वापस लिया गया था। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व वाली सरकार में यह पहला राजनीतिक घटनाक्रम है, जिससे बाकी मंत्रियों में भी बेचैनी की स्थिति पैदा हो गई। शहरी निकाय मंत्री के नाते विपुल गोयल ने हाल ही में केंद्र सरकार से स्वच्छता पुरस्कार प्राप्त किए हैं।

नागरिक उड्डयन विभाग में इस समय कई परियोजनाओं पर काम चल रहा था। विपुल गोयल साल 2016 में तत्कालीन मुख्यमंत्री मनोहर लाल के नेतृत्व वाली सरकार में पहली बार मंत्री बने थे। 2019 में उन्हें फरीदाबाद से टिकट नहीं मिला था, लेकिन वे तब भी भाजपा में बने रहे।

साल 2024 में दूसरी बार विधायक बने और मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के मंत्रिमंडल में दूसरी बार कैबिनेट मंत्री बने। नायब मंत्रिमंडल में 11 कैबिनेट मंत्री और दो राज्य मंत्री हैं।

अंतरराष्ट्रीय व्यापार मेला: महज 23 साल की उम्र में टीना ने बनाए दो ब्रांड

फैमिली च्वायस और भूना नाम से चल रहे दोनों ब्रांड, मसाले, भूने हुए स्नैक्स हैं खास

ओपन सर्च/ब्यूरो

चंडीगढ़। अंतरराष्ट्रीय व्यापार मेले में बनाए गए हरियाणा पवेलियन में इस बार 23 वर्षीय युवा उद्यमी टीना जैन का स्टॉल लोगों के आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। इतनी कम उम्र में दो ब्रांड खड़े कर चुकीं टीना जैन अपने स्टॉल पर मसाले और गुड़-चना प्रदर्शित कर रही हैं। मेले में आने वाले लोगों से उन्हें बहुत अच्छा रिस्पॉन्स मिल रहा है। उन्होंने एक युवा उद्यमी के रूप में पहचान बनाई है। टीना जैन ने बताया कि करीब तीन साल पहले, जब वे 20 वर्ष की थीं, तब उनके मन में ब्रांड बनाने का विचार आया। उस समय उनके पिता मूंगफली ट्रेडिंग का काम करते थे। इसी पृष्ठभूमि के बीच परिवार में अपना ब्रांड लाने का विचार आया। तब उन्होंने मसाले, मूंगफली और गुड़ चने जैसे उत्पादों को ध्यान में रखकर ब्रांड की शुरूआत की। इसी सोच के साथ उन्होंने एफएसएससी (FSSC) वर्जन-6 लीड ऑडिटर का कोर्स किया और फूड सेफ्टी की बारीकियों को समझा। उन्होंने बताया कि इस पढ़ाई के बाद उन्हें साफ समझ आया कि पैकेट पर छपे लेबल और भीतर मौजूद उत्पाद के बीच काफी अंतर होता है। इसी अंतर को दूर करने के उद्देश्य से उन्होंने अपना ब्रांड लॉन्च किया।



पापा ने हर कदम पर साथ दिया

टीना जैन ने बताया कि उनके पिता ने इस सफर में पूरा सहयोग किया। उनके सहयोग से उन्होंने ग्रोसरी ब्रांड "फैमिली च्वाइस" की शुरुआत की। इसके बाद करीब एक महीने पहले उन्होंने रोस्टेड स्नैक्स का नया ब्रांड "भुना" लॉन्च किया। टीना जैन के अनुसार भुना की सबसे बड़ी पहचान यही है कि इसके स्नैक्स वास्तव में रोस्टेड हैं, केवल दावे तक सीमित नहीं। उन्होंने बताया कि ट्रेड फेयर में प्रदर्शनी के दौरान उन्हें बहुत अच्छा रिस्पॉन्स मिल रहा है। उनके स्टॉल पर आने वाले लोग उत्पादों की गुणवत्ता को समझ रहे हैं, उसे पसंद कर रहे हैं और बाजार में उपलब्ध अन्य उत्पादों तथा उनके उत्पादों के बीच का अंतर भी महसूस कर रहे हैं। अपनी सूझबूझ, सीखने की लगन और परिवार के सहयोग से टीना जैन ने यह साबित किया है कि उम्र नहीं, बल्कि सोच और मेहनत किसी भी उद्यम की नींव होती है। हरियाणा पवेलियन में उनका स्टॉल प्रदेश की युवा पीढ़ी के लिए प्रेरणा का उदाहरण बनकर उभरा है।

नाइट क्लब में बाउंसरों ने युवक को बेरहमी से पीटा

ओपन सर्च/ विशेष संवाददाता सतबीर भारद्वाज

गुरुग्राम। साइबर सिटी के नाइट क्लबों में विवाद और मारपीट की घटनाएं थमने का नाम नहीं ले रही हैं। पिछले दिनों ब्रिस्टल होटल स्थित वाका-वाका नाइट क्लब में हुई मारपीट का मामला अभी ठंडा भी नहीं पड़ा था कि इसी क्लब में एक बार फिर युवक के साथ बेरहमी से मारपीट किए जाने का आरोप लगा है। आरोप है कि क्लब में हुए विवाद के बाद आनंद यादव और बाउंसरों ने युवक को जमकर पीटा और जान से मारने की धमकी भी दी। मामले में डीएलएफ फेज-1 थाना पुलिस ने शिकायत के आधार पर केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।



जानकारी के मुताबिक, ट्यूलिप वायलेट सोसाइटी निवासी हिमांशु वर्मा 20 नवंबर को ब्रिस्टल होटल स्थित वाका-वाका नाइट क्लब में गए थे। आरोप है कि क्लब के अंदर किसी बात को लेकर उनका विवाद हो गया। इसके बाद आनंद यादव और क्लब के बाउंसरों ने उनके साथ मारपीट शुरू कर दी। आरोपियों ने उन्हें बेरहमी से पीटा, जिससे वह घायल हो गए। इतना ही नहीं, मारपीट के बाद आरोपियों द्वारा उन्हें जान से मारने की धमकी देने का भी आरोप है। घटना के बाद घायल हिमांशु को अस्पताल में भर्ती कराया गया और पुलिस को शिकायत दी गई। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत के आधार पर भारतीय न्याय संहिता की धारा 115, 117(2), 126, 3(5) और 351(3) के तहत मामला दर्ज कर लिया है। हालांकि, डीएलएफ फेज-1 थाना पुलिस इस मामले में फिलहाल ज्यादा जानकारी देने से बच रही है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि अभी यह स्पष्ट नहीं हो पाया है कि क्लब में विवाद किस बात को लेकर शुरू हुआ था। जांच के लिए दोनों पक्षों को बुलाया गया है। जांच में सामने आने वाले तथ्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। गौरतलब है कि ब्रिस्टल होटल स्थित वाका-वाका नाइट क्लब पहले भी मारपीट की घटना को लेकर सुर्खियों में रहा है। पिछले दिनों भी क्लब में मारपीट का मामला सामने आया था, जिसमें पुलिस ने शिकायत के आधार पर केस दर्ज किया था।

13वीं जिला स्तरीय तीरंदाजी चैंपियनशिप सराय गांव में सफलतापूर्वक संपन्न

रिकर्व एवं कंपाउंड वर्ग के छह आयु वर्गों में बालक-बालिका खिलाड़ियों ने साधा सटीक निशाना, मुख्य अतिथि राकेश चौहान ने किया शुभारंभ

ओपन सर्च/ विशेष संवाददाता सतबीर भारद्वाज



गुरुग्राम। गुरुग्राम आर्चरी एसोसिएशन द्वारा आयोजित 13वीं जिला स्तरीय तीरंदाजी चैंपियनशिप आज खेल परिसर, कम्युनिटी सेंटर, सराय गांव, गुरुग्राम में सफलतापूर्वक संपन्न हुई। प्रतियोगिता में रिकर्व एवं कंपाउंड वर्ग के अंतर्गत अंडर-10, अंडर-13, अंडर-15, सब-जूनियर, जूनियर एवं सीनियर सहित कुल छह आयु वर्गों में बालक एवं बालिका खिलाड़ियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतियोगिता का शुभारंभ मुख्य अतिथि श्री राकेश चौहान जी द्वारा किया गया। इस अवसर पर सराय गांव के आरडब्ल्यूए एवं खेल परिसर से जुड़े गणमान्य व्यक्ति श्री सतबीर कटारिया जी, श्री बलवान जी, श्री सतपाल यादव जी, श्री विकास नागपाल जी, श्री सतीश जी, श्री भगवत सिंह जी सहित गुरुग्राम के कोच श्री सत्य प्रकाश जी एवं श्री मनोज जी विशेष रूप से उपस्थित रहे। सभी अतिथियों ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। प्रतियोगिता में खिलाड़ियों ने अपनी प्रतिभा, अनुशासन एवं खेल भावना का शानदार प्रदर्शन किया।

प्रतियोगिता के आज के परिणाम निम्नलिखित हैं: यहां रिकर्व एवं कंपाउंड वर्ग के बालक एवं बालिका खिलाड़ियों के परिणाम जोड़े जाएंगे। गुरुग्राम आर्चरी एसोसिएशन सभी खिलाड़ियों, कोचों, तकनीकी अधिकारियों एवं आयोजन में सहयोग देने वाले सभी गणमान्य व्यक्तियों का आभार व्यक्त करती है, जिनके सहयोग से प्रतियोगिता सफलतापूर्वक संपन्न हुई।

एमजी हेक्टर गाड़ी ने नई एक्सयूवी कार व सकोर्पियो में मारी टक्कर, पुलिस जांच में जुटी



ओपन सर्च/ विशेष संवाददाता सतबीर भारद्वाज

गुरुग्राम। गुरुग्राम के बादशाहपुर थाना क्षेत्र के गांव दरबारीपुर स्थित विक्टोरिया सोसाइटी के पास एक तेज रफ्तार एमजी हेक्टर गाड़ी से सड़क पर उत्पात मचाने का मामला सामने आया है। अनियंत्रित हेक्टर गाड़ी से पहले तुलिप मंदिर में पूजा करवाने आई एक नई महिंद्रा एक्सयूवी-700 कार में जोरदार टक्कर मारी और फिर वहां से भागने के चक्कर में एक स्कॉर्पियो गाड़ी से भी भिड़ा दी। इस भीषण टक्कर में तीनों गाड़ियां बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गईं। हालांकि गनीमत रही कि किसी को गंभीर चोट नहीं आई।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, एक परिवार अपनी नई खरीदी हुई महिंद्रा एक्सयूवी की पूजा करवाने के लिए दरबारीपुर स्थित तुलिप मंदिर के पास आया था। इसी दौरान एक तेज रफ्तार एमजी हेक्टर गाड़ी के चालक ने गाड़ी से नियंत्रण खो दिया और खड़ी एक्सयूवी में सीधी टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि नई एक्सयूवी का हिस्सा बुरी तरह पिचक गया। हादसे के तुरंत बाद आरोपी हेक्टर चालक ने रुकने के बजाय गाड़ी की रफ्तार और बढ़ा दी। मौके से भागने की हड़बड़ी में उसने आगे चल रही एक महिंद्रा स्कॉर्पियो में भी टक्कर मार दी। एक के बाद एक हुई दो टक्करों से सड़क पर तेज धमाके की आवाज गूंजी और आसपास के इलाके में अफरा-तफरी मच गई। वहीं इस दौरान राहगीर और स्थानीय निवासी तुरंत मदद के लिए दौड़े।

राहगीरों ने पीछा कर आरोपी कार चालक को पकड़ा

हादसे के बाद जब आरोपी चालक ने भागने की कोशिश की, तो वहां मौजूद सतर्क लोगों और राहगीरों ने पीछा कर कुछ ही दूरी पर एमजी हेक्टर को घेर लिया और आरोपी ड्राइवर को पकड़ लिया। गुस्साए लोगों ने चालक को मौके पर ही रोककर पुलिस को सूचना दी।

महिलाओं की चेन झपटकर दिल्ली भाग जाने वाले दो स्नचेर गिरफ्तार

ओपन सर्च/ विशेष संवाददाता सतबीर भारद्वाज

गुरुग्राम। दिल्ली से गुरुग्राम आकर महिलाओं से चेन झपटने के दो आरोपियों को पालम विहार क्राइम ब्रांच ने गिरफ्तार किया है। आरोपी शाम के वक्त अकेली घूमने वाली महिलाओं से लूट और स्नेचिंग की वारदातों को अंजाम देते और वारदात के बाद बॉर्डर पार कर वापस दिल्ली भाग जाते थे। आरोपियों की पहचान ललित उर्फ मोटा और विनय के रूप में हुई है। दोनों दिल्ली के नजफगढ़ के रहने वाले हैं। पुलिस की प्रारंभिक पूछताछ में आरोपियों के खिलाफ हत्या के प्रयास, लूट और स्नेचिंग सहित करीब 25 मुकदमे दर्ज होने की जानकारी सामने आई है। पुलिस ने वारदात में इस्तेमाल की गई बाइक भी बरामद कर ली है। एसीपी क्राइम इंडीवर के मुताबिक, 11 नवंबर को पालम विहार इलाके में एक महिला के साथ लूट की वारदात हुई थी। मामले की जांच करते हुए पुलिस ने 25 नवंबर को ललित उर्फ मोटा को गिरफ्तार किया। उससे पूछताछ के आधार पर 26 नवंबर को उसके साथी विनय को भी दबोच लिया गया। जांच में सामने आया कि दोनों आरोपी दिल्ली के नजफगढ़ से गुरुग्राम आते थे और खासतौर पर बॉर्डर के आसपास के इलाकों में महिलाओं को निशाना बनाते थे। वारदात को अंजाम देने के बाद दोनों बाइक से वापस दिल्ली फरार हो जाते थे, जिससे पुलिस की पकड़ से बच सकें। पुलिस पूछताछ में सामने आया कि दोनों आरोपी हत्या के प्रयास, लूट और स्नेचिंग जैसी संगीन वारदातों में संलिप्त रहे हैं। इनके खिलाफ अलग-अलग मामलों में करीब 25 मुकदमे दर्ज हैं। पुलिस के मुताबिक, दोनों आरोपी ज्यादातर मामलों में जमानत पर जेल से बाहर थे। आरोपियों के कब्जे से वारदात में इस्तेमाल की गई बाइक बरामद कर ली गई है। पुलिस ने दोनों आरोपियों को अदालत में पेश कर रिमांड पर लिया है। अब उनसे पूछताछ कर गुरुग्राम में की गई अन्य वारदातों, उनके साथियों और आपराधिक नेटवर्क के बारे में जानकारी जुटाई जा रही है। पुलिस को उम्मीद है कि पूछताछ के दौरान स्नेचिंग की कई अन्य वारदातों का भी खुलासा हो सकता है।



शहीदों की बदौलत ले रहे है खुली हवा में सांस : भाजपा नेता गंगादान डागर

ओपन सर्च/ वरिष्ठ संवाददाता उमेश गुप्ता

सोहना। मुम्बई हमलों की 18वीं बरसी पर इस हादसे में अकाल मौत का ग्रास बने मृतकों को श्रद्धांजलि अर्पित करने के लिए बृहस्पतिवार को श्रद्धांजलि अर्पण कार्यक्रम का आयोजन गांव खेड़ाखलीलपुर स्थित ग्रीनफ्लावर सीनियर सैकेंडरी विद्यालय प्रांगण में हुआ। श्रद्धांजलि कार्यक्रम में उपस्थितों के बीच मुख्य वक्ता रूप में बोलते हुए सत्पुरुष कबीर साहब मानव कल्याण समिति अध्यक्ष तथा सतगुरू कबीर वंशावली मिशन धर्मनगर दामाखेड़ा के जनपद प्रतिनिधि मास्टर गंगादान डागर ने श्रद्धांजलि सभा में मृतकों को अपने श्रद्धासुमन अर्पित किए। श्रद्धांजलि अर्पण के बाद उपस्थितों के बीच बोलते हुए उन्होने कहा कि देश में उग्रवाद के समूल खात्मे के लिए पूर्व में लागू रहे पोटा जैसे कानून को तत्काल लागू किया जाना चाहिए। उन्होने कहा कि हम उन परिवारों के साथ शोकाकुल है, जिनके अपने इस आतंकी हमले में हमेशा के लिए बिछुड़ गए। उन्होने कहा कि मैं उन सुरक्षाकर्मियों की भी शहादत को सलाम करता हूं, जिन्होने हैवानियत से लड़ते हुए अपनी जान कुर्बान कर दी। उन्होने कहा कि देश की जनता वर्ष-2008 के उस दिन की वारदात की याद आने पर आज भी सिहर उठती है, जब लश्कर-ए-तैएबा के दस आतंकियों ने समुद्र के रास्ते मुंबई में घुसकर ताज होटल में जो खून का तांडव खेला, उसे सुनकर आज भी लोगों के रोंगटे खड़े हो जाते है। विद्यालय निर्देशक ललित डागर ने बताया कि इस मौके पर उपस्थितों के बीच मुख्य वक्ता रूप में बोलते हुए सत्पुरुष कबीर साहब मानव कल्याण समिति अध्यक्ष तथा सतगुरू कबीर वंशावली मिशन धर्मनगर दामाखेड़ा के जनपद प्रतिनिधि मास्टर गंगादान डागर ने बताया कि इस हमले में 166 लोगों की जान हमलों ने ले ली और पुलिस व सेना ने बहादुरी दिखाते हुए तत्काल आतंकियों को घेर एक बड़ी कार्रवाई करते हुए 9 आतंकियों को मौके पर ही ढेर कर दिया था। एक आतंकी अजमल कसाब जिंदा पकड़ा गया था। जिसे बाद में फांसी दी गई। इस हमले की वर्षगांठ पर पूरा देश हमले में प्रभावित लोगों के साथ खड़ा नजर आ रहा है। देशवासी अपने-अपने तरीकों से हमले में मारे गए लोगों तथा शहीद हुए सैनिकों को याद कर रहे है। उन्होने हमले में शहीद हुए लोगों को श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि हमें आतंकवाद से डटकर मुकाबले करना होगा व आतंकवाद को खत्म करके अपने देश को सुरक्षित बनाना होगा।

एसटीएफ ने 70 लाख रुपए के गांजे की खेप लेकर जा रहे दो तस्कर दबोचे

-ओडिशा से लाई गई थी नशे की खेप, राजस्थान में होनी थी सप्लाई

ओपन सर्च/ विशेष संवाददाता सतबीर भारद्वाज



गुरुग्राम। स्पेशल टास्क फोर्स (एसटीएफ) की सेंट्रल यूनिट ने सोहना-बल्लभगढ़ रोड पर दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे के नजदीक गांव सांचोली में एक ट्रक से करीब 371.680 किलोग्राम गांजा बरामद किया है। बरामद गांजे की बाजार में खुदरा कीमत करीब 70 लाख रुपये बताई जा रही है। पुलिस ने मौके से दो तस्करों को गिरफ्तार किया है। प्रारंभिक पूछताछ में खुलासा हुआ कि आरोपी गांजे की यह खेप ओडिशा से लेकर आए थे और इसे राजस्थान में सप्लाई किया जाना था। पुलिस अब इस पूरे तस्करी नेटवर्क की कड़ियां जोड़ने में जुटी है।

पुलिस के मुताबिक, एसटीएफ की सेंट्रल यूनिट को सूचना मिली थी कि ट्रक के जरिए नशीले पदार्थों की बड़ी खेप लाई जा रही है। सूचना के आधार पर बुधवार देर शाम टीम ने सोहना-बल्लभगढ़ रोड पर गांव सांचोली के पास नाकाबंदी कर राजस्थान नंबर के एक ट्रक को रुकवाया। तलाशी लेने पर ट्रक में रखे 19 कट्टों से 371.680 किलोग्राम गांजा बरामद हुआ। इसके बाद टीम ने ट्रक में सवार दोनों आरोपियों को हिरासत में ले लिया। उनकी पहचान राजस्थान के चूरू निवासी सज्जन और राम सिंह के रूप में हुई है।

ओडिशा से लाए थे खेप, राजस्थान में होनी थी सप्लाई:

प्रारंभिक पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि वे गांजे की यह खेप ओडिशा से लेकर आए थे और इसे राजस्थान में सप्लाई किया जाना था। पुलिस के अनुसार, बरामद गांजे की खुदरा बाजार में कीमत करीब 70 लाख रुपये है। इतनी बड़ी मात्रा में गांजे की बरामदगी के बाद स्ज्जस्न अब यह पता लगाने में जुटी है कि तस्करी के इस नेटवर्क में और कौन-कौन लोग शामिल हैं तथा खेप किसके पास पहुंचाई जानी थी।

मामले में सोहना सदर थाना पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की धारा 20(सी), 61 और 85 के तहत केस दर्ज कर उन्हें गिरफ्तार कर लिया है। आरोपियों को अदालत में पेश कर पुलिस रिमांड पर लेने की प्रक्रिया की जा रही है। अब जांच एजेंसियां ओडिशा में गांजे की सप्लाई करने वाले व्यक्ति से लेकर राजस्थान में इसकी डिलीवरी लेने वाले नेटवर्क तक पहुंचने का प्रयास कर रही हैं। पुलिस का कहना है कि रिमांड के दौरान पूछताछ और जांच में सामने आने वाले तथ्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

गोल्फ कोर्स रोड बनी स्टंटबाजों का अड्डा, रात को डिफेंडर से तो दिन में ट्रैक्टर का स्टंट



ओपन सर्च/ विशेष संवाददाता सतबीर भारद्वाज

गुरुग्राम। शहर के गोल्फ कोर्स रोड पर वाहन चालकों की स्टंटबाजी थमने का नाम नहीं ले रही है। यहां अब सिर्फ लग्जरी गाडिय़ों के चालक ही नहीं, बल्कि ट्रैक्टर चालक भी सडक़ों को स्टंट का मैदान बनाने में जुटे हैं। हैरानी की बात यह है कि रात के अंधेरे में लग्जरी डिफेंडर गाड़ी का चालक डिवाइडर फांदकर लेन बदलता नजर आया तो दिन के उजाले में एक ट्रैक्टर चालक ने भी इसी खतरनाक करतब को दोहरा दिया। दोनों घटनाओं के वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद यातायात व्यवस्था और सडक़ सुरक्षा को लेकर सवाल खड़े हो गए हैं। जानकारी के मुताबिक, पहला वीडियो बुधवार रात का है। जिसे एक युवक ने सोशल मीडिया पर पोस्ट किया है। उन्होंने सेक्टर-54 रैपिड मेट्रो स्टेशन के पास इस नजारे को अपने कैमरे में कैद किया। वीडियो में साफ दिखाई दे रहा है कि गोल्फ कोर्स रोड पर दौड़ रही डिफेंडर गाड़ी का चालक अचानक लेन बदलने के लिए डिवाइडर के ऊपर से गाड़ी निकाल देता है। तेज रफ्तार में किया गया यह खतरनाक करतब किसी बड़े हादसे की वजह बन सकता था। चालक की इस लापरवाही से न केवल उसकी, बल्कि सडक़ पर चल रहे दूसरे वाहन चालकों की जान भी खतरे में पड़ सकती थी।

अभी डिफेंडर के स्टंट का मामला चर्चा में ही था कि वीरवार दोपहर गोल्फ कोर्स रोड से एक और हैरान करने वाला वीडियो सामने आ गया। इस बार सडक़ पर कोई लग्जरी गाड़ी नहीं, बल्कि एक ट्रैक्टर डिवाइडर फांदकर लेन बदलता दिखाई दिया। वीडियो में ट्रैक्टर चालक कुछ दूरी तक एक तरफ के पहियों को डिवाइडर के दूसरी ओर रखते हुए दोनों तरफ की सडक़ों पर वाहन चलाता नजर आ रहा है। इस खतरनाक हरकत को देखकर सडक़ पर चल रहे अन्य वाहन चालकों की सुरक्षा को लेकर गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं। सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल होते ही गुरुग्राम ट्रैफिक पुलिस ने दोनों मामलों का संज्ञान लिया है। पुलिस की ओर से दोनों घटनाओं में कार्रवाई शुरू कर दी गई है।

भक्त श्री रविदास जी की शोभायात्रा का समालखा में भव्य स्वागत, संगत पर की पुष्प वर्षा

ओपन सर्च/ मनदीप कुमार

समालखा। शिरोमणि भक्त श्री रविदास जी के आगमन कीर्तन दिवस के उपलक्ष्य में निकाली गई कीर्तन नगर शोभायात्रा गुरुद्वारा श्री गुरु गोबिंद सिंह साहिब पहुंची। यहां पहुंचने पर गुरुद्वारा कमेटी मॉडल टाउन के प्रधान जगतार सिंह बिल्ला और गुरुद्वारा साहिब जीटी रोड कमेटी के प्रधान गोपाल सिंह सहित कमेटी सदस्यों ने शोभायात्रा में शामिल संगत का पुष्प वर्षा कर भव्य स्वागत किया। इस अवसर पर गुरुद्वारा कमेटी मॉडल टाउन के प्रधान जगतार सिंह बिल्ला ने कहा कि भक्त श्री रविदास जी की वाणी समाज को प्रेम, समानता, सद्भाव और भाईचारे का संदेश देती है। उन्होंने बताया कि गुरु ग्रंथ साहिब में भक्त रविदास जी की वाणी दर्ज है,



जिसे पांचवें गुरु श्री गुरु अर्जन देव जी ने गुरु ग्रंथ साहिब में शामिल किया था। भक्त रविदास जी की शिक्षाएं आज भी समाज को एकता और मानवता के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देती हैं। उन्होंने कहा कि संतों और गुरुओं की शिक्षाओं को जीवन में अपनाकर समाज में आपसी प्रेम और सद्भाव को मजबूत किया जा सकता है। ऐसे धार्मिक आयोजन नई पीढ़ी को अपनी संस्कृति, परंपराओं और आध्यात्मिक विरासत से जोड़ने का महत्वपूर्ण माध्यम हैं। शोभायात्रा में शामिल संगत ने श्रद्धा और उत्साह के साथ गुरु रविदास जी के संदेशों का स्मरण किया। गुरुद्वारा परिसर में श्रद्धालुओं के पहुंचने पर स्वागत का माहौल रहा और उपस्थित लोगों ने धार्मिक आयोजन में बढ़-चढ़कर सहभागिता की। शोभायात्रा के स्वागत अवसर पर गुरुवंत सिंह, सुदेश सिंह, कुलदीप सिंह, सतनाम सिंह, ओमप्रकाश मल्होत्रा, गुरमीत सिंह, भूषण सिंह सहित अन्य श्रद्धालु एवं कमेटी सदस्य उपस्थित रहे।

- **गुरुद्वारा मॉडल टाउन व जीटी रोड कमेटी के पदाधिकारियों ने किया स्वागत, गुरु रविदास जी की वाणी को बताया समानता और भाईचारे का संदेश**

शहीदों के जीवन से प्रेरणा ले देशवासी : भाजपा नेता राकेश जैन

ओपन सर्च/ वरिष्ठ संवाददाता उमेश गुप्ता



सोहना। मुम्बई में हुए आतंकी हमले की बरसी पर शहीदों की शहादत को नमन करने के लिए यहां पर वार्ड-पांच स्थित राजेश खुराना के कार्यालय पर बृहस्पतिवार को कार्यक्रम का आयोजन हुआ। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता रूप में बोलते हुए हरियाणा भाजपा के वरिष्ठ नेता तथा श्री शांति सागर कन्या महाविद्यालय प्रबंधन समिति चेयरमैन राकेश जैन झिरकिया ने मुंबई में आज ही के दिन वर्ष-2008 में आतंकी हमले में मारे गए लोगों को मौजूद लोगों ने 2 मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित की और उपस्थितों को आतंकवाद के विरूद्ध लडऩे की शपथ दिलाते हुए कहा कि देश की एकता, अखंडता को बनाए रखने और आतंकवाद के खिलाफ हम सबको एकजुट रहना होगा। तभी हम दुश्मनों के इरादों को नेस्तनाबूद कर पाएंगे। उन्होने कहा कि आजादी हमें मुफ्त में नही मिली है। पहले भी देश को आजाद कराने के लिए अनगिनत शहीदों ने अपना बलिदान दिया है और आजादी के बाद देश की सरहदों को सुरक्षित रखने के लिए वीर जवानों ने वक्त-वक्त पर अपनी शहादत दी है। भाजपा नेता राकेश जैन झिरकिया ने मौजूद लोगों को भारतीय संविधान दिवस की बधाई देते हुए संविधान में हर नागरिक को मिले मूलभूत अधिकारों से भी विस्तार से अवगत कराया और कहा कि संविधान के प्रति देश के प्रत्येक व्यक्ति को जागरूक होना चाहिए और जागरूकता तभी संभव है।

सौर ऊर्जा अपनाकर बिजली बिल कम करने का मिलेगा अवसर, 29 नवंबर को करनाल में लगेगी विशेष प्रदर्शनी

हरियाणा ग्रीन एनर्जी रोडशो के तहत महाराजा अग्रसेन भवन में जुटेंगी देश की प्रमुख सोलर कंपनियां, आमजन को मिलेगी सोलर योजनाओं एवं तकनीकों की जानकारी

ओपन सर्च / प्रदीप मैहता



करनाल। हरियाणा सरकार के ऊर्जा एवं परिवहन विभाग द्वारा सह-आयोजित हरियाणा ग्रीन एनर्जी रोडशो-2026 के तहत आगामी 29 नवंबर, रविवार को सुबह दस बजे से सांय पाँच बजे तक अग्रसेन भवन करनाल में विशेष सोलर प्रदर्शनी का आयोजन किया जाएगा। इस प्रदर्शनी में देश की प्रमुख सोलर कंपनियां अपने उत्पादों, सेवाओं और आधुनिक तकनीकों का प्रदर्शन करेंगी। प्रदर्शनी के माध्यम से आम नागरिकों को सौर ऊर्जा अपनाने तथा बिजली खर्च में कमी लाने के विभिन्न विकल्पों की जानकारी मिलेगी।

प्रदर्शनी में लोग सोलर कंपनियों के प्रतिनिधियों से सीधे संवाद कर घरों में रूफटॉप सोलर सिस्टम लगवाने, सोलर पैनल, इन्वर्टर, बैटरी तथा किसानों के लिए सोलर पंप से संबंधित जानकारी प्राप्त कर सकेंगे। इसके अलावा केंद्र सरकार की प्रधानमंत्री सूर्य घर: मुफ्त बिजली योजना (PM Surya Ghar: Muft Bijli Yojana) और प्रधानमंत्री किसान ऊर्जा सुरक्षा एवं उत्थान महाभियान (PM-KUSUM) सहित विभिन्न सरकारी योजनाओं के बारे में भी विस्तार से बताया जाएगा।

प्रदर्शनी में सोलर सिस्टम स्थापित करवाने की लागत, उपलब्ध तकनीकी विकल्पों, सरकारी सब्सिडी और अपनी आवश्यकताओं के अनुरूप उपयुक्त सोलर समाधान चुनने के बारे में विशेषज्ञों से जानकारी लेने का अवसर मिलेगा। यह आयोजन आम नागरिकों, किसानों, दुकानदारों, व्यापारियों और उद्योगपतियों के लिए विशेष रूप से उपयोगी रहेगा।

जिला प्रशासन की ओर से करनाल एवं आसपास के क्षेत्रों के नागरिकों, किसानों और व्यापारियों से अपील की गई है कि वे इस प्रदर्शनी में अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर सौर ऊर्जा से संबंधित जानकारी प्राप्त करें तथा बिजली खर्च कम करने के लिए उपलब्ध विकल्पों का लाभ उठाएं।

भाजपा ने संविधान के सम्मान के साथ देश का गौरव विश्व पटल पर बढ़ाया : सुरेश यादव

संविधान गौरव दिवस लोकतांत्रिक मूल्यों और राष्ट्रीय प्रतिबद्धता को दोहराने का अवसरः सुरेश यादव

ओपन सर्च/ विशेष संवाददाता
सतबीर भारद्वाज



गुरुग्राम। वरिष्ठ भाजपा नेता एवं भाजपा जिला कार्यकारिणी सदस्य सुरेश यादव ने भारतीय जनता पार्टी द्वारा संविधान दिवस को संविधान गौरव दिवस के रूप में मनाए जाने पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि भारतीय संविधान हमारे लोकतंत्र की आत्मा, राष्ट्रीय एकता का आधार और देश की प्रगति का मार्गदर्शक है। संविधान के प्रति सम्मान व्यक्त करना केवल एक औपचारिक आयोजन नहीं, बल्कि लोकतांत्रिक मूल्यों, राष्ट्रीय गौरव और संवैधानिक मर्यादाओं के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराने का अवसर है। सुरेश यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दूरदर्शी एवं सशक्त नेतृत्व में केंद्र सरकार ने देश के विकास को नई गति देने के साथ-साथ अंतरराष्ट्रीय मंच पर भारत की प्रतिष्ठा और गौरव को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया है। आज भारत विश्व पटल पर एक सशक्त, आत्मविश्वासी और प्रभावशाली राष्ट्र के रूप में अपनी पहचान स्थापित कर रहा है। भाजपा ने हमेशा संविधान के सम्मान, लोकतांत्रिक मूल्यों और राष्ट्रहित को सर्वोच्च प्राथमिकता दी है। उन्होंने कहा कि संविधान दिवस के अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने विशेष लेख के माध्यम से भारतीय संविधान की शक्ति, उसकी मूल भावना और वर्तमान समय में उसकी प्रासंगिकता को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया है। पीएम ने संविधान को देश की प्रगति का मजबूत आधार बताते हुए लोकतंत्र को सशक्त बनाए रखने के लिए संवैधानिक संस्थाओं के सम्मान और उनकी गरिमा बनाए रखने पर विशेष बल दिया है। संविधान की वास्तविक शक्ति तभी बनी रह सकती है, जब देश का प्रत्येक नागरिक उसके मूल सिद्धांतों को अपने जीवन और आचरण में अपनाए।सुरेश यादव ने कांग्रेस और विपक्षी दलों पर निशाना साधते हुए कहा कि जिन राजनीतिक दलों के शासनकाल में लोकतांत्रिक मूल्यों और संवैधानिक मर्यादाओं का बार-बार उल्लंघन हुआ, वे आज संविधान बचाने के नाम पर मार्च निकालकर जनता को गुमराह करने का प्रयास कर रहे हैं। कांग्रेस का यह दोहरा राजनीतिक चरित्र जनता के सामने उजागर हो चुका है। लोकतंत्र और संविधान का सम्मान केवल नारों और प्रदर्शनों से साबित नहीं होता, बल्कि इसे अपने राजनीतिक आचरण, विचारों और कार्यशैली से प्रदर्शित करना पड़ता है। सुरेश यादव ने कहा कि भारतीय संविधान किसी एक राजनीतिक दल की विरासत नहीं, बल्कि देश के प्रत्येक नागरिक की साझा धरोहर है। इसका सम्मान करना, संरक्षण करना और इसकी मूल भावना को आने वाली पीढ़ियों तक पहुंचाना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। संविधान के आदर्शों को आत्मसात करके ही हम एक सशक्त, समरस, आत्मनिर्भर और विकसित भारत के निर्माण के संकल्प को साकार कर सकते हैं।

मिशन कैटल फ्री, सुरक्षित गुरुग्राम की दिशा में एमसीजी की प्रभावी कार्रवाई, 9 दिन में 217 पशु सुरक्षित गौशालाओं व नंदीशालाओं में पहुंचाए

ओपन सर्च/ विशेष संवाददाता
सतबीर भारद्वाज



गुरुग्राम। शहर को सुरक्षित, व्यवस्थित और कैटल फ्री बनाने के उद्देश्य से नगर निगम गुरुग्राम द्वारा चलाए जा रहे 'मिशन कैटल फ्री सुरक्षित गुरुग्राम' के तहत लगातार प्रभावी कार्रवाई की जा रही है। निगम की टीमों ने पिछले 9 दिनों में शहर के विभिन्न स्थानों पर खुले में घूम रहे 217 पशुओं को पकड़कर सुरक्षित रूप से गौशालाओं एवं नंदीशालाओं में पहुंचाया है। अभियान के तहत वीरवार को भी अलग-अलग क्षेत्रों में कार्रवाई करते हुए 26 पशुओं को पकड़ा गया।

नगर निगम की निरंतर और प्रभावी कार्रवाई का सकारात्मक असर अब धरातल पर दिखाई देने लगा है। अभियान के दौरान सामने आया है कि काफी संख्या में पशुपालकों ने अपने पशुओं को खुले में छोड़ना बंद कर दिया है और अब उन्हें अपने परिसर में ही रख रहे हैं। इससे सड़कों, बाजारों और सार्वजनिक स्थानों पर पशुओं के खुले में घूमने की समस्या को नियंत्रित करने में मदद मिल रही है।

नगर निगम द्वारा पशुपालकों को लगातार जागरूक और सचेत किया जा रहा है कि वे अपने पशुओं को किसी भी स्थिति में सड़कों, बाजारों अथवा अन्य सार्वजनिक स्थानों पर खुला न छोड़ें। पशुओं को अपने परिसर में सुरक्षित रखना उनकी जिम्मेदारी है। निगम की टीमें विभिन्न क्षेत्रों में नियमित निगरानी और कार्रवाई कर रही हैं, ताकि शहर में खुले में घूमने वाले पशुओं की समस्या का स्थायी समाधान सुनिश्चित किया जा सके।

अभियान में बाधा डालने वालों पर भी सख्ती

पशु पकड़ने की कार्रवाई के दौरान कुछ लोगों द्वारा पशुओं को भगाने अथवा निगम टीमों के कार्य में बाधा डालने के प्रयासों को भी गंभीरता से लिया जा रहा है। ऐसे मामलों में सख्ती बरती जा रही है। अभियान को सुचारू और प्रभावी ढंग से संचालित करने के लिए टीमों के साथ पर्याप्त संख्या में पुलिस बल भी तैनात किया गया है। पुलिस बल की मौजूदगी से कार्रवाई के दौरान व्यवस्था बनाए रखने में टीमों को सहयोग मिल रहा है। निगमायुक्त डॉ. पंकज ने कहा कि 'मिशन कैटल फ्री सुरक्षित गुरुग्राम' का उद्देश्य शहर की सड़कों, बाजारों और सार्वजनिक स्थानों को खुले में घूमने वाले पशुओं से मुक्त बनाना तथा नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करना है। इसके लिए नगर निगम की टीमें निरंतर अभियान चला रही हैं।

26/11 मुंबई आतंकी हमले के बलिदानियों को एडवोकेट आर. एल. शर्मा ने दी भावभीनी श्रद्धांजलि

अमेरिका सहित अंतरराष्ट्रीय समुदाय से आतंकवाद के विरुद्ध एकजुट होने का आह्वान

ओपन सर्च/ विशेष संवाददाता
सतबीर भारद्वाज



गुरुग्राम। पुलिस शहीद फाउंडेशन हरियाणा के अध्यक्ष एडवोकेट आर. एल. शर्मा ने 26/11 मुंबई आतंकी हमले की बरसी पर हमले में बलिदान हुए वीर पुलिसकर्मियों, सुरक्षा बलों के जवानों और निर्दोष नागरिकों को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

उन्होंने कहा कि 26 नवंबर 2008 का मुंबई आतंकी हमला भारतीय इतिहास का एक काला अध्याय है, जिसमें 166 निर्दोष लोगों की जान चली गई और सैकड़ों लोग घायल हुए। मुंबई पुलिस, एनएसजी और अन्य सुरक्षा एजेंसियों के जवानों ने अदम्य साहस और वीरता का परिचय देते हुए देश की रक्षा के लिए अपना सर्वोच्च बलिदान दिया। उनका बलिदान सदैव राष्ट्र को प्रेरणा देता रहेगा। पाकिस्तान की भूमिका पर बोलते हुए एडवोकेट शर्मा ने कहा कि 26/11 हमले की जांच में पाकिस्तान स्थित आतंकवादी संगठन लश्कर-ए-तैयबा और उससे जुड़े नेटवर्क की भूमिका सामने आई थी। पाकिस्तान को अपनी धरती पर सक्रिय आतंकवादी संगठनों और उन्हें संरक्षण देने वाले तत्वों के विरुद्ध ठोस एवं निर्णायक कार्रवाई करनी चाहिए। आतंकवादियों के वित्तपोषण, प्रशिक्षण और अंतरराष्ट्रीय नेटवर्क को समाप्त करना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि आतंकवाद के विरुद्ध अंतरराष्ट्रीय सहयोग महत्वपूर्ण है। 26/11 मामले में अमेरिका द्वारा डेविड हेडली से संबंधित न्यायिक कार्रवाई तथा तहव्वुर राणा का 10 अप्रैल 2025 को भारत प्रत्यर्पण अंतरराष्ट्रीय सहयोग का महत्वपूर्ण उदाहरण है। अमेरिका सहित विश्व की सभी शक्तियों को आतंकवाद के विरुद्ध समान और कठोर नीति अपनानी चाहिए। एडवोकेट शर्मा ने कहा कि भारत सरकार द्वारा अपनाई गई आतंकवाद के प्रति जीरो टॉलरेंस नीति, सीमा सुरक्षा को मजबूत करने, आतंकवादी नेटवर्क को समाप्त करने, आतंकवाद के वित्तपोषण पर रोक लगाने और सुरक्षा एजेंसियों के बीच समन्वय बढ़ाने के प्रयास सराहनीय हैं।

संविधान दिवस पर विधायक मुकेश शर्मा ने डॉ. बाबासाहेब अंबेडकर को पुष्पांजलि अर्पित कर किया नमन

ओपन सर्च/ विशेष संवाददाता
सतबीर भारद्वाज



गुरुग्राम। संविधान दिवस के अवसर पर हरियाणा विधानसभा के एक दिवसीय विशेष सत्र के शुभारंभ से पूर्व गुरुग्राम के विधायक श्री मुकेश शर्मा ने संविधान के शिल्पकार एवं भारत रत्न डॉ. बाबासाहेब भीमराव अंबेडकर जी की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर उन्हें सादर नमन किया।

विधायक मुकेश शर्मा ने कहा कि बाबा साहेब द्वारा देश को दिया गया संविधान हमारे लोकतंत्र की आधारशिला है। यह संविधान प्रत्येक नागरिक को समानता, स्वतंत्रता और न्याय का अधिकार प्रदान करने के साथ देश की एकता और अखंडता को मजबूत करता है। उन्होंने कहा कि संविधान में निहित आदर्श और मूल्य हमें एक सशक्त, समरस एवं विकसित भारत के निर्माण की प्रेरणा देते हैं। संविधान दिवस के अवसर पर हरियाणा विधानसभा परिसर में विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान संविधान निर्माण की ऐतिहासिक यात्रा और संविधान निर्माताओं के अतुलनीय योगदान पर आधारित डॉक्यूमेंट्री भी प्रदर्शित की गई। मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी जी ने संविधान की पुस्तक पर पुष्प अर्पित किए। इस अवसर पर विधानसभा अध्यक्ष श्री हरविंदर कल्याण जी और नेता प्रतिपक्ष श्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा जी ने भी पुष्प अर्पित कर संविधान के प्रति सम्मान व्यक्त किया। विधानसभा के विशेष सत्र के दौरान गत विधानसभा सत्र से अब तक दिवंगत हुईं प्रमुख विभूतियों, प्रदेश के वीर शहीदों तथा सदन के सदस्यों के परिजनों के निधन पर शोक प्रस्ताव पढ़े गए और सभी दिवंगत आत्माओं को श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

विधायक मुकेश शर्मा ने कहा कि संविधान के प्रति सम्मान केवल एक दिन का विषय नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक का निरंतर दायित्व है। हमें संवैधानिक मूल्यों को अपने जीवन में अपनाते हुए लोकतांत्रिक व्यवस्था को और अधिक मजबूत बनाने में योगदान देना चाहिए।

संविधान की मूल भावना और कर्तव्यों का दिया गया संदेश: साढराणा स्कूल में हर्षोल्लास से मना संविधान दिवस

प्राचार्या वन्दना चोपड़ा ने विद्यार्थियों से किया लोकतांत्रिक मूल्यों व मौलिक कर्तव्यों के पालन का आह्वान, प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का भी हुआ आयोजन

ओपन सर्च/ विशेष संवाददाता
सतबीर भारद्वाज



गुरुग्राम। राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, साढराणा में 26 नवम्बर को राष्ट्रीय संविधान दिवस पूरे उत्साह और गरिमा के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्या श्रीमती वन्दना चोपड़ा ने संविधान निर्माता बाबा साहब डॉ. भीमराव अम्बेडकर के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया।

अपने संबोधन में प्राचार्या श्रीमती वन्दना चोपड़ा ने विद्यार्थियों को भारतीय संविधान के महत्व से अवगत कराया और लोकतांत्रिक मूल्यों व मौलिक कर्तव्यों का पालन करने का आह्वान किया।

कार्यक्रम में मुख्य वक्ताओं ने संविधान के विभिन्न पहलुओं पर प्रकाश डाला। राजनीतिक शास्त्र प्रवक्ता श्री महावीर प्रसाद रंगा ने संविधान निर्माण की प्रक्रिया, प्रस्तावना और नागरिकों के मौलिक अधिकारों तथा कर्तव्यों पर विस्तार से विचार रखे। इतिहास प्रवक्ता श्री राजेश नागर ने ऐतिहासिक पृष्ठभूमि और संविधान सभा के योगदान को रेखांकित करते हुए विद्यार्थियों को प्रेरक जानकारी दी। वहीं हिन्दी अध्यापक श्री सतबीर गुलिया ने संविधान की भाषा, सामाजिक समरसता और राष्ट्रीय एकता के महत्व पर अपने विचार साझा किए। इस अवसर पर विद्यार्थियों के बीच संविधान से जुड़े विषयों पर प्रश्नोतरी प्रतियोगिता भी आयोजित की गई, जिसका संचालन भूगोल प्रवक्ता श्रीमती प्रीति कादियान ने कुशलतापूर्वक किया। प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

कार्यक्रम को सफल बनाने में श्री योगेश कुमार, श्रीमती बीरमती, श्रीमती कृष्णा देवी, श्रीमती पुष्पा यादव सहित अन्य स्टाफ सदस्यों का सराहनीय सहयोग रहा। अंत में सभी ने संविधान की गरिमा बनाए रखने का संकल्प लिया।

यात्रियों से भरा तेज रफ्तार ऑटो पलटा, कंपनी कर्मी की मौत

ओपन सर्च/ विशेष संवाददाता
सतबीर भारद्वाज



गुरुग्राम। कापसहेड़ा से खांडसा स्थित कंपनी में काम करने जा रहे यात्रियों से भरा ऑटो इफको चौक के पास लेजर वैली कट पर पलट गया। हादसे में ऑटो में सवार एक कंपनी कर्मी की मौत हो गई, जबकि अन्य सवारियां भी घायल हो गईं। आरोप है कि ऑटो चालक को कई बार वाहन धीमी गति से चलाने के लिए कहा गया, लेकिन उसने किसी की बात नहीं सुनी और लगातार लापरवाही से ऑटो चलाता रहा। पुलिस ने ऑटो चालक के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पुलिस को दी शिकायत में बिहार के जमुई निवासी मो. माहिद ने बताया कि वह दिल्ली के कापसहेड़ा में किराए पर रहता है। उनका भतीजा मो. नयर खांडसा स्थित एक कंपनी में काम करता था। वह कापसहेड़ा से खांडसा स्थित एक कंपनी में काम करने के लिए ऑटो में सवार होकर जा रहा था। ऑटो में कई अन्य सवारियां भी बैठी हुई थीं। आरोप है कि चालक शुरुआत से ही ऑटो को तेज रफ्तार और लापरवाही से चला रहा था। ऑटो में बैठी सवारियों ने उसे कई बार आराम से वाहन चलाने की हिदायत दी, लेकिन चालक ने उनकी बात अनसुनी कर दी। शिकायत के मुताबिक, सुबह करीब 9 बजे ऑटो इफको चौक स्थित लेजर वैली कट के पास पहुंचा तो चालक की लापरवाही के चलते ऑटो पलट गया। हादसे में मो. नयर सहित अन्य सवारियों को चोटें आईं। मौके से गुजर रहे राहगीरों ने घायलों को सरकारी अस्पताल पहुंचाया। जहां डॉक्टरों ने मो. नयर को मृत घोषित कर दिया। वहीं, घायल सुनील कुमार को प्राथमिक उपचार के बाद दिल्ली के सफदरजंग अस्पताल रेफर कर दिया गया।

सूचना मिलने पर सेक्टर-29 थाना पुलिस अस्पताल पहुंची। पुलिस ने ऑटो चालक पर केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है। जांच अधिकारी एसआई श्याम सुंदर ने कहा कि पुलिस हादसे के कारणों और ऑटो चालक की भूमिका की जांच कर रही है। ऑटो में सवार अन्य यात्रियों के बयान और घटनास्थल से जुड़े साक्ष्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

वाहन के इंतजार में खड़े चाचा-भतीजा को तेज रफ्तार वाहन ने कुचला, चाचा की मौत

ओपन सर्च/ विशेष संवाददाता
सतबीर भारद्वाज

गुरुग्राम। सोहना रोड पर भोंडसी में तेज रफ्तार वाहन ने सडक़ किनारे खड़े होकर वाहन का इंतजार कर रहे चाचा-भतीजे को कुचल दिया। हादसे में चाचा की मौत हो गई, जबकि भतीजा घायल हो गया। वहीं हादसे को अंजाम देने के बाद आरोपी चालक वाहन सहित मौके से फरार हो गया। घायल को पहले सोहना के सिविल अस्पताल ले जाया गया, जहां से उसे उपचार के लिए आगरा रेफर कर दिया गया। पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पुलिस को दी शिकायत में उत्तर प्रदेश के मैनपुरी निवासी राजू ने बताया कि वह दिल्ली में हलवाई का काम करता है, जबकि उसका भाई अंजेश भोंडसी में ठेकेदार अवनीश के पास हलवाई का काम करता था। 25 नवंबर की रात करीब 12:05 बजे अंजेश अपने गांव के भतीजे अनुज कुमार के साथ झाडसा जाने के लिए निकला था। दोनों गुरुग्राम-सोहना रोड पर भोंडसी सरकारी स्कूल के सामने खड़े होकर वाहन का इंतजार कर रहे थे। इसी दौरान एक अज्ञात वाहन तेज रफ्तार और लापरवाही से आया और दोनों को सीधी टक्कर मार दी। हादसे के बाद वाहन चालक दोनों घायलों को सडक़ पर छोडक़र मौके से फरार हो गया। दोनों को सिविल अस्पताल सोहना पहुंचाया गया। जहां उसे पता चला कि गंभीर चोटों के कारण अंजेश की मौत हो चुकी है। वहीं, घायल अनुज को बेहतर उपचार के लिए आगरा ले जाया गया। भोंडसी थाना पुलिस ने केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। मामले की जांच कर रहे एएसआई सुनील कुमार ने कहा कि पुलिस घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज और अन्य साक्ष्यों के आधार पर टक्कर मारने वाले वाहन तथा उसके चालक की पहचान करने में जुटी है।

कृष्ण ठेकेदार ने बताया - नाली की निकासी नहीं, जोहड़ का समाधान नहीं, चारदीवारी भी नहीं हुई

ओपन सर्च/ब्यूरो



रेवाड़ी। कृष्ण ठेकेदार ने बताया कि मलेशियावास गांव में पिछले कई महीनों से नाली की निकासी पूरी तरह अवरुद्ध हो गई है। गांव की मुख्य नालियों में कचरा और गाद भर जाने के कारण गंदा पानी सड़कों और गलियों में ही जमा हो रहा है। इससे ग्रामीणों का चलना मुश्किल हो गया है तथा दुर्गंध और मच्छरों की समस्या भी लगातार बढ़ रही है। कृष्ण ठेकेदार ने बताया कि गांव के जोहड़ का पानी अब क्षमता से अधिक भर चुका है और उसके ओवरफ्लो होने से आसपास के खेतों में पानी भर गया है।

फसल को भी नुकसान हो रहा है और जलभराव के कारण गांव में बीमारियां फैलने का खतरा बढ़ गया है। कृष्ण ठेकेदार ने बताया कि जोहड़ की चारदीवारी भी नहीं हुई।* जोहड़ के आसपास कोई सुरक्षा दीवार न होने से बच्चे और पशु जोहड़ की ओर चले जाते हैं, जिससे दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। कई बार मवेशी फिसलकर गंदे पानी में फंस चुके हैं। चारदीवारी न होने से पानी चारों ओर फैलकर खेतों तक पहुंच रहा है, जिससे फसलें खराब होने का खतरा बना हुआ है। कृष्ण ठेकेदार ने बताया कि इस समस्या को लेकर कई बार सरपंच को लिखित और मौखिक शिकायत दी गई, मगर अभी तक कोई समाधान नहीं निकाला गया। ग्रामीणों ने ग्राम पंचायत में साफ-सफाई और नाली की मरम्मत की मांग की, लेकिन पंचायत की ओर से केवल आश्वासन ही मिले हैं। कृष्ण ठेकेदार ने प्रशासन से मांग की है कि जोहड़ की तत्काल सफाई कराई जाए, नालियों की मरम्मत और जोहड़ के चारों ओर पक्की चारदीवारी बनवाई जाए। कृष्ण ठेकेदार ने बताया कि मलेशियावास गांव में पिछले कई महीनों से नाली की निकासी पूरी तरह अवरुद्ध हो गई है। गांव की मुख्य नालियों में कचरा और गाद भर जाने के कारण गंदा पानी सड़कों और गलियों में ही जमा हो रहा है। इससे ग्रामीणों का चलना मुश्किल हो गया है तथा दुर्गंध और मच्छरों की समस्या भी लगातार बढ़ रही है।

कृष्ण ठेकेदार ने बताया कि गांव के जोहड़ का पानी अब क्षमता से अधिक भर चुका है और उसके ओवरफ्लो होने से आसपास के खेतों में पानी भर गया है। फसल को भी नुकसान हो रहा है और जलभराव के कारण गांव में बीमारियां फैलने का खतरा बढ़ गया है।

कृष्ण ठेकेदार ने बताया कि इस समस्या को लेकर कई बार सरपंच को लिखित और मौखिक शिकायत दी गई, मगर अभी तक कोई समाधान नहीं निकाला गया। ग्रामीणों ने ग्राम पंचायत में साफ-सफाई और नाली की मरम्मत की मांग की, लेकिन पंचायत की ओर से केवल आश्वासन ही मिले हैं।

फरीदाबाद में होगा संत शिरोमणि गरु रविदास समरसता संकल्प यात्रा का भव्य कार्यक्रम : डॉ बनवारी लाल

पूर्व मंत्री ने नूंह जिले के लोगों को यात्रा में शामिल होने का दिया निमंत्रण

ओपन सर्च/आस मोहम्मद

नूंह। गुरुवार को हरियाणा सरकार में पूर्व मंत्री रहे डॉ बनवारी लाल नूंह पहुंचे, जहां उन्होंने भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ बैठक की ओर पत्रकारों से बातचीत की। भाजपा जिला कार्यालय झिर कमल पर आयोजित प्रेस वार्ता में मीडिया को संबोधित करते हुए हरियाणा के पूर्व कैबिनेट मंत्री डॉ बनवारी लाल ने कहा कि 28 नवम्बर को फरीदाबाद में गुरु रविदास की 650वीं जन्म जयंती के उपलक्ष में समरसता संकल्प यात्रा आ रही है। उन्होंने कहा कि यात्रा को लेकर नूंह जिले के लोगों से भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ सम्मिलित होने का निमंत्रण दिया है।

उन्होंने बताया कि समरसता का सन्देश देने वाले संत शिरोमणि गुरु रविदास जी की 650वीं जन्म जयन्ती वर्ष के उपलक्ष में 16 नवम्बर को पंजाब के जालंधर जिले से भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन द्वारा समरसता संकल्प यात्रा को शुरू किया गया जो कि 25 नवम्बर को हरियाणा के यमुना नगर और कुरुक्षेत्र होते हुए 28 नवम्बर को फरीदाबाद जिले में पहुंचेगी। इस अवसर पर यात्रा के स्वागत में भव्य कार्यक्रम को देश के कानून मंत्री अर्जन राम मेघवाल संबोधित करेंगे।

डॉ बनवारी लाल ने कहा कि कुरुक्षेत्र के उमरी में भाजपा सरकार द्वारा संत शिरोमणि गुरु रविदास का भव्य स्मारक बनाया जायेगा, जिसकी घोषणा हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने एक कार्यक्रम में की



थी। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार संत महात्माओं के नाम पर प्रदेश में लगातार कार्यक्रम आयोजित कर समरसता का सन्देश दे रही है और सभी का बिना भेद भाव समान रूप से विकास कर रही है। गुरु रविदास के नाम पर प्रदेश में एक मेडिकल कॉलेज तथा अन्य कई विकास परियोजनाएं चलाई जा रही हैं।

इस दौरान मीडिया को संबोधित करते हुए जिला मीडिया प्रभारी जतिन बुसरी ने कहा कि नूंह जिले से 50 से ज्यादा बसें और 150 से ज्यादा गाड़ियों की व्यवस्था इस कार्यक्रम में सम्मिलित होने के लिए की गई है और प्रमुख कार्यकर्ताओं की ड्यूटी भी लगाई गई है। विधानसभा और मण्डल स्तर पर भी चिन्हित कार्यकर्ताओं को इंचार्ज नियुक्त किया गया है। उन्होंने आगे बताया कि गुरु रविदास का जीवन प्रेरणा दायक रहा है और भाजपा भी उन्ही के बताये रास्ते पर समाज में समरसता को विशेष महत्त्व देती है तथा कहीं भी कोई भेदभाव नहीं किया जाता है।

इस प्रेस वार्ता में जिला महामंत्री हेमराज शर्मा, जिला सचिव दिनेश नागपाल,लाजपत राय ,जिला सह-मीडिया प्रभारी जुनेद खान तथा करण सैनी ,पूर्व जिलाध्यक्ष सुरेन्द्र आर्य, नरेंद्र पटेल,जाहिद हुसैन चेयरमैन, मण्डल अध्यक्ष समय चंद, डॉ शारिक हुसैन ,ओम प्रकाश, सहित कई मुख्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

डॉ. यामिनी ने संभाला शहीद हसन खान मेडिकल कॉलेज के डायरेक्टर का कार्यभार

डॉ. मुकेश कुमार तीन साल का कार्यकाल पूरा कर अपने मूल संस्थान लौटे, डॉ. यामिनी का पिछला कार्यकाल रहा था सराहनीय

ओपन सर्च/आस मोहम्मद

नूंह। शहीद हसन खान मेवाती राजकीय मेडिकल कॉलेज, नल्हड़ में डॉ. यामिनी ने डायरेक्टर का कार्यभार संभाल लिया है। इससे पहले डायरेक्टर की जिम्मेदारी संभाल रहे डॉ. मुकेश कुमार अपना तीन साल का कार्यकाल पूरा करने के बाद अपने मूल संस्थान भगत फूल सिंह राजकीय मेडिकल कॉलेज, सोनीपत वापस चले गए हैं।

गौरतलब है कि डॉ. यामिनी इससे पहले भी शहीद हसन खान मेडिकल कॉलेज में डायरेक्टर की जिम्मेदारी संभाल चुकी हैं। उनका पिछला कार्यकाल काफी अच्छा और सराहनीय रहा था। उनके कार्यकाल के दौरान संस्थान की व्यवस्थाओं और कार्यशैली को लेकर सकारात्मक चर्चा रही थी। डॉ. यामिनी के दोबारा डायरेक्टर का पद



संभालने से मेवात क्षेत्र के लोगों को मेडिकल कॉलेज में बेहतर प्रशासनिक व्यवस्था और स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार की उम्मीद है। क्षेत्र के लोगों को उम्मीद है कि डॉ. यामिनी अपने अनुभव के आधार पर मेडिकल कॉलेज को नई ऊंचाइयों तक ले जाने और मरीजों को बेहतर चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराने की दिशा में काम करेंगी।

बीएसएनएल की सेवाओं को बेहतर बनाने पर मंथन, TAC सदस्यों ने दिए अहम सुझाव

ओपन सर्च/नरेश शर्मा

पटौदी। भारत संचार निगम लिमिटेड की सेवाओं को और अधिक बेहतर, प्रभावी एवं जनहितकारी बनाने के उद्देश्य से बुधवार, को गुरुग्राम में एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। हरियाणा के प्रधान महाप्रबंधक श्री पूरन चंद की अध्यक्षता में आयोजित इस बैठक में भारत सरकार की दूरसंचार सलाहकार समिति के सदस्यों सहित बीएसएनएल के वरिष्ठ अधिकारियों ने भाग लिया। बैठक में दूरसंचार सेवाओं की गुणवत्ता, नेटवर्क विस्तार, निर्बाध कनेक्टिविटी और आम उपभोक्ताओं को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों पर विस्तार से विचार-विमर्श किया गया। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में भारत सरकार के दूरसंचार सलाहकार समिति के सदस्य विक्रम सिंह लोकरी, अमित यादव, जसवंत सिंह एवं अली शेर उपस्थित रहे। इसके अलावा बीएसएनएल हरियाणा के सभी उप महाप्रबंधक विभिन्न इकाइयों के सीईओ तथा अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी बैठक में शामिल हुए।



बैठक के दौरान बीएसएनएल की वर्तमान कार्यप्रणाली और उपभोक्ताओं को उपलब्ध कराई जा रही दूरसंचार सेवाओं की समीक्षा की गई। इस दौरान इस बात पर विशेष जोर दिया गया कि बदलते तकनीकी दौर में उपभोक्ताओं की जरूरतों के अनुरूप नेटवर्क को मजबूत किया जाए, ताकि शहरी क्षेत्रों के साथ-साथ ग्रामीण इलाकों में भी लोगों को बेहतर संचार सुविधाएं मिल सकें।

इस अवसर पर TAC सदस्य विक्रम सिंह लोकरी ने अपने विचार रखते हुए कहा कि भारतीय दूरसंचार विभाग एवं बीएसएनएल के माध्यम से उच्च गुणवत्ता वाली दूरसंचार सेवाएं आम नागरिकों तक पहुंचाने के लिए निरंतर प्रयास किए जाने चाहिए। उन्होंने नेटवर्क की गुणवत्ता में सुधार, निर्बाध कनेक्टिविटी सुनिश्चित करने तथा उपभोक्ताओं को बेहतर सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए आवश्यक कदम उठाने पर जोर दिया। उन्होंने बैठक में कई महत्वपूर्ण सुझाव भी प्रस्तुत किए, ताकि बीएसएनएल की सेवाओं को अधिक उपयोगी और उपभोक्ता हितैषी बनाया जा सके। हरियाणा के प्रधान महाप्रबंधक श्री पूरन चंद ने बैठक में उपस्थित TAC सदस्यों एवं अधिकारियों के सुझावों को गंभीरता से सुना। उन्होंने विभिन्न विषयों पर चर्चा करते हुए बीएसएनएल की सेवाओं को और अधिक प्रभावी बनाने तथा उपभोक्ताओं की समस्याओं के समाधान की दिशा में बेहतर कार्य

जिला नूंह के सभी विभागों में संविधान दिवस पर हुआ संविधान की प्रस्तावना का सामूहिक वाचन

सरकारी कार्यालयों, स्कूल-कॉलेजों, स्वास्थ्य संस्थानों, पंचायतों और पुलिस विभाग में अधिकारियों व कर्मचारियों ने संविधान की प्रस्तावना का किया वाचन

ओपन सर्च/आस मोहम्मद

नूंह। संविधान दिवस के उपलक्ष्य में आज जिला नूंह के सभी विभागों के कार्यालयों, स्कूल-कॉलेजों, स्वास्थ्य संस्थानों, पंचायतों तथा पुलिस विभाग के कार्यालयों में संविधान की प्रस्तावना के सामूहिक वाचन के कार्यक्रम आयोजित किए गए।

इस दौरान अधिकारियों, कर्मचारियों, शिक्षकों और विद्यार्थियों ने भारतीय संविधान की प्रस्तावना का वाचन कर संविधान में निहित मूल्यों, आदर्शों एवं लोकतांत्रिक सिद्धांतों के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की। मेवात विकास अभिकरण (एमडीए) कार्यालय में एसीयूटी अमितेज पांगती ने कार्यालय के अधिकारियों एवं



कर्मचारियों को संविधान की प्रस्तावना का सामूहिक वाचन करवाया। इस अवसर पर एमडीए के मुख्य कार्यकारी अधिकारी अशोक कुमार भी उपस्थित रहे। जिला परिषद कार्यालय में उप मुख्य कार्यकारी अधिकारी राकेश मोर ने अधिकारियों एवं कर्मचारियों को संविधान की प्रस्तावना का सामूहिक वाचन करवाया। उन्होंने बताया कि संविधान दिवस के अवसर पर जिले के सभी खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी कार्यालयों तथा ग्राम पंचायतों में भी कार्यक्रम आयोजित किए गए, जिनमें जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने सामूहिक रूप से संविधान की प्रस्तावना का वाचन किया। इसके अतिरिक्त जिले के स्कूल-कॉलेजों, स्वास्थ्य संस्थानों तथा पुलिस विभाग के कार्यालयों में भी संविधान दिवस के अवसर पर सामूहिक प्रस्तावना वाचन कार्यक्रम आयोजित किए गए।

इन कार्यक्रमों के माध्यम से आमजन, विद्यार्थियों एवं सरकारी कर्मचारियों को संविधान में निहित न्याय, स्वतंत्रता, समानता और बंधुत्व के मूल आदर्शों के प्रति जागरूक करते हुए संविधान के सम्मान एवं उसके मूल्यों को आत्मसात करने का संदेश दिया गया।

मानेसर में वायु प्रदूषण नियंत्रण की समीक्षा, नोडल अधिकारी ने 24 घंटे मॉनिटरिंग के दिए निर्देश

नोडल अधिकारी आशिमा बराड़ ने नगर निगम, जीएमडीए, प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड,एचएसआईआईडीसी, डीएचबीवीएनएल, जीएमसीबीएल, एनएचएआई के अधिकारियों के साथ की समीक्षा बैठक

ओपन सर्च/नरेश शर्मा

मानेसर। वायु प्रदूषण की रोकथाम और नियंत्रण के लिए नगर निगम मानेसर क्षेत्र में लगातार कड़े कदम उठाए जा रहे हैं। आबकारी एवं कराधान विभाग, ऊर्जा विभाग की आयुक्त एवं सचिव आशिमा बराड़, जो मानेसर क्षेत्र में वायु प्रदूषण की रोकथाम और नियंत्रण की नोडल अधिकारी भी है, ने गुरुवार को नगर निगम मानेसर के कार्यालय पहुंचकर मानेसर क्षेत्र में वायु प्रदूषण की रोकथाम और नियंत्रण के लिए उठाए गए कदमों की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने वायु प्रदूषण के नियंत्रण को लेकर अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए कहा कि निगम क्षेत्र में निगम की ओर से 24 घंटे की मॉनिटरिंग अनिवार्य है।

नोडल अधिकारी आशिमा बराड़ ने कहा कि सीएक्यूएम की ओर से जारी निर्देशों की अवहेलना करने वालों के खिलाफ उचित कार्रवाई की जाए। निगम के सभी वार्डों में तैनात टीमों की साप्ताहिक मॉनिटरिंग की जाए। जिस वार्ड में औसत से सही काम हो रहे है, अर्थात टीम द्वारा सख्ताई की जा रही है। वहां भी चालान आदि को दोगुना किया जाए। उन्होंने कहा कि इस तरह गंभीरता दिखाई जाएगी तो अवश्य ही मानेसर क्षेत्र में प्रदूषण को कम किया जा सकेगा। बैठक में उपस्थित जिला उपायुक्त श्री उत्तम सिंह ने बताया कि जिले में वायु प्रदूषण पर नियंत्रण रखने के लिए सभी विभाग आपसी तालमेल से काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रदूषण नियंत्रण केवल एक विभाग की जिम्मेदारी नहीं है, बल्कि



इसके लिए सभी विभागों को मिलकर काम करना होगा।

नगर निगम आयुक्त प्रदीप सिंह ने बताया कि नगर निगम क्षेत्र के सभी वार्डों में टीमों लगातार काम कर रही है। खुले में कूड़ा डालने वाले, कूड़े में आग लगाने वाले लोगों के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है। इस साल अभी तक निगम की ओर से 1692 लोगों के चालान किए गए। निगम क्षेत्र में रात में स्वीपिंग मशीन की सहायता से सड़कों की सफाई की जा रही है। निगम के करीब 600 कर्मचारी भी सड़क व गलियों की सफाई के लिए नियुक्त किए है। फिलहाल 9 एंटी स्मोग गन सड़कों पर पानी का छिड़काव कर रही है। निगम के बेड़े में जल्द ही अन्य एंटी स्मोग गन मशीन शामिल होंगी। नोडल अधिकारी ने कहा कि स्वीपिंग मशीन और एंटी स्मोग गन मशीन के रूट और समय सारिणी को आरडब्ल्यूए आदि के साथ साझा करें। उनके फीडबैक के अनुसार समय में बदलाव किए जाएं। इस दौरान आयुक्त ने निगम क्षेत्र में प्रदूषण के हार्टस्पाट आदि के बारे में बताया। बैठक उपरांत नोडल अधिकारी आशिमा बराड़ ने निगम क्षेत्र में कई जगहों का मौका निरीक्षण करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए।

जीएमसीबीएल के एडिशनल सीईओ रविंद्र सिंह ने बताया कि मानेसर क्षेत्र में अभी सीएनजी बसों को चलाया जा रहा है। इन सीएनजी बसों के स्थान पर ईवी बसों का संचालन किया जाएगा। जीएमसीबीएल के बेड़े में 100 ईवी बसों को शामिल कर लिया गया है। जल्द ही इन बसों को सड़कों पर उतारा जाएगा।

समालखा में समरसता संकल्प यात्रा का जोरदार स्वागत

विधायक मनमोहन भड़ाना के कार्यालय से गुरु रविदास सभा तक उमड़ा जनसैलाब

ओपन सर्च/मनदीप कुमार

समालखा। संत शिरोमणि श्री गुरु रविदास जी की 650वीं जयंती के उपलक्ष्य में जालंधर से वाराणसी तक निकाली जा रही समरसता संकल्प यात्रा वीरवार को समालखा विधानसभा क्षेत्र में पहुंची। यात्रा का विधायक मनमोहन भड़ाना के कार्यालय पर प्रतिनिधि विजय शेखर और जसराज भाट्टी और गुरु रविदास सभा में ज्योति शर्मा और साहब सिंह रंगा ने भव्य स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लेकर संत गुरु रविदास जी के प्रति अपनी श्रद्धा व्यक्त की।

इस अवसर पर नगर परिषद समालखा पार्षद मनीष बेनीवाल ने संत शिरोमणि श्री गुरु रविदास जी के जीवन, विचारों और समाज सुधार के लिए दिए गए योगदान को याद करते हुए कहा कि गुरु रविदास जी की शिक्षाएं आज भी समाज को समानता, सामाजिक सद्भाव, प्रेम



और भाईचारे का मार्ग दिखाती हैं। समाज की वास्तविक उन्नति तभी संभव है, जब प्रत्येक व्यक्ति को समान अधिकार, सम्मान और आगे बढ़ने के समान अवसर प्राप्त हों।

वक्ताओं ने कहा कि गुरु रविदास जी ने अपनी वाणी और जीवन दर्शन के माध्यम से जाति-पाति, ऊंच-नीच तथा सामाजिक भेदभाव का विरोध करते हुए मानवता, प्रेम, करुणा और समानता का संदेश दिया। उन्होंने ऐसे समाज की कल्पना की, जहां किसी भी व्यक्ति के साथ उसकी जाति, वर्ग अथवा सामाजिक स्थिति के आधार पर भेदभाव न हो। उनका जीवन दर्शन लोगों को आपसी मतभेद भुलाकर सम्मान, सहयोग और भाईचारे के साथ आगे बढ़ने की प्रेरणा देता है।

कालेब एजुकेशनल ट्रस्ट में 10वें वार्षिक खेलकूद समारोह का भव्य आयोजन

विद्यार्थियों ने खेल प्रतियोगिताओं में दिखाया उत्साह, प्रतिभा और खेल भावना

ओपन सर्च/नरेश शर्मा

फर्रुखनगर। कालेब एजुकेशनल ट्रस्ट, फर्रुखनगर, गुरुग्राम में विद्यार्थियों के शारीरिक, मानसिक एवं सर्वांगीण विकास को बढ़ावा देने के उद्देश्य से 10वें वार्षिक खेलकूद समारोह 2026-2027 (10th Annual Games and Sports) का आयोजन 21 से 26 नवंबर 2026 तक किया जा रहा है। छह दिवसीय इस खेल महोत्सव में विभिन्न खेल गतिविधियों एवं प्रतियोगिताओं के माध्यम से विद्यार्थियों को अपनी खेल प्रतिभा प्रदर्शित करने का अवसर मिल रहा है। प्रतियोगिताएं प्रतिदिन प्रात: 9:00 बजे से आयोजित की जा रही हैं।

इस आयोजन का उद्देश्य विद्यार्थियों में अनुशासन, नेतृत्व क्षमता, आत्मविश्वास, टीम भावना और स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की भावना विकसित करना है। खेल शिक्षा का अभिन्न अंग हैं, जो विद्यार्थियों को न केवल शारीरिक रूप से स्वस्थ बनाते हैं, बल्कि जीवन में संघर्ष करने, चुनौतियों का सामना करने और सामूहिक रूप से लक्ष्य प्राप्त करने की प्रेरणा भी देते हैं।

कालेब एजुकेशनल ट्रस्ट के संस्थापक एवं अध्यक्ष डॉ. रिचर्ड हॉवेल, कार्यकारी निदेशक डॉ. सैमुअल रिचमंड सक्सेना तथा प्रिंसिपल डॉ. परवीन पॉल के नेतृत्व



में संस्थान शिक्षा के साथ-साथ विद्यार्थियों के सर्वांगीण व्यक्तित्व विकास को विशेष महत्व देता रहा है। इसी सोच के अंतर्गत संस्थान में शैक्षणिक गतिविधियों के साथ खेल, सांस्कृतिक कार्यक्रमों और सामाजिक



गतिविधियों को भी प्रोत्साहित किया जाता है।

इस छह दिवसीय खेल समारोह में विद्यार्थियों को अपनी प्रतिभा, शारीरिक क्षमता और खेल कौशल का प्रदर्शन करने का अवसर मिल रहा है। खेल मैदान में भागीदारी विद्यार्थियों को जीत और हार को सकारात्मक रूप से स्वीकार करने, एक-दूसरे का सम्मान करने तथा कठिन परिस्थितियों में धैर्य बनाए रखने की सीख देती है। संस्थान का मानना है कि एक सफल विद्यार्थी वही है, जो शिक्षा के साथ-साथ शारीरिक स्वास्थ्य, नैतिक मूल्यों और सामाजिक जिम्मेदारियों के प्रति भी जागरूक हो। खेलकूद के माध्यम से विद्यार्थियों में स्वस्थ जीवनशैली और सकारात्मक प्रतिस्पर्धा की संस्कृति विकसित होती है। समारोह का प्रेरणादायक संदेश "PLAY COMPETE EXCEL" (खेलें प्रतिस्पर्धा करें उत्कृष्टता प्राप्त करें) विद्यार्थियों को अपनी क्षमताओं को पहचानने, निरंतर प्रयास करने और जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में उत्कृष्टता प्राप्त करने के लिए प्रेरित कर रहा है। कालेब एजुकेशनल ट्रस्ट का यह 10वां वार्षिक खेलकूद समारोह विद्यार्थियों के उत्साह, प्रतिभा और खेल भावना का उत्सव है। यह आयोजन शिक्षा और खेल के समन्वय के माध्यम से एक स्वस्थ, अनुशासित और आत्मविश्वासी युवा पीढ़ी के निर्माण की दिशा में संस्थान की प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक विजय कुमार व सम्पादक सतबीर भारद्वाज द्वारा ए.जी.एस. पब्लिकेशन्स एफ-23,सेक्टर-6, नोएडा-201301 उत्तर प्रदेश से मुद्रित, गांव- बाबुपुर गुरुग्राम, हरियाणा- 122006 से प्रकाशित। सम्पादक : सतबीर भारद्वाज
RNI No. HARHIN/2023/86132 अखबार में प्रकाशित तथ्यों एवं लेखों से सम्पादक का सहमत होना अनिवार्य नहीं, किसी भी कानूनी वाद विवाद का निपटारा दिल्ली न्यायालय के अधीन होगा। मोबाइल : 9210092542, 9312643452
E-mail : opensearchnews@gmail.com

उपायुक्त ने तरावड़ी और नीलोखेड़ी में निर्माणाधीन कार्यों का किया निरीक्षण

प्रगति का लिया जायजा, अधिकारियों को गुणवत्ता और जल्दी पूरा करने के दिए निर्देश

ओपन सर्च / प्रदीप मैहता



नीलोखेड़ी। उपायुक्त डॉ. आनंद कुमार शर्मा ने आज स्थानीय जिला परिषद भवन,तरावड़ी स्थित सामान्य नागरिक अस्पताल, नीलोखेड़ी में सामान्य अस्पताल व बस अड्डे के निर्माणाधीन भवनों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने निर्माण कार्यों की वर्तमान स्थिति और प्रगति का जायजा लेते हुए संबंधित अधिकारियों से कार्यों के बारे में विस्तार से जानकारी प्राप्त की। निरीक्षण के दौरान उपायुक्त ने निर्माण स्थलों पर चल रहे कार्यों को बारीकी से देखा और अधिकारियों से निर्माण की विभिन्न प्रक्रियाओं, अब तक पूरी हो चुकी गतिविधियों तथा शेष कार्यों की स्थिति के बारे में जानकारी ली।

उन्होंने कहा कि सरकारी भवनों का निर्माण आमजन की सुविधाओं से सीधे तौर पर जुड़ा होता है, इसलिए इन कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही नहीं होनी चाहिए। डीसी डॉ. शर्मा ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी निर्माण कार्य निर्धारित मापदंडों के अनुरूप उच्च गुणवत्ता के साथ करवाए जाएं। कार्यों में तेजी लाते हुए इन्हें निर्धारित समय सीमा में पूरा करना सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि निर्माण कार्यों में गुणवत्ता से किसी प्रकार का समझौता बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि जिला परिषद भवन के निर्माण से संबंधित प्रशासनिक गतिविधियों को बेहतर ढंग से संचालित करने में सुविधा मिलेगी। वहीं, नीलोखेड़ी में बस अड्डा व तरावड़ी में सामान्य नागरिक अस्पताल के भवन तैयार होने से क्षेत्र के लोगों को बेहतर स्वास्थ्य व यातायात की सुविधाएं उपलब्ध करवाने में मदद मिलेगी। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि निर्माण कार्यों की नियमित निगरानी की जाए और कार्यों में आ रही बाधाओं को आपसी समन्वय से दूर किया जाए, ताकि सभी परियोजनाएं समय पर पूरी होकर आमजन को उनका लाभ मिल सके।

जिला परिषद् भवन करनाल का निर्माण कार्य अंतिम चरण पर है जिस पर अनुमानित लागत 35 करोड़ 62 लाख की राशि खर्च होगी। तरावड़ी में 50 बेड का सामान्य अस्पताल बन रहा है जिस पर अनुमानित लागत 13 करोड़ 40 लाख खर्च होगे। इसका 80 प्रतिशत कार्य पूरा हो गया है तथा 31 मार्च तक संपन्न हो जाएगा। इसी प्रकार नीलोखेड़ी में 100 बैड का सामान्य अस्पताल बन रहा है। जिस पर अनुमानित लागत 12 करोड़ 50 लाख खर्च होगे। इस कार्य को 31 मार्च तक पूरा करने के निर्देश दिए। इसी प्रकार नीलोखेड़ी बस अड्डा का निर्माण कार्य 2 करोड़ 40 लाख की लागत से पूरा होगा। यह कार्य अंतिम चरण में है। जिसे जल्द ही जनता को समर्पित किया जाएगा।

संविधान की भावना को गांव-गांव तक पहुंचाना ही हमारा लक्ष्य है : डॉ. चौहान

संस्थान में ऑनलाइन वेबिनार आयोजित

ओपन सर्च / प्रदीप मैहता



नीलोखेड़ी। संविधान केवल अधिकारों का दस्तावेज नहीं, बल्कि जिम्मेदार नागरिकता और मजबूत लोकतंत्र का आधार है। ये बात हरियाणा ग्रामीण विकास संस्थान के निदेशक डॉ. वीरेंद्र सिंह चौहान ने कही। वे भारतीय संविधान दिवस के अवसर पर संस्थान में आयोजित एक बैठक में संबोधित कर रहे थे। बैठक में हरियाणा के विभिन्न जिलों से संस्थान से जुड़े संसाधन व्यक्ति ऑनलाइन माध्यम से शामिल हुए। कार्यक्रम का उद्देश्य संविधान के महत्व, उसकी मूल भावना तथा लोकतांत्रिक मूल्यों के प्रति जागरूकता बढ़ाना रहा।

डॉ. चौहान ने कहा कि ग्रामीण विकास और पंचायती राज व्यवस्था से जुड़े प्रत्येक व्यक्ति की जिम्मेदारी है कि वह संविधान की मूल भावना को गांव-गांव तक पहुंचाए। ग्राम पंचायतें लोकतंत्र की आधारभूत इकाइयां हैं और इनके माध्यम से आम नागरिकों की भागीदारी सुनिश्चित होती है। उन्होंने कहा कि जब गांव का नागरिक अपने अधिकारों और कर्तव्यों के प्रति जागरूक होगा, तभी लोकतंत्र और अधिक मजबूत बनेगा। उन्होंने संसाधन व्यक्तियों से आह्वान किया कि वे अपने प्रशिक्षण कार्यक्रमों के माध्यम से संवैधानिक मूल्यों को जन-जन तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएं।

उन्होंने कहा कि भारतीय संविधान प्रत्येक नागरिक को न्याय, स्वतंत्रता, समानता और बंधुता के मूलभूत आदर्शों से जोड़ता है। संविधान की यही चार प्रमुख भावनाएं देश की लोकतांत्रिक व्यवस्था को मजबूती प्रदान करती हैं और समाज में समरसता, सद्भाव तथा समान अवसरों का मार्ग प्रशस्त करती हैं। उन्होंने कहा कि संविधान केवल कानूनों और नियमों का संग्रह नहीं है, बल्कि यह देश के प्रत्येक नागरिक के सम्मान, अधिकारों और कर्तव्यों का संरक्षक भी है। डॉ. चौहान ने कहा कि हमें संविधान में दिए गए अधिकारों के प्रति जागरूक होने के साथ-साथ अपने संवैधानिक कर्तव्यों का भी पूरी निष्ठा से पालन करना चाहिए। संविधान की प्रस्तावना में निहित प्रत्येक शब्द अपने आप में एक व्यापक संदेश और जिम्मेदारी समेटे हुए है। इन मूल्यों को केवल पढ़ना, सुनना या किसी विशेष दिवस पर दोहराना ही पर्याप्त नहीं है, बल्कि इन्हें अपने विचारों, व्यवहार, कार्यशैली और सामाजिक जीवन में आत्मसात करना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि जब प्रत्येक व्यक्ति दूसरों के अधिकारों का सम्मान करेगा, भेदभाव से ऊपर उठकर समानता का व्यवहार करेगा और समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारियों को समझेगा, तभी संविधान की वास्तविक भावना धरातल पर साकार होगी।

संविधान के मूल्यों को अपनाकर मजबूत राष्ट्र निर्माण में योगदान दें : शिक्षक दलीप सिंह

अधिकारों के साथ कर्तव्यों का पालन करना भी हर नागरिक की जिम्मेदारी : शिक्षक दलीप सिंह

ओपन सर्च / प्रदीप मैहता



करनाल। राजकीय कन्या उच्च विद्यालय सैक्टर 13 के शिक्षक दलीप सिंह ने संविधान दिवस के अवसर पर विद्यालय में विद्यार्थियों को भारतीय संविधान के महत्व, उसके निर्माण और नागरिकों के अधिकारों एवं कर्तव्यों के प्रति जागरूक किया गया।

इस अवसर पर शिक्षक दलीप सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि 26 नवंबर का दिन प्रत्येक भारतीय के लिए गौरव और प्रेरणा का प्रतीक है। इसी दिन वर्ष 1949 में संविधान सभा ने भारतीय संविधान को अंगीकृत किया था, जो 26 जनवरी 1950 को लागू हुआ। उन्होंने कहा कि भारतीय संविधान हमें समानता, स्वतंत्रता, न्याय और बंधुत्व का संदेश देता है। यह देश के प्रत्येक नागरिक को समान अधिकार प्रदान करने के साथ-साथ राष्ट्र के प्रति अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन करने की प्रेरणा भी देता है। विद्यार्थियों को संविधान की प्रस्तावना को समझने और उसमें निहित आदर्शों को अपने जीवन में अपनाने का आह्वान किया गया।

दलीप सिंह ने कहा कि आज के विद्यार्थी ही देश का भविष्य हैं। उन्हें संविधान का सम्मान करते हुए जाति, धर्म और भाषा से ऊपर उठकर आपसी भाईचारे, सद्भाव और राष्ट्रीय एकता को मजबूत बनाने में योगदान देना चाहिए। संविधान के प्रति जागरूक नागरिक बनना ही सच्चे अर्थों में संविधान दिवस मनाने की सार्थकता है।

जाहरी में 55 लाख के विकास कार्यों का शिलान्यास, जल प्रबंधन और श्मशान घाट की सुविधाओं को मिलेगी मजबूती

5 पौंड सिस्टम के निर्माण पर खर्च होंगे 35 लाख, श्मशान घाट की चारदीवारी, फर्श और शेड पर लगेंगे 20 लाख रुपये

ओपन सर्च/मनदीप कुमार



गन्नौर। गांव जाहरी में विकास कार्यों को गति देते हुए हलका विधायक देवेंद्र कादियान ने करीब 55 लाख रुपये की लागत से होने वाली दो विकास परियोजनाओं का नारियल तोड़कर शिलान्यास किया। इनमें 20 लाख रुपये की लागत से श्मशान घाट की चारदीवारी, फर्श और शेड का निर्माण तथा करीब 35 लाख रुपये की लागत से 5 पौंड सिस्टम तैयार करने का कार्य शामिल है।

गांव में पहुंचने पर ग्रामीणों ने विधायक देवेंद्र कादियान का फूल-मालाओं से स्वागत किया। शिलान्यास कार्यक्रम के दौरान ग्रामीणों ने गांव की विभिन्न समस्याओं से भी विधायक को अवगत कराया, जिस पर उन्होंने समस्याओं का जल्द समाधान करवाने का भरोसा दिलाया।

विधायक देवेंद्र कादियान ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में विकास कार्यों का उद्देश्य केवल निर्माण कार्य करवाना नहीं, बल्कि ग्रामीणों की रोजमर्रा की जरूरतों को पूरा करना और सुविधाओं को बेहतर बनाना है। गांवों में आधारभूत सुविधाएं मजबूत होने से लोगों को बेहतर व्यवस्था मिलती है। उन्होंने कहा कि जल प्रबंधन को मजबूत करने के लिए 5 पौंड सिस्टम महत्वपूर्ण साबित होगा, वहीं श्मशान घाट में चारदीवारी, फर्श और शेड बनने से लोगों को सुविधा मिलेगी। इस अवसर पर सरपंच विनोद कुमार, पूर्व सरपंच नरेश, पूर्व सरपंच राज सिंह, प्रदीप, संजय, अनिल, सतीश, विशाल, कृष्ण, अशोक, दीपक सहित अन्य ग्रामीण मौजूद रहे।

खण्ड स्तरीय गीता महोत्सव कार्यक्रम के तहत हुई विभिन्न प्रकार की प्रतियोगिताए

भगवद्गीता ज्ञान योग और कर्म योग का सुप्रसिद्ध ग्रंथ : महेंद्र सिंह नरवाल

ओपन सर्च / प्रदीप मैहता



करनाल। पी एम श्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय प्रेम नगर करनाल में अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव 2026 के अंतर्गत जिला शिक्षा अधिकारी रोहताश वर्मा के मार्गदर्शन में खण्ड स्तरीय गीता महोत्सव पर अनेक विधाओं में प्रतियोगिताओं का मुख्य अतिथि महेंद्र सिंह नरवाल , नोडल अधिकारी प्राचार्य क्षमा, डॉ सचिन,संतोष राठी, डॉ वेदप्रकाश द्वारा सरस्वती वंदना के साथ दीप प्रज्ज्वलित करके आरंभ किया गया। कार्यक्रम के नोडल अधिकारी क्षमा ने बताया कि इस खंड स्तरीय प्रतियोगिता में कक्षा 6 से 8 और 9 से 12 में दोनों समूह में कुल 130 विद्यार्थियों ने भाषण प्रतियोगिता, संवाद, प्रश्नोत्तरी, पेटिंग, निबंध लेखन, श्लोक उच्चारण सभी प्रकार की विधाओ में भाग लिया। खण्ड स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त करने पर 1100 रूपये द्वितीय को 750 तृतीय स्थान प्राप्त करने पर 500रूपये और 100 रूपये सांत्वना का पुरस्कार की राशि सीधे विद्यार्थियों के बैंक खाते में डाली जाएगी। मुख्य अतिथि महेंद्र नरवाल ने अध्यापकों एवं बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि गीता कर्म योग और ज्ञान योग का सुप्रसिद्ध ग्रंथ है। भारत की संस्कृति में भगवद गीता सर्वाधिक पूज्य हैं बल्कि अनुकरणीय भी हैं। कार्यक्रम समन्वयक प्राचार्य डॉ वेदप्रकाश ने गीता महोत्सव पर इस प्रकार की प्रतियोगिताओं से बच्चों के अंदर छुपी हुई प्रतिभा उभरकर सामने आती हैं।

कार्यक्रम के नोडल अधिकारी क्षमा ने कहा कि गीता विश्व का अद्वितीय ग्रंथ है जिसके अध्ययन से हर समस्याओं का समाधान किया जा सकता है।

परिणाम इस प्रकार रहे....

कक्षा 6 से 8 में वर्ग में श्लोक उच्चारण में मंगलपुर की शिवांगी ने प्रथम स्थान , भाषण प्रतियोगिता में टिकरी की चाहत ने प्रश्नोत्तरी में पुंडरक की टीम ने प्रथम निबंध लेखन में. संवाद में मंगलपुर ने, पेंटिंग में शेखपुरा सोहना की मीनाक्षी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। कक्षा 9 से 12 समूह में श्लोक उच्चारण मे मंगलपुर स्कूल की कृतिका ने, प्रश्नावली में मंगलपुर ने. भाषण में डी पी एस स्कूल एयना निबंध लेखन में ,पेंटिंग में डी पी एस स्कूल के सूर्या शर्मा ने संवाद प्रतियोगिता में मंगलपुर ने प्रथम स्थान प्राप्त किया है।. इस अवसर पर जिला गीता जयंती समन्वयक डॉ सचिन, प्राचार्या संतोष राठी, महेंद्र नरवाल, क्षमां, कार्यक्रम समन्वयक प्राचार्य वेदप्रकाश , मीडिया समन्वयक दलीप सिंह, डाईट से शिशनपाल , सीमा शर्मा,दीपक,सरोज देवी,मीना देवी, सिशनपाल, हंसकंवर , ऋचा बजाज, शीला देवी, गायत्री देवी,मंजू शर्मा,नीतू,, मदनलाल, , तुषार , मीना, विनोद, मंजीत,आदि विशेष रूप से उपस्थित रहे।

नुक्कड़ नाटक के माध्यम से दिया स्वच्छता का संदेश,

डस्टबिन के उपयोग के प्रति किया जागरूक : अजीत कुमार



ओपन सर्च / प्रदीप मैहता

तरावड़ी। शहर को स्वच्छ एवं कचरा मुक्त बनाने के उद्देश्य से नगर पालिका तरावड़ी द्वारा चलाए जा रहे फोर बिन कैंपेन के अंतर्गत करनाली गेट मार्केट में नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया। नगर पालिका सचिव अजीत कुमार के निर्देशानुसार मॉडर्न स्कूल तरावड़ी के विद्यार्थियों ने नुक्कड़ नाटक के माध्यम से दुकानदारों एवं आम नागरिकों को कचरे के उचित निपटान तथा चार प्रकार के डस्टबिन के इस्तेमाल के प्रति जागरूक किया। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष वीरेंद्र बंसल ने विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन करते हुए शहरवासियों से अपील की कि वे अपने घरों और दुकानों में डस्टबिन का प्रयोग करें तथा गीले, सूखे एवं अन्य प्रकार के कचरे को निर्धारित डस्टबिन में अलग-अलग डालें। उन्होंने कहा कि कचरे को अलग-अलग रखने की आदत अपनाकर ही हम अपने शहर को स्वच्छ, सुंदर और कचरा मुक्त बना सकते हैं। नुक्कड़ नाटक के दौरान विद्यार्थियों ने मौके पर रखे चार प्रकार के डस्टबिन में अलग-अलग कचरा डालने की प्रक्रिया को भी विस्तार से समझाया। बच्चों ने अपनी प्रस्तुति के माध्यम से लोगों को स्वच्छता के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाने का संदेश दिया। इस आयोजन में नगर पालिका के मोटिवेटर परविंदर सिंह एवं राजवंती, सुगम स्वच्छता कंपनी की ट्रेनर मास्टर कर्मजीत कौर, डोर-टू-डोर कलेक्शन के सुपरवाइजर प्रवीण कुमार तथा मॉडर्न स्कूल तरावड़ी की अध्यापिका शिल्पा सहित अन्य सहयोगियों ने विशेष योगदान दिया।

जिला स्तरीय गीता महोत्सव 18 से, तैयारियों को लेकर बैठक

18 से 20 दिसंबर तक होगा तीन दिवसीय जिला स्तरीय गीता महोत्सव का होगा आयोजन : डीसी

ओपन सर्च / प्रदीप मैहता



करनाल। उपायुक्त डॉ. आनंद कुमार शर्मा ने वीरवार को जिला सचिवालय के सभागार में जिला अधिकारियों की बैठक ली और तैयारियों की विस्तृत समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। जिला स्तरीय तीन दिवसीय गीता महोत्सव का आयोजन आगामी 18 से 20 दिसंबर तक स्थानीय डॉ. मंगलसेन सभागार में भव्य ढंग से किया जाएगा।

बैठक में उपायुक्त ने संबंधित विभागों को जिम्मेदारियां सौंपते हुए कहा कि सभी अधिकारी आपसी तालमेल के साथ समय रहते अपनी तैयारियां पूरी करें। उन्होंने निर्देश दिए कि समारोह के दौरान आयोजित होने वाले कार्यक्रमों की रूपरेखा जल्द तैयार कर ली जाए। आयोजन स्थल पर साफ-सफाई, पेयजल, निर्बाध बिजली आपूर्ति, सुरक्षा, यातायात प्रबंधन और बैठने की समुचित व्यवस्था का विशेष ध्यान रखा जाए। इसके साथ ही सांस्कृतिक कार्यक्रमों, धार्मिक गतिविधियों और प्रदर्शनी आदि के सफल आयोजन के लिए भी पुख्ता प्रबंध सुनिश्चित किए जाएं।

उन्होंने कहा कि गीता जयंती समारोह भारतीय संस्कृति, आध्यात्मिकता और जीवन मूल्यों का प्रतीक है। श्रीमद्भागवत गीता का संदेश मानव जीवन को सही दिशा देने के साथ-साथ कर्तव्य, कर्म, सेवा, अनुशासन और नैतिकता की प्रेरणा देता है। ऐसे आयोजनों से युवा पीढ़ी को अपनी समृद्ध संस्कृति और गीता के जीवनोपयोगी संदेशों से जुडने का अवसर मिलता है।

उन्होंने समारोह में अधिक से अधिक आमजन की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए व्यापक स्तर पर प्रचार-प्रसार करने के निर्देश दिए।

संत सिरोमणि गुरु रविदास जी महाराज की 650वीं पावन जयंती के उपलक्ष्य में निकाली जा रही समरसता संकल्प यात्रा पहुंची नीलोखेड़ी

समरसता संकल्प यात्रा का नीलोखेड़ी में भव्य स्वागत, सामान्य मानवता और भाईचारे का संदेश लेकर आगे बढ़ी यात्रा

ओपन सर्च / प्रदीप मैहता



नीलोखेड़ी। संत शिरोमणि श्री गुरु रविदास जी महाराज के 650 वें जयंती वर्ष के उपलक्ष्य में आयोजित 'समरसता संकल्प यात्रा' का घरौंडा के ऑडिटोरियम में विभिन्न समाजसेवी संस्थाओं के प्रतिनिधियों एवं श्रद्धालुओं ने उत्साह और आत्मीयता के साथ स्वागत किया। यात्रा के दौरान आमजन में विशेष जोश और उत्साह देखने को मिला तथा लोगों ने बड़ी संख्या में आगे बढ़कर यात्रा में सहभागिता की। इस मौके पर संत सिरोमणि गुरु रविदास जी महाराज की चरण पादुकाओं के श्रद्धालुओं ने दर्शन किए और उनकी प्रतिमा व चित्र पर पुष्पार्पित किए। यात्रा का नीलोखेड़ी में पहुंचने पर जिला अध्यक्ष प्रवीण लाठर, विधायक भगवान पत्नी श्री मति सविता कबीरपंथी एवं पुत्र रवि कबीरपंथी, नगरपालिका अध्यक्ष सनमीत आहुजा, सतनाम आहुजा, बाबा मुकेश भारती, सुमित एबला, दविंदर कामरा, राजबीर शर्मा, बलकार सैनी, जय भगवान सिकरी, सुरजीत कलसी,लवली कुकरेजा, ईश चोपड़ा बब्लू केंवाल, राजीव नारंग एवं कई समाजसेवी संस्थाओं के प्रतिनिधियों ने स्वागत किया तथा चरण पादुकाओं पर पुष्पवर्षा की।

यात्रा के साथ अनुसूचित जाति मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं राज्यसभा सांसद शिवेश कुमार राम ने कहा कि संत शिरोमणि श्री गुरु रविदास महाराज जी के 650 वें प्रकाश वर्ष के उपलक्ष्य में यह समरसता संकल्प यात्रा निकाली जा रही है। यह यात्रा 18 नवंबर को जालंधर के डेरा सचखंड बल्लां से शुरू हुई थी। यात्रा 16 दिनों में हरियाणा के 8 जिलों से होकर गुजरेगी और 3 दिसंबर को गुरु जी की जन्मस्थली सीर गोवर्धनपुर, वाराणसी पहुंचेगी। उन्होंने कहा कि यह यात्रा केवल एक यात्रा नहीं है, बल्कि गुरु रविदास जी के समता, भाईचारा, सामाजिक न्याय और मानवता के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने का एक महान संकल्प है। उन्होंने विशेष रूप से यात्रा का स्वागत भव्य रूप से करने के लिए सभी का आभार प्रकट किया।

55 करोड़ की लागत से बनाए जाएंगे 2 फ्लाईओवर : निहाल सिंह धारीवाल



सोहना,(वरिष्ठ संवाददाता उमेश गुप्ता): क्षेत्र के प्रमुख समाजसेवी चौधरी निहाल सिंह धारीवाल एडवोकेट ने बताया कि नूतन वर्ष की शुरूआत में जेड चौक पर अंडरपास के अलावा डाक्टर भीमराव अंबेडकर चौक और दादी सती चौक पर फ्लाईओवर का निर्माण कार्य जल्द शुरू होगा। उन्होने बताया कि जेड चौक फ्लाईओवर में 55 करोड़ रुपए की लागत आएगी और इसके दोनों तरफ 3-3 लेन के अंडरपास तैयार किए जाएंगे। इस अंडरपास की लम्बाई 1350 किलोमीटर होगी। इसी तरह डाक्टर भीमराव अंबेडकर चौक पर 2 लेन का फ्लाईओवर बनेगा, जो सेक्टर इक्यावन से सोहना रोड़ की तरफ होगा। इसके अलावा दादी सती चौक पर फ्लाईओवर का निर्माण होगा। यह फ्लाईओवर 3-3 लेन का होगा। उन्होने बताया कि इन दोनों फ्लाईओवरों के निर्माण को मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने मंजूरी दे दी है और इन दोनों फ्लाईओवरों के टेंडर आवंटन की प्रक्रिया चल रही है। समाजसेवी चौधरी निहाल सिंह धारीवाल एडवोकेट ने बताया कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी अगले माह में 6 दिसम्बर को जीएमडीए की बैठक लेंगे और इस बैठक में पुराने मंजूर एजेंडों की समीक्षा की जाएगी। इन दोनों फ्लाईओवरों के बनने पर वाहन चालकों को जबरदस्त राहत मिलेगी।

एनजेल्स प्लेस इंटरनेशनल स्कूल में पढ़ी गई संविधान की प्रस्तावना : शिक्षाविद नरेन्द्र यादव

सोहना,(वरिष्ठ संवाददाता उमेश गुप्ता): सोहना नगरपरिषद के वार्ड-सात के तहत लगने वाले गांव लाखुवास स्थित एनजेल्स प्लेस इंटरनेशनल स्कूल प्रांगण में बृहस्पतिवार को विद्यालय निर्देशक व शिक्षाविद नरेन्द्र यादव ने मौजूद शिक्षकों, कर्मचारियों और विद्यार्थियों को संविधान की प्रस्तावना पढक़र सुनाई और बताया कि आज ही के दिन वर्ष-1949 में भारतवर्ष में औपचारिक रूप से संविधान को अंगीकार किया था। देश के संविधान की रचना बाबा साहिब भीमराव अंबेडकर की अध्यक्षता में गठित कमेटी द्वारा की गई थी, जिसमें देशवासियों ने भारत को एक संपूर्ण प्रभुत्व संपन्न, समाजवादी, पंथनिरपेक्ष, लोकतंत्रात्मक गणराज्य बनाने के लिए सभी नागरिकों को सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक न्याय, विचार, अभिव्यक्ति, विश्वास, धर्म और उपासना की स्वतंत्रता, प्रतिष्ठा और अवसर की समता प्राप्त करवाने व देश की एकता और अखंडता सुनिश्चित करने वाली बंधुता बढ़ाने के लिए संविधान को अंगीकृत किया।

श्री सनातन धर्मसभा ने दी मुंबई हमले के शहीदों को श्रद्धांजलि : डाक्टर सतीश जुनेजा

सोहना,(वरिष्ठ संवाददाता उमेश गुप्ता): यहां पर स्थानीय श्री सनातन धर्मसभा से जुड़े जाने-माने समाजसेवी डाक्टर सतीश जुनेजा ने बताया कि यहां पर स्थानीय श्री सनातन धर्मसभा से जुड़े कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियों की बैठक बृहस्पतिवार को मंदिर प्रांगण में आयोजित हुई, जिसमें मौजूद लोगों ने वर्ष-2008 में आज ही के दिन 26 नवंबर को हुए मुंबई आतंकी हमले की बरसी पर आतंकी हमले में शहीद हुए लोगों को भावपूर्ण श्रद्धांजलि देकर उनकी शहादत को नमन किया और कहा कि हम उन परिवारों के साथ शोकाकुल है, जिनके अपने इस आतंकी हमले में हमेशा के लिए बिछुड़ गए। उन्होने कहा कि मैं उन सुरक्षाकर्मियों की भी शहादत को सलाम करता हूं, जिन्होने हैवानियत से लड़ते हुए अपनी जान कुर्बान कर दी। इस मौके पर स्थानीय श्री सनातन धर्मसभा राममंदिर के संरक्षक हरीश नंदा राजू, मोहित खटटर, उपाध्यक्ष विनीत रतड़ा, विपिन मल्होत्रा, लायंसक्लब के पूर्व प्रधान लायन रवि मदान, बिजली कारोबारी सन्नी पाहूजा, गुलशन आहूजा, पूर्व नगरपार्षद नगेश मुखी, उमेश जुनेजा कोकी, उमेश वर्मानी, तिलकराज डूडेजा आदि प्रमुखजनों समेत विभिन्न वक्ताओं ने बोलते हुए शहीदों को श्रद्धांजलि दी।

शहीदों की बदौलत ले रहे खुली हवा में सांस : पूर्व नगरपार्षद महेन्द्रप्रताप अरोड़ा



सोहना,(वरिष्ठ संवाददाता उमेश गुप्ता): सोहना नगरपालिका के पूर्व नगरपार्षद महेन्द्रप्रताप अरोड़ा उर्फ बिल्लू अरोड़ा ने बृहस्पतिवार को वर्ष-2008 में आज ही के दिन 26 नवंबर को हुए मुंबई आतंकी हमले की बरसी पर आतंकी हमले में शहीद हुए लोगों को भावपूर्ण श्रद्धांजलि देकर उनकी शहादत को नमन किया और कहा कि हम उन परिवारों के साथ शोकाकुल है, जिनके अपने इस आतंकी हमले में हमेशा के लिए बिछुड़ गए। उन्होने कहा कि मैं उन सुरक्षाकर्मियों की भी शहादत को सलाम करता हूं, जिन्होने हैवानियत से लड़ते हुए अपनी जान कुर्बान कर दी।

अग्रवाल समाज ने दी मुंबई हमले के शहीदों को दी श्रद्धांजलि : रोहित गर्ग



सोहना,(वरिष्ठ संवाददाता उमेश गुप्ता): यहां पर स्थानीय श्री अग्रवालसभा के प्रधान सेठ रोहित गर्ग ने बृहस्पतिवार को वर्ष-2008 में आज ही के दिन 26 नवंबर को हुए मुंबई आतंकी हमले की बरसी पर आतंकी हमले में शहीद हुए लोगों को भावपूर्ण श्रद्धांजलि देकर उनकी शहादत को नमन किया और कहा कि हम उन परिवारों के साथ शोकाकुल है, जिनके अपने इस आतंकी हमले में हमेशा के लिए बिछुड़ गए। उन्होने कहा कि मैं उन सुरक्षाकर्मियों की भी शहादत को सलाम करता हूं, जिन्होने हैवानियत से लड़ते हुए अपनी जान कुर्बान कर दी। इस मौके पर स्थानीय श्री अग्रवालसभा के पूर्व प्रधान व अग्रवाल वैश्य समाज के जिलाध्यक्ष सेठ विजय अग्रवाल, जेवरात सर्राफा व्यापारी एसोसिएशन के प्रधान जयप्रकाश गुप्ता सर्राफ, भाजपा नेता पंकज सिंगला, रंगमंच कलाकार देशराज गोयल, नगरपार्षद नीरज सिंगला, स्थानीय श्री अग्रवालसभा के पूर्व महासचिव व अग्रवाल वैश्य समाज के जिलाउपाध्यक्ष अनिल गोयल मोंटू आदि प्रमुखजनों समेत मौजूद वक्ताओं ने मुंबई हमले के शहीदों को श्रद्धांजलि देते हुए उनकी दी गई शहादत को नमन किया।

शहीदों की बदौलत ले रहे है खुली हवा में सांस : विधायक तेजपाल तंवर



सोहना,(वरिष्ठ संवाददाता उमेश गुप्ता): मुम्बई हमलों की 18वीं बरसी पर इस हादसे में अकाल मौत का ग्रास बने मृतकों को श्रद्धांजलि अर्पित करने के लिए बृहस्पतिवार को यहां पर गांव भौंड़सी स्थित विधायक कार्यालय पर मार्किटकमेटी चेयरमैन दयाराम लोहिया की अध्यक्षता में श्रद्धांजलि अर्पण कार्यक्रम का आयोजन हुआ। कार्यक्रम के संयोजक राजकुमार तंवर ने बताया कि श्रद्धांजलि कार्यक्रम में उपस्थितों के बीच मुख्य वक्ता रूप में बोलते हुए सोहना हलका से भाजपा विधायक चौधरी तेजपाल सिंह तंवर ने श्रद्धांजलि सभा में मृतकों को अपने श्रद्धासुमन अर्पित किए। श्रद्धांजलि अर्पण के बाद उपस्थितों के बीच बोलते हुए उन्होने कहा कि देश में उग्रवाद के समूल खात्मे के लिए पूर्व में लागू रहे पोटा जैसे कानून को तत्काल लागू किया जाना चाहिए। उन्होने कहा कि हम उन परिवारों के साथ शोकाकुल है, जिनके अपने इस आतंकी हमले में हमेशा के लिए बिछुड़ गए। उन्होने कहा कि मैं उन सुरक्षाकर्मियों की भी शहादत को सलाम करता हूं, जिन्होने हैवानियत से लड़ते हुए अपनी जान कुर्बान कर दी। इस मौके पर बोलते हुए भाजपा विधायक चौधरी तेजपाल सिंह तंवर ने कहा कि देश की जनता वर्ष-2008 के उस दिन की वारदात की याद आने पर आज भी सिहर उठती है, जब लश्कर-ए-तैएबा के दस आतंकियों ने समुद्र के रास्ते मुंबई में घुसकर ताज होटल में जो खून का तांडव खेला, उसे सुनकर आज भी लोगों के रोंगटे खड़े हो जाते है।

मुम्बई आतंकी हमले में मारे गए शहीदों को दी श्रद्धांजलि : पूर्व चेयरमैन दिनेश शर्मा

ओपन सर्च/ वरिष्ठ संवाददाता उमेश गुप्ता



सोहना। मुम्बई हमलों की 18वीं बरसी पर इस हादसे में अकाल मौत का ग्रास बने मृतकों को श्रद्धांजलि अर्पित करने के लिए बृहस्पतिवार को यहां पर गांव खेड़ला में एक श्रद्धांजलि कार्यक्रम का आयोजन हुआ। बार एसोसिएशन के पूर्व प्रधान देवदत्त शर्मा एडवोकेट व स्थानीय नगरपरिषद में वार्ड-5 से लगातार छठी बार अपना परचम लहराते हुए नगरपार्षद बनी श्रीमती वेदकला शर्मा ने बताया कि इस श्रद्धांजलि कार्यक्रम में उपस्थितों के बीच मुख्य वक्ता रूप में बोलते हुए हरियाणा वेयरहाउस कार्पोरेशन के पूर्व चेयरमैन व भाजपा के वरिष्ठ नेता पंडित दिनेश शर्मा ने श्रद्धांजलि सभा में मृतकों को अपने श्रद्धासुमन अर्पित किए। श्रद्धांजलि अर्पण के बाद उपस्थितों के बीच बोलते हुए उन्होने देश में बढ़ते उग्रवाद और अलगाववाद पर गहरी चिन्ता जतलाते हुए देश में उग्रवाद के खात्मे के लिये देश में पूर्व में लागू रहे पोटा जैसे कानून को तत्काल लागू किया जाना चाहिए। हरियाणा वेयरहाउस कार्पोरेशन के पूर्व चेयरमैन पंडित दिनेश शर्मा ने कहा कि मुंबई आतंकी हमले में कमांडो फोर्स की सफलता की 18वीं वर्षगाठ देश भर में मनाई जा रही है। उपस्थितों ने दो मिनट का मौन रख अपनी भावभीनी श्रद्धांजलि भी अर्पित की और कहा कि आज देश प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के हाथों में पूरी तरह सुरक्षित है।

इतना ही नही मोदी सरकार ने अलगाववादी ताकतों को वक्त-वक्त पर उन्ही की भाषा में ईंट का जवाब पत्थर से देते हुए मुंहतोड़ जवाब दिया और दिखा दिया कि भाजपा के लिए राष्ट्र सर्वोपरि है। देश बचेगा तो हम बचेंगे। इस मौके पर भाजपा के राज्य प्रवक्ता डाक्टर यशवीर राघव, ब्राहाण सभा के प्रधान हरीश शर्मा बोबी, भाजपा के वरिष्ठ नेता योगी राघव खेड़लिया, युवा एकता इंडिया फाउंडेशन के संस्थापक बलराम सहजावास, अभयपुर गांव के नंबरदार मोनू ओमबीर राघव, पंडित लखमी चंद शर्मा, सोहना ब्राहमण सभा के प्रधान रहे अनिल भारद्वाज कोकी आदि प्रमुखजनों समेत विभिन्न वक्ताओं ने अपने विचार रखे।

आतंकवाद के खिलाफ ठोस कदम उठा रही मोदी सरकार : भाजपा नेता पंकज सिंगला

ओपन सर्च/ वरिष्ठ संवाददाता उमेश गुप्ता



सोहना। भाजपा के वरिष्ठ क्षेत्रीय नेता व स्थानीय नगरपरिषद के पूर्व उपाध्यक्ष पंकज सिंगला ने बृहस्पतिवार को वर्ष-2008 में आज ही के दिन 26 नवंबर को हुए मुंबई आतंकी हमले की बरसी पर आतंकी हमले में शहीद हुए लोगों को भावपूर्ण श्रद्धांजलि देकर उनकी शहादत को नमन किया और कहा कि हम उन परिवारों के साथ शोकाकुल है, जिनके अपने इस आतंकी हमले में हमेशा के लिए बिछुड़ गए। उन्होने कहा कि मैं उन सुरक्षाकर्मियों की भी शहादत को सलाम करता हूं, जिन्होने हैवानियत से लड़ते हुए अपनी जान कुर्बान कर दी। यहां अपने कार्यालय पर आज शहीदों को नमन करने के लिए आयोजित किए गए शहीदों को नमन कार्यक्रम में शहीदों की शहादत को नमन करते हुए भाजपा नेता पंकज सिंगला ने कहा कि देश की जनता वर्ष-2008 के उस दिन की वारदात की याद आने पर आज भी सिहर उठती है, जब लश्कर-ए-तैएबा के दस आतंकियों ने समुद्र के रास्ते मुंबई में घुसकर ताज होटल में जो खून का तांडव खेला, उसे सुनकर आज भी लोगों के रोंगटे खड़े हो जाते है। इस हमले में 166 लोगों की जान हमलों ने ले ली और पुलिस व सेना ने बहादुरी दिखाते हुए तत्काल आतंकियों को घेर एक बड़ी कार्रवाई करते हुए 9 आतंकियों को मौके पर ही ढेर कर दिया था। एक आतंकी अजमल कसाब जिंदा पकड़ा गया था। जिसे बाद में फांसी दी गई। इस हमले की वर्षगांठ पर पूरा देश हमले में प्रभावित लोगों के साथ खड़ा नजर आ रहा है। देशवासी अपने-अपने तरीकों से हमले में मारे गए लोगों तथा शहीद हुए सैनिकों को याद कर रहे है। भाजपा नेता पंकज सिंगला ने हमले में शहीद हुए लोगों को श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि हमें आतंकवाद से डटकर मुकाबले करना होगा व आतंकवाद को खत्म करके अपने देश को सुरक्षित बनाना होगा।

विट कॉलेज में दी गई मुंबई हमले के मृतकों को श्रद्धांजलि : शिक्षाविद नरेन्द्र बोकन

ओपन सर्च/ वरिष्ठ संवाददाता उमेश गुप्ता



सोहना। सोहना में गांव सिलानी-हाजीपुर के बीच स्थित विट इंजीनियरिंग कॉलेज प्रांगण में बृहस्पतिवार को मुम्बई में हुए आतंकी हमले की 18वीं बरसी के उपलक्ष्य में एक कार्यक्रम आयोजित कर जाबांज जवानों और इस आतंकी हमले में मारे गये लोगों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। कार्यक्रम के संयोजक व विट इंजीनियरिंग कॉलेज प्रबंधन समिति महासचिव अभिमन्यु बोकन ने बताया कि इस अवसर पर कॉलेज प्राचार्य डाक्टर संजय कौशिक की अध्यक्षता में आयोजित किए गए इस कार्यक्रम में मुख्य वक्ता रूप में मौजूद विट इंजीनियरिंग कॉलेज प्रबंधन समिति अध्यक्ष नरेन्द्र बोकन ने उपस्थितों को आतंकवाद के विरूद्ध लडऩे की शपथ दिलाते हुए कहा कि देश की एकता, अखंडता को बनाये रखने और आतंकवाद के खिलाफ हम सबको एकजुट रहना होगा। तभी हम दुश्मनों के इरादों को नेस्तनाबूद कर पाएंगे। कार्यक्रम में आसपास लगते करीब दर्जन भर गांवों से आये लोगों ने केन्द्र सरकार से मुम्बई आतंकी हमले से सबक लेने और देश में पुन: पोटा कानून लागू किए जाने की मांग की ताकि आतंकवाद व उग्रवाद के खिलाफ पोटा जैसे सख्त कानून के जरिए आतंकवादियों को सबक सिखाया जा सके।

वही आतंकी हमले के शहीदों की आत्मा को शांति मिल सके और देशवासी भी अपनी जान को न्यौछावर कर देश के लिये शहादत देने वाले वीर जवानों के बलिदान से प्रेरणा ले सके। इस मौके पर कॉलेज प्रबुंधन समिति उपाध्यक्ष जगमेन्द्र गुप्ता ने भी अपने विचार रखे।

देश की एकता व अखंडता को सर्वोपरि रखे देशवासी : हरीश नंदा राजू

ओपन सर्च/ वरिष्ठ संवाददाता उमेश गुप्ता



सोहना। यहां पर बृहस्पतिवार को दमदमा चौक के समीप स्थित भाजपा किसान मोर्चा कार्यालय में संविधान दिवस मनाया गया। इस मौके पर भाजपा किसान मोर्चा में जिलाउपाध्यक्ष और स्थानीय पंजाबी महासंघ के अध्यक्ष व नगरपार्षद हरीश नंदा राजू ने आयोजित की गई संविधान जागरूकता सभा में मौजूदजनों के बीच संविधान की प्रस्तावना पढक़र सुनाई। इस मौके पर बोलते हुए उन्होने कहा कि आज ही के दिन वर्ष-1949 में भारतवर्ष में औपचारिक रूप से संविधान को अंगीकार किया था। देश के संविधान की रचना बाबा साहिब भीमराव अंबेडकर की अध्यक्षता में गठित कमेटी द्वारा की गई थी, जिसमें देशवासियों ने भारत को एक संपूर्ण प्रभुत्व संपन्न, समाजवादी, पंथनिरपेक्ष, लोकतंत्रात्मक गणराज्य बनाने के लिए सभी नागरिकों को सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक न्याय, विचार, अभिव्यक्ति, विश्वास, धर्म और उपासना की स्वतंत्रता, प्रतिष्ठा और अवसर की समता प्राप्त करवाने व देश की एकता और अखंडता सुनिश्चित करने वाली बंधुता बढ़ाने के लिए संविधान को अंगीकृत किया। स्थानीय पंजाबी महासंघ के अध्यक्ष व नगरपार्षद हरीश नंदा राजू ने कहा कि भारत का संविधान विश्व का सबसे बड़ा संविधान है, जिसमें 448 अनुछेद, 12 अनुसूचियां तथा 103 संशोधन किए गए। यह हस्तलिखित संविधान है और जिसे तैयार करने में 2 वर्ष 11 महीने 18 दिन का समय लगा। इस मौके पर बोलते हुए उन्होने कहा कि 26 जनवरी, 1950 को भारत का संविधान लागू हुआ था। सरकार ने 19 नवंबर, 2015 को राजपत्र अधिसूचना की सहायता से 26 नवंबर को संविधान दिवस के रूप में घोषित किया। उन्होने कहा कि आज हम सब संविधान दिवस मना रहें हैं। किसी भी देश को चलाने के लिए नियमों का होना अत्यंत आवश्यक है। संविधान के उददेश्य पर प्रकाश डालते हुए भाजपा किसान मोर्चा में जिलाउपाध्यक्ष और स्थानीय पंजाबी महासंघ के अध्यक्ष व नगरपार्षद हरीश नंदा राजू ने बताया कि संविधान का अभिप्राय किसी भी देश के मुख्य कानून से है। जिसकी पालना वहां रहने वाले लोगों को करनी होती है। संविधान सभा के 284 सदस्यों ने 24 जनवरी, 1950 को दस्तावेज पर हस्ताक्षर किए थे। जिसे दो दिन बाद यानि 26 जनवरी, 1950 को लागू कर दिया गया था। इस मौके पर युवा राजपूत नेता देविन्द्र चौहान, हर्ष चौहान, भाजपा नेता राजेन्द्र सिंह बागडी, ग्रीवेसिंग कमेटी मैंबर महेन्द्र यादव आदि प्रमुखजनों समेत विभिन्न गांवों से आए सर्व समाज के आमंत्रित पंच-पटेलों व गणमान्य लोगों ने भी अपने विचार रखे।

स्वतंत्रता सेनानी स्वर्गीय चौधरी रणबीर हुडडा की जयंती पर हुआ कार्यक्रम का आयोजन : कांग्रेस नेता महेश घोडारोप

ओपन सर्च/ वरिष्ठ संवाददाता उमेश गुप्ता



सोहना। यहां पर गांव घाटाअमीरपुर स्थित कांग्रेस कार्यालय पर बृहस्पतिवार को महान स्वतंत्रता सेनानी चौधरी रणबीर सिंह हुडडा जयंती पर कांग्रेस पार्टी के तत्वाधान में आयोजित कार्यक्रम में मौजूद पार्टी कार्यकर्ताओं के बीच बोलते हुए हरियाणा प्रदेश कांग्रेस कमेटी मैंबर चौधरी महेश घोडारोप ने चौधरी रणबीर सिंह हुडडा को स्वतंत्रता सेनानी के साथ-साथ शिक्षाप्रेमी और महान समाज सुधारक बतलाते हुए उन्हे अपना प्रेरणा स्त्रोत बताया और कहा कि हमें दिवंगत स्वतंत्रता सेनानी चौधरी रणबीर सिंह हुडडा के जीवन से प्रेरणा लेकर समाज में रचनात्मक और सामाजिक कार्य करने में आगे आना चाहिए। इस मौके पर कांग्रेस नेता चौधरी महेश घोडारोप की अगुवाई में मौजूद कार्यकर्ताओं ने चौधरी रणबीर सिंह हुडडा के जीवन से प्रेरणा लेकर सदैव दीन-दुखियों, जरूरतमंदों लोगों की सेवा करने का प्रण भी सामूहिक रूप से लिया है। इस मौके पर हरियाणा प्रदेश कांग्रेस कमेटी मैंबर चौधरी महेश घोडारोप ने मुंबई में आज ही के दिन वर्ष-2008 में आतंकी हमले में मारे गए लोगों को 2 मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित की और उपस्थितों को आतंकवाद के विरूद्ध लडऩे की शपथ दिलाते हुए कहा कि देश की एकता, अखंडता को बनाए रखने और आतंकवाद के खिलाफ हम सबको एकजुट रहना होगा। तभी हम दुश्मनों के इरादों को नेस्तनाबूद कर पाएंगे।

भारत का संविधान विश्व का सबसे बड़ा संविधान : डाक्टर रामवीर गोस्वामी

ओपन सर्च/ वरिष्ठ संवाददाता उमेश गुप्ता



सोहना। यहां पर बृहस्पतिवार को संजीवनी अस्पताल परिसर में संविधान दिवस मनाया गया। इस मौके पर भाजपा चिकित्सा प्रकोष्ठ के जिला संयोजक व सोहना मार्किटकमेटी मैंबर डाक्टर रामवीर गोस्वामी ने मौजूद डाक्टरों, कर्मचारियों और कार्यकर्ताओं को संविधान की प्रस्तावना पढक़र सुनाई। कार्यक्रम के संयोजक व पूर्व नगरपार्षद मदन सिंह चौहान ने बताया कि ग्रीवेसिंग कमेटी मैंबर राजेन्द्र सिंह बागड़ी के सानिध्य और स्थानीय नगरपरिषद चेयरपर्सन प्रीति बागड़ी की अध्यक्षता में आयोजित इस कार्यक्रम में बोलते हुए भाजपा नेता डाक्टर रामवीर गोस्वामी ने कहा कि आज ही के दिन वर्ष-1949 में भारतवर्ष में औपचारिक रूप से संविधान को अंगीकार किया था। देश के संविधान की रचना बाबा साहिब भीमराव अंबेडकर की अध्यक्षता में गठित कमेटी द्वारा की गई थी, जिसमें देशवासियों ने भारत को एक संपूर्ण प्रभुत्व संपन्न, समाजवादी, पंथनिरपेक्ष, लोकतंत्रात्मक गणराज्य बनाने के लिए सभी नागरिकों को सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक न्याय, विचार, अभिव्यक्ति, विश्वास, धर्म और उपासना की स्वतंत्रता, प्रतिष्ठा और अवसर की समता प्राप्त करवाने व देश की एकता और अखंडता सुनिश्चित करने वाली बंधुता बढ़ाने के लिए संविधान को अंगीकृत किया। भाजपा चिकित्सा प्रकोष्ठ के जिला संयोजक व सोहना मार्किटकमेटी मैंबर डाक्टर रामवीर गोस्वामी ने बताया कि संविधान का अभिप्राय किसी भी देश के मुख्य कानून से है। जिसकी पालना वहां रहने वाले लोगों को करनी होती है। संविधान सभा के 284 सदस्यों ने 24 जनवरी, 1950 को दस्तावेज पर हस्ताक्षर किए थे। जिसे दो दिन बाद यानि 26 जनवरी, 1950 को लागू कर दिया गया था। इस मौके पर युवा राजपूत नेता देविन्द्र चौहान, हर्ष चौहान, भाजपा नेता राजेन्द्र सिंह बागडी, ग्रीवेसिंग कमेटी मैंबर महेन्द्र यादव आदि प्रमुखजनों समेत विभिन्न गांवों से आए सर्व समाज के आमंत्रित पंच-पटेलों व गणमान्य लोगों ने भी अपने विचार रखे।

डाक्टर भीमराव अंबेडकर के दिखाए रास्ते पर चले देशवासी : चेयरमैन सुभाष बंसल

ओपन सर्च/ वरिष्ठ संवाददाता उमेश गुप्ता



सोहना। यहां पर बृहस्पतिवार को संविधान दिवस के उपलक्ष्य में भाजपा के तत्वाधान में शहर के वार्ड-पांच में मातृभूमि परिसर पर कार्यक्रम का आयोजन हुआ, जिसमें मुख्य वक्ता रूप में बोलते हुए हरियाणा स्टेट कोप्रेटिव हाउसिंग फैडरेशन लिमिटेड चेयरमैन सेठ सुभाष बंसल ने मौजूद लोगों के साथ संविधान निर्माता डाक्टर भीमराव अंबेडकर प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उनके दिखाए रास्ते पर चलने का संकल्प सामूहिक रूप से लिया है। कार्यक्रम के संयोजक दीपक बंसल, हर्ष गुप्ता एडवोकेट, निखिल बंसल औ पूर्व नगरपार्षद रमन जांगडा व नगरपार्षद नीरज सिंगला ने बताया कि इस मौके पर उपस्थितों के बीच बोलते हुए हरियाणा स्टेट कोप्रेटिव हाउसिंग फैडरेशन लिमिटेड चेयरमैन सेठ सुभाष बंसल ने संविधान दिवस पर संविधान की प्रस्तावना पढ़ी और कहा कि संविधान के प्रति देश के प्रत्येक व्यक्ति को जागरूक होना चाहिए और जागरूकता तभी संभव है, जब प्रत्येक व्यक्ति को अपने संविधान के बारे में अच्छे से जानकारी हो ताकि लोकतंत्र को और ज्यादा सुदृढ़ बनाया जा सके। वही हरियाणा स्टेट कोप्रेटिव हाउसिंग फैडरेशन लिमिटेड चेयरमैन सेठ सुभाष बंसल ने मुंबई में आतंकी हमले में मारे गए लोगों को 2 मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित की और उपस्थितों को आतंकवाद के विरूद्ध लडऩे की शपथ दिलाते हुए कहा कि देश की एकता, अखंडता को बनाए रखने और आतंकवाद के खिलाफ हम सबको एकजुट रहना होगा। तभी हम दुश्मनों के इरादों को नेस्तनाबूद कर पाएंगे।

भौंड़सी आरटीसी में जवानों को दिलाई गई भारतीय संविधान पालना की शपथ : डीएसपी दीपक सिन्धु

ओपन सर्च/ वरिष्ठ संवाददाता उमेश गुप्ता



सोहना। सोहना के गांव भौंड़सी स्थित पुलिस प्रशिक्षण केन्द्र में बृहस्पतिवार को संविधान दिवस पर पुलिस प्रशिक्षण केन्द्र में कार्यरत उपपुलिस अधीक्षक दीपक सिन्धु ने मौजूद सभी रंगरूटों को संविधान के प्रति निष्ठावान और और दृढ़ संकल्प पूर्व रहने की शपथ दिलाई। इस मौके पर आयोजित कार्यक्रम में मौजूद जवानों के बीच मुख्य वक्ता रूप में बोलते हुए पुलिस प्रशिक्षण केन्द्र में कार्यरत उपपुलिस अधीक्षक दीपक सिन्धु ने अपने संबोधन में कहा कि आज का दिन हम भारतवासियों व पुलिसकर्मियों के लिए गर्व का दिन है आज ही के दिन 26 नवंबर 1949 को संविधान सभा द्वारा पारित भारतीय संविधान को हमने अंगीकृत किया था आज ही के दिन पाकिस्तान समर्पित लश्कर-ए-तैयबा के 10 प्रशिक्षित आतंकवादियों ने आतंक का रूप धारण करके भारतीय प्रभुता को खंड खंड करने के लिए मुंबई के ताज होटल, छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनल, नरीमन हाउस सहित अन्य जगहों पर अंधाधुंध गोलीबारी करके 166 निर्दोष लोगों की गोली मारकर हत्या कर दी और 300 से ज्यादा लोग इस गोलीबारी में घायल हुए इस विध्वंस को रोकने व आतंकवादियों के मंसूबों पर पानी फेरने के लिए मुंबई पुलिस के जांबाज पुलिस अधिकारी हेमंत करकरे, विजय सालसकर, मनोज आप्टे, अशोक कामटे, तुकाराम व एनएसजी के कमांडो संदीप आदि ने अपने प्राणों की आहुति देकर आतंकवादियों को मार गिराया। आज देश उन वीर जवानों के बलिदान का ऋणी है। उन्होंने कहा कि हमें भविष्य में ऐसी अलगाववादी व आतंकवादी ताकतों के रहनुमाओं को नेस्तनाबूद करने के लिए सदैव तत्पर रहना चाहिए।

संत शिरोमणि गुरु रविदास महाराज जी की शिक्षाओं व संदेश को जन-जन तक पहुंचाएगी समरसता संकल्प यात्रा : भाजपा नेता नरेन्द्र अधाना



सोहना,(वरिष्ठ संवाददाता उमेश गुप्ता): भाजपा गुरूग्राम महानगर में जिलाप्रवक्ता व शिक्षाविद नरेन्द्र अधाना सिरसका ने बताया कि संत शिरोमणि श्री गुरु रविदास महाराज जी की पावन शिक्षाओं, विचारों और आदर्शों को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से आयोजित समरसता संकल्प यात्रा समाज में आपसी प्रेम-प्यार, सौहार्द को बढ़ावा देने में अहम भूमिका निभा रही है। उन्होने सभी नागरिकों, सामाजिक संगठनों एवं पार्टी कार्यकर्ताओं से विनम्र आग्रह किया कि वे इस जन-जागरण अभियान में बढ़-चढक़र अपनी सहभागिता सुनिश्चित करे। भाजपा नेता नरेन्द्र अधाना सिरसका ने कहा कि संत शिरोमणि गुरु रविदास महाराज जी ने अपने विचारों और वाणी के माध्यम से समाज को समानता, भाईचारे, प्रेम और मानवता का संदेश दिया। उनकी शिक्षाएं आज भी सामाजिक समरसता और एकता के लिए प्रेरणास्रोत हैं। उन्होने सभी से आग्रह किया कि वे अपनी फोटो के साथ सोशल मीडिया पर प्तसमरसता_संकल्प_यात्रा हैशटैग का उपयोग करते हुए पोस्ट साझा करें और समरसता, समानता एवं सामाजिक एकता के इस जन-जागरण अभियान को व्यापक स्तर पर जन-जन तक पहुंचाने में अपना योगदान दें।

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी 6 को लेंगे बैठक-कार्यो की करेंगे समीक्षा : भाजपा नेत्री भारती हरसाना



सोहना,(वरिष्ठ संवाददाता उमेश गुप्ता): भाजपा की वरिष्ठ नेत्री व नगरनिगम पार्षद भारती हरसाना और भाजपा नेता मनीष हरसाना ने बताया कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी 6 दिसम्बर को जीएमडीए की बैठक लेकर पहले मंजूर किए गए एजेंडों की समीक्षा करने के साथ-साथ चल रहे विकास कार्यों का जायजा लेंगे। उन्होने यह भी बताया कि जीएमडीए की तरफ से इस बैठक में आरडीसिटी चौक पर फ्लाईओवर व अंडरपास के निर्माण के प्रस्ताव के अलावा बाबा कैनाला चौक पर नए फ्लाईओवर निर्माण के प्रस्ताव को मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के समक्ष मंजूरी के लिए रखा जाएगा। उन्होने बताया कि इस बैठक को लेकर निगम पार्षदों में भी उत्साह का माहौल नजर आ रहा है।

संविधान गौरव अभियान के माध्यम से जन-जन तक पहुंचेंगे बाबा साहेब के विचार : चेयरमैन दयाराम लोहिया



सोहना,(वरिष्ठ संवाददाता उमेश गुप्ता): भाजपा के वरिष्ठ क्षेत्रीय नेता व स्थानीय मार्किटकमेटी चेयरमैन चौधरी दयाराम लोहिया ने बताया कि बृहस्पतिवार को संविधान दिवस के मौके पर भाजपा ने संविधान दिवस को देश भर में संविधान गौरव अभियान के रूप में मनाया है। उन्होने बताया कि अभियान का मुख्य उद्देश्य प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार द्वारा संविधान निर्माता भारत रत्न बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर जी के विचारों, आदर्शों और विरासत को सम्मान देने के लिए किए गए ऐतिहासिक कार्यों को जन-जन तक पहुंचाना है। उन्होंने कहा कि संविधान दिवस की शुरुआत बाबा साहेब से जुड़े पंचतीर्थों का विकास, सामाजिक न्याय, समानता और वंचित वर्गों के उत्थान के लिए चलाई जा रही योजनाएं बाबा साहेब के सपनों को साकार करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम हैं। मार्किटकमेटी चेयरमैन चौधरी दयाराम लोहिया ने बताया कि अभियान के माध्यम से कांग्रेस शासनकाल में बाबा साहेब के साथ हुए राजनीतिक और ऐतिहासिक व्यवहार तथा संविधान के प्रति कांग्रेस की नीतियों से जुड़े तथ्यों को भी जनता के सामने रखा जाएगा। उन्होने सभी प्रदेश एवं जिला पदाधिकारियों, मंडल अध्यक्षों, मोर्चों और पार्टी कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में अभियान को सफल बनाएं तथा सोशल मीडिया के माध्यम से कार्यक्रमों और जनजागरण गतिविधियों की पोस्ट समयबद्ध रूप से साझा करे। उन्होंने कहा कि संविधान का सम्मान, बाबा साहेब के विचारों का सम्मान और सामाजिक समरसता को मजबूत करना हम सभी का सामूहिक दायित्व है।

संविधान में संवैधानिक मूल्यों को समझ कर अपने व्यवहार में उतारे लोग : सतेन्द्र गर्ग बंटी



सोहना,(वरिष्ठ संवाददाता उमेश गुप्ता): यहां पर रंगमंच संस्था श्री शानदार रामलीला क्लब के कार्यकारी प्रधान सतेन्द्र गर्ग बंटी ने कहा कि हर व्यक्ति को चाहिए कि वह संविधान में दर्ज संवैधानिक मूल्यों को समझ कर उन्हे अपने व्यवहार में उतारे और अन्य लोगों को भी प्रेरणा देने का काम करे। बृहस्पतिवार को यहां कमल कंकरीट उद्योग प्रतिष्ठान में संविधान दिवस पर आयोजित किए गए जागरूकता कार्यक्रम में उपस्थितों के बीच मुख्य वक्ता रूप में बोलते हुए उन्होने बताया कि लोकतंत्र को मजबूत बनाने और संवैधानिक मूल्यों के प्रति जागरूकता बढ़ाने में युवाओं की महत्वपूर्ण भूमिका है। उन्होने कहा कि युवाओं को संविधान में निर्मित मूल्यों को समझ कर उन्हे अपने व्यवहार में अपनाना चाहिए। श्री शानदार रामलीला क्लब के कार्यकारी प्रधान सतेन्द्र गर्ग बंटी ने बाबा साहब डाक्टर भीमराव अंबेडकर को श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि उनके सपनों के अनुरूप लैंगिक समानता, सामाजिक समरसता और समावेशी समाज के निर्माण के लिए सामूहिक प्रयास बहुत ही जरूरी है। इस मौके पर बोलते हुए सोहना मार्किटकमेटी उपचेयरमैन अशोक बंसल ने कहा कि दुनिया भर में भारत संविधान विश्व के श्रेष्ठ संविधानों में से एक है। युवाओं को संविधान की विशेषताओं का अध्ययन करने के साथ उसमें निहित मूल्यों का सम्मान करना चाहिए।

लोकतंत्र मजबूत बनाने में युवाओं की अहम भूमिका : भाजपा नेता मोहित खटटर



सोहना,(वरिष्ठ संवाददाता उमेश गुप्ता): भाजपा के वरिष्ठ क्षेत्रीय नेता तथा श्री सनातन धर्मसभा राममंदिर से जुड़े और बाली स्वीटस ग्रुप के निर्देशक मोहित खटटर तथा कमल खटटर ने बृहस्पतिवार को यहां संविधान दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित किए गए कार्यक्रम में मौजूद युवाओं के बीच बोलते हुए बताया कि लोकतंत्र को मजबूत बनाने और संवैधानिक मूल्यों के प्रति जागरूकता बढ़ाने में युवाओं की महत्वपूर्ण भूमिका है। उन्होने कहा कि युवाओं को संविधान में निर्मित मूल्यों को समझ कर उन्हे अपने व्यवहार में अपनाना चाहिए।

सोहना में दिव्यांगजनों के लिए 22 लाख की लागत से बनेगा ओपन जिम : एसडीओ राजपाल खटाना

सोहना,(वरिष्ठ संवाददाता उमेश गुप्ता): सोहना नगरपरिषद में कार्यरत एसडीओ राजपाल सिंह खटाना ने बताया कि शहर के राजीव गांधी पार्क में दिव्यांगजनों को योग और शारीरिक कसरत के लिए नगरपरिषद की तरफ से 22 लाख रुपए की लागत से एक विशेष ओपन जिम को स्थापित किए जाने की कार्रवाई तेजी से शुरू हो गई है ताकि इस विशेष ओपन जिम के राजीव गांधी पार्क में तैयार होने के बाद दिव्यांगजन अपनी सुविधा के मुताबिक पार्क में आकर व्यायाम कर सकेंगे और अपनी शारीरिक ताकत व ऊर्जा को बढ़ा सकेंगे। नगरपरिषद एसडीओ राजपाल सिंह खटाना ने बताया कि योजना के तहत इस विशेष ओपन जिम में 10 से 12 अलग-अलग तरह के आधुनिक अभ्यास उपकरण लगाए जाएंगे। जिन्हे दिव्यांगजनों की शारीरिक क्षमता बढ़ाने और सहज रूप से प्रयोग को ध्यान में रखकर तैयार किया गया है। ऐसा होने पर दिव्यांगन नियमित व्यायाम कर सकेंगे और उन्हे निजी थैरेपी केन्द्रों पर जाकर महंगी फीस नही चुकानी पड़ेगी।

लैबर्नम विद्यालय में विद्यार्थियों को पढ़ाई गई संविधान की प्रस्तावना : पंडित अनिल कौशिक

ओपन सर्च/ वरिष्ठ संवाददाता उमेश गुप्ता





सोहना। सोहना ब्लॉक के आदर्श गांव भौंड़सी स्थित लैबर्नम पब्लिक स्कूल में बृहस्पतिवार को संविधान दिवस एवं संयुक्त राष्ट्र के सतत विकास लक्ष्य-7 (सस्ती एवं स्वच्छ ऊर्जा) के उपलक्ष्य में विभिन्न शैक्षिक एवं रचनात्मक गतिविधियों का आयोजन किया गया। विद्यालय निर्देशक भारत शर्मा ने बताया कि इस अवसर पर दसवीं कक्षा के विद्यार्थी अंकित ने भारतीय संविधान की प्रस्तावना का वाचन किया। तत्पश्चात प्रस्तावना में निहित न्याय, स्वतंत्रता, समानता एवं बंधुत्व के आदर्शों पर चर्चा करते हुए इसके महत्व तथा एक जिम्मेदार नागरिक के रूप में अपने अधिकारों एवं कर्तव्यों के प्रति विद्यार्थियों को जागरूक किया गया। उन्होने बताया कि इस अवसर पर आयोजित पोस्टर निर्माण एवं चित्रकला प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने अपनी रचनात्मक प्रतिभा के माध्यम से संविधान की प्रस्तावना और उसके मूल आदर्शों को आकर्षक चित्रों एवं संदेशों के जरिए प्रस्तुत किया। वही भाषण, प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता एवं लघु नाटिका के माध्यम से सतत विकास लक्ष्य-7 के अंतर्गत सौर एवं पवन ऊर्जा जैसे नवीकरणीय ऊर्जा स्रोतों की उपयोगिता तथा ऊर्जा संरक्षण की आवश्यकता पर प्रकाश डाला गया। लघु नाटिका में बिजली की अनावश्यक खपत से पर्यावरण पर पडऩे वाले दुष्प्रभावों को दर्शाते हुए ऊर्जा का विवेकपूर्ण उपयोग करने और स्वच्छ ऊर्जा अपनाने का संदेश दिया गया। इस मौके पर संविधान की प्रस्तावना पढऩे के बाद मौजूद विद्यार्थियों के बीच मुख्य वक्ता रूप में बोलते हुए लैबर्नम पब्लिक स्कूल प्रबंधन समिति चेयरमैन पंडित अनिल कौशिक ने कहा कि संविधान हमें अधिकारों के साथ कर्तव्यों का बोध कराता है और प्राकृतिक संसाधनों का संरक्षण प्रत्येक नागरिक की जिम्मेदारी है। उन्होंने विद्यार्थियों को संवैधानिक मूल्यों का सम्मान करने तथा ऊर्जा संरक्षण को अपनी जीवनशैली का अभिन्न हिस्सा बनाने के लिए प्रेरित किया। विद्यालय प्रधानाचार्या डाक्टर भावना छिब्बर ने कहा कि शिक्षा का उददेश्य केवल किताबी ज्ञान देना नही बल्कि विद्यार्थियों को जागरूक, संवेदनशील एवं जिम्मेदार नागरिक बनाना भी है। संविधान के आदर्शों को जीवन में आत्मसात करना और स्वच्छ ऊर्जा के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण में योगदान देना एक सुरक्षित एवं टिकाऊ भविष्य के निर्माण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।

इसका समापन संवैधानिक मूल्यों के सम्मान, नागरिक कर्तव्यों के निर्वहन तथा ऊर्जा संरक्षण के संकल्प के साथ हुआ। इस मौके पर विद्यालय प्रधानाचार्या डाक्टर भावना छिब्बर ने भी विद्यार्थियों को संविधान के महत्व से अवगत कराया।

सोहना में छह वर्ष में भी नही मिला फ्लैट-बिल्डर का कब्जा ऑफर हरेरा ने किया खारिज

ओपन सर्च/ वरिष्ठ संवाददाता उमेश गुप्ता

सोहना। सोहना के सेक्टर पैंतीस स्थित अर्फोडेबल हाउसिंग प्रोजेक्ट इजी इन होम्स में फ्लैट का कब्जा देने में देरी करना बिल्डर को उस वक्त भारी पड़ गया, जब हरियाणा रियल एस्टेट रेगुलेटरी प्राधिकरण यानी हरेरा ने तुलसानी कंट्रक्टर एंड डवलपर्स प्राइवेट लिमिटेड की ओर से बिना आक्यूपेशन सर्टिफिकेट के दिए गए फिट आउट ऑफर को खारिज कर दिया। हरेरा ने बिल्डर को आवंटी को 10.80 प्रतिशत सालाना ब्याज देने और वैध कब्जा देने के 3 महीने के भीतर फ्लैट का कब्जा तथा कन्वेंस डीड की प्रक्रिया पूरी करने के निर्देश दिए है। यह मामला प्रोजेक्ट के टावर तीन की 14वीं मंजिल पर स्थित फ्लैट ई-314 से जुड़ा है। आवंटी सुनील कुमार कौशिक ने आठ अप्रैल, 2016 को बिल्डर के साथ बायर एग्रीमेंट किया था। फ्लैट की कुल कीमत 18.60 लाख रुपए थी, जिसमें से आवंटी 17.78 लाख रुपए जमा करा चुका था। एग्रीमेंट और प्रोजेक्ट की मंजूरी के अनुसार बिल्डर को अठाईस दिसम्बर, 2019 तक इस फ्लैट का कब्जा देना था लेकिन तय समय बीतने के बाद भी आवंटी को घर नही मिला। बिल्डर ने लम्बे इंतजार के बाद बाईस सितम्बर, 2025 को आवंटी को कब्जे का प्रस्ताव दिया था। हालाकि इसमें आक्यूपेशन सर्टिफिकेट के बिना ही फिट आउट के लिए फ्लैट देने की बात कही गई थी। आवंटी ने इस प्रस्ताव को हरेरा में चुनौती दी। तब हरेरा ने सुनवाई के दौरान इस वैध कब्जे का प्रस्ताव मानने से इंकार कर दिया और हरेरा ने अपने आदेश में बिल्डर को अठाईस दिसम्बर, 2019 से वैध फ्लैट, कब्जे के प्रस्ताव के दो महीने बाद या वास्तविक कब्जा देने तक जो भी पहले हो, 10.80 प्रतिशत सालाना ब्याज देने के निर्देश दिए है। इकत्तीस जुलाई, 2023 तक के बकाया ब्याज का भुगतान आदेश की तारीख से 90 दिनों के भीतर करना होगा। इसके बाद हर महीने की तीस तारीख से पहले ब्याज का भुगतान करना होगा। हरेरा ने स्पष्ट किया है कि फ्लैट का वैध कब्जा देने के लिए ओसी बहुत ही जरूरी है। साथ ही आवंटी को फ्लैट का कब्जा मिलने के तीन महीने के भीतर कन्वेंस डीड पूरी करने के निर्देश भी दिए है। इस मामले में अहम बात यह है कि हरेरा में सुनवाई के दौरान बिल्डर ने नोटिस का भी जवाब नही दिया। तब हरेरा चेयरमैन अरूण कुमार ने सुनवाई के दौरान पाया कि बिल्डर को नोटिस जारी होने के बावजूद उसने एक साल से अधिक समय तक अपना लिखित जवाब दाखिल नही किया। इस कारण बिल्डर अपना पक्ष भी नही रख सका। हरेरा प्राधिकरण ने उपलब्ध रिकार्ड और दस्तावेजों के आधार पर यह फैसला सुनाया।

स्वतंत्रता सेनानी स्वर्गीय चौधरी रणबीर हुडडा की जयंती पर हुआ कार्यक्रम : वीरेन्द्र यादव

ओपन सर्च/ वरिष्ठ संवाददाता उमेश गुप्ता



सोहना। स्वतंत्रता सेनानी चौधरी रणबीर सिंह हुडडा जयंती पर बृहस्पतिवार को यहां पर कार्यक्रम का आयोजन किया, जिसमें कांग्रेस पार्टी के पूर्व विधानसभा प्रत्याशी वीरेन्द्र यादव बिल्लू समेत आमंत्रितों ने बढ़-चढक़र हिस्सा लिया। तत्पश्चात उपस्थितों ने कांग्रेस पार्टी के पूर्व विधानसभा प्रत्याशी वीरेन्द्र यादव बिल्लू की अगुवाई में चौधरी रणबीर सिंह हुडडा के जीवन से प्रेरणा लेकर सदैव दीन-दुखियों, जरूरतमंदों लोगों की सेवा करने का प्रण भी सामूहिक रूप से लिया है। इस मौके पर मौजूद कार्यकर्ताओं के बीच कांग्रेस पार्टी के पूर्व विधानसभा प्रत्याशी वीरेन्द्र यादव बिल्लू ने संविधान की प्रस्तावना पढक़र सुनाई और बताया कि आज ही के दिन वर्ष-1949 में भारतवर्ष में औपचारिक रूप से संविधान को अंगीकार किया था। देश के संविधान की रचना बाबा साहिब भीमराव अंबेडकर की अध्यक्षता में गठित कमेटी द्वारा की गई थी, जिसमें देशवासियों ने भारत को एक संपूर्ण प्रभुत्व संपन्न, समाजवादी, पंथनिरपेक्ष, लोकतंत्रात्मक गणराज्य बनाने के लिए सभी नागरिकों को सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक न्याय, विचार, अभिव्यक्ति, विश्वास, धर्म और उपासना की स्वतंत्रता, प्रतिष्ठा और अवसर की समता प्राप्त करवाने व देश की एकता और अखंडता सुनिश्चित करने वाली बंधुता बढ़ाने के लिए संविधान को अंगीकृत किया। कांग्रेस पार्टी के पूर्व विधानसभा प्रत्याशी वीरेन्द्र यादव बिल्लू ने कहा कि भारत का संविधान विश्व का सबसे बड़ा संविधान है, जिसमें 448 अनुछेद, 12 अनुसूचियां तथा 103 संशोधन किए गए। यह हस्तलिखित संविधान है और जिसे तैयार करने में 2 वर्ष 11 महीने 18 दिन का समय लगा। इस मौके पर बोलते हुए अधिवक्ता बाबू हेमराम खटाना एडवोकेट ने कहा कि 26 जनवरी, 1950 को भारत का संविधान लागू हुआ था। सरकार ने 19 नवंबर, 2015 को राजपत्र अधिसूचना की सहायता से 26 नवंबर को संविधान दिवस के रूप में घोषित किया। उन्होने कहा कि आज हम सब संविधान दिवस मना रहें हैं। किसी भी देश को चलाने के लिए नियमों का होना अत्यंत आवश्यक है। संविधान के उददेश्य पर प्रकाश डालते हुए अधिवक्ता बाबू हेमराम खटाना एडवोकेट ने बताया कि संविधान का अभिप्राय किसी भी देश के मुख्य कानून से है। जिसकी पालना वहां रहने वाले लोगों को करनी होती है। संविधान सभा के 284 सदस्यों ने 24 जनवरी, 1950 को दस्तावेज पर हस्ताक्षर किए थे। जिसे दो दिन बाद यानि 26 जनवरी, 1950 को लागू कर दिया गया था। इस मौके पर सरताज खटाना एडवोकेट, सचिन खटाना एडवोकेट, युवा समाजसेवी उधम सिंह खटाना आदि समेत खटानपुरी, बैसलात और भामलात के विभिन्न गांवों से आए आमंत्रितों ने भी अपने विचार रखे।

रायसीना में बने अवैध फार्महाउसों में किए गए अवैध निर्माणों पर चला पीला पंजा-फार्महाउसों में हुई तोड़फ़ोड़

ओपन सर्च/ वरिष्ठ संवाददाता उमेश गुप्ता

सोहना। सोहना के अरावली हिल्स पर रायसीना पहाडिय़ों के बीच स्थित अंसल रिट्रीट में बनाए गए फार्महाउसों में अवैध रूप से किए गए निर्माणों को तोड़े जाने के लिए नगरपरिषद प्रशासन ने आज अवैध फार्महाउसों की चारदीवारियों पर पीला पंजा चलाया। देखा जाए तो राजस्व रिकार्ड में यह फार्महाउस गैर मुमकिन पहाड़ दर्ज है लेकिन मौके पर लोगों ने अवैध रूप से फार्महाउस बना लिए और रातोंरात पक्के निर्माण कर लिए। देखने वाली बात यह रही कि पीले पंजे को चलाकर फार्महाउसों में अवैध रूप से बनाई गई चारदीवारियों, पानी की टंकियों आदि निर्माण को तोड़े जाने के लिए चलाने वाली कार्रवाई की गई। आज तोडफ़ोड़ की कार्रवाई के दौरान पीले पंजे के साथ भारी पुलिसबल मौजूद रहा। इधर लोगों का कहना है कि अरावली में फार्महाउस बनाने वाले लोग सत्ता के गलियारों तक पहुंच का फायदा उठाते हुए सर्वोच्च अदालत के आदेशों की अवहेलना कर अवैध रूप से अरावली में अवैध खनन कार्य को अंजाम दे उसी पत्थर से फार्महाउसों के भीतर कही कमरे तो कही पानी की टंकियां, रंग-बिरंगे फव्वारे, स्वीमिंग पूल, तमाम सुख-सुविधाओं युक्त कमरें और आसपास दीवारें बनवा भी ली गई। ध्यान योग्य यह है कि सुप्रीमकोर्ट के आदेशानुसार अरावली का पूरा क्षेत्र पहाड़ी वनक्षेत्र घोषित है। इसमें किसी भी प्रकार का गैरवाणिकी कार्य नही हो सकता है और ना ही कोई निर्माण कार्य किया जा सकता है लेकिन सुप्रीमकोर्ट के आदेशों के बावजूद अरावली वनक्षेत्र में धडल्ले से निर्माण कार्य वक्त-वक्त पर बेरोक-टोक होते रहे है। सुप्रीमकोर्ट ने अरावली पर्वत की श्रंखलाओं वाले इस पहाड़ी क्षेत्र को वनक्षेत्र घोषित किया हुआ है। फिर भी वनक्षेत्र में कई सैकड़ों आलीशान फार्महाउस बन गए है, जिनमें से अधिकतर दिग्गज राजनेताओं से लेकर बिल्डरों, बड़े अधिकारियों, क्रिकेटर व कलाकारों के तो किसी ने बेनामी नामों से जमीन खरीदकर यहां फार्महाउस बनाए है। पर्यावरणप्रेमियों का कहना है कि डीटीपी, प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, वन विभाग समेत यदि विभिन्न विभाग अपने दायित्व को सही तरीके से निभाते तो अरावली के सीने को चीरकर बनाए गए ये फार्महाउस सीना ताने खड़े नजर नही आते। सभी को पता है कि गलत तरीके से ये फार्महाउस बने है परंतु प्रभावी तरीके से कोई कार्रवाई नही करता। तोडफ़ोड़ के नाम पर फोटो खिचवाकर वीडियो रील कराते हुए खानापूर्ति की चर्चाएं लोगों में आम है। लोगों की माने तो जैसे ही यहां तोडफ़ोड़ अभियान शुरू होता है, वैसे ही ऊपर से आकाओं के मोबाइलों की घंटियां तोडफ़ोड़ दस्ते में शामिल अधिकारियों के फोनों पर बजनी शुरू हो जाती है। नतीजा यह रहता है कि अधिकारी तोडफ़ोड़ की कार्रवाई को ईमानदारी से अंजाम देने की बजाय कोई ना कोई बहाना बना चंद जगहों पर तोडफ़ोड़ के फोटो कराकर व वीडियो रील बनवाकर खानापूर्ति करते हुए वापिस लौट आते है। जिससे फार्महाउस मालिकों के हौसले बढ़ जाते है। हरियाली संस्था के अध्यक्ष विवेक कंबोज मानते है कि कोई भी विभाग अरावली पहाड़ी क्षेत्र को बचाने के लिए ईमानदारी से गंभीर नही है। सभी एक-दूसरे के ऊपर जिम्मेदारी डालकर बचना चाहते है। यदि ईमानदारी से अपनी जिम्मेदारी समझते तो क्षेत्र में अरावली का सीना चीरकर सैकड़ों फार्महाउस नही बनते। काबिले गौर यह है कि पहले भी प्रशासनिक अधिकारियों पर आधारित टीम ने पहले भी जब नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल के निर्देश पर क्षेत्र में कई स्थानों पर कई फार्महाउसों का अवलोकन किया। तब टीम यह देखकर हैरत में रह गई कि वन एरिया घोषित होने के बावजूद यहां पर क्षेत्र में कई स्थानों पर ना केवल गैर कानूनी रूप से निर्माण कार्य कर आलीशान फार्महाउस बनाए हुए है बल्कि क्षेत्र में स्थित दमदमा पर्यटन निगम के समानांतर रिसोर्ट चलाकर टूरिज्म निगम और सरकार को जमकर राजस्व कर का चूना लगा रहे है। क्षेत्र के गांव दमदमा स्थित हरियाणा टूरिज्म के सारस काम्पलेक्स के इर्द-गिर्द गैर मुमकिन पहाड़ पर देश की कई नामचीन हस्तियों ने ना केवल गैर कानूनी रूप से निर्माण कार्य कर आलीशान फार्महाउस बनाए हुए है बल्कि सारस काम्पलेक्स के समानांतर रिसोर्ट चलाकर टूरिज्म निगम और सरकार को जमकर राजस्व कर का चूना लगा रहे है। फार्महाउसों के भीतर ना केवल ऐशो-आराम की तमाम सुविधाएं मौजूद है बल्कि बिजली, पानी के साथ-साथ निजी रूप में जरनेटर और नौका विहार जैसी सुविधाएं भी यहां आने वालों के लिए उपलब्ध कराने की व्यवस्था है। बता दें कि नामचीन हस्ती कहलाने वाले धनाढय लोगों ने अपनी काली कमाई को सफेद पूंजी में बदलने के लिए यहां पर एक एकड़ से आठ-आठ एकड़ तक भूमि में फैले पहाड़ वाला क्षेत्र खरीदा हुआ है और इन्ही गैर मुमकिन पहाड़ों में मोटा पैसा खर्च कर एक से एक आधुनिक ऐशो-आराम की सुविधाएं उपलब्ध कराई हुई है। यहां के नजारे को देखकर एक बार तो ऐसा लगता है जैसे कि स्वर्ग लोक में आ गए हो। जागरूक लोगों का कहना है कि नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल की पर्यावरण को बचाने के लिए निर्धारित किए गए कायदे-कानूनों की नामचीन हस्तियों ने जमकर धज्जियां उड़ाई है। पहले गैर मुमकिन पहाड़ी का सीना चीरा। फिर गैर कानूनी तरीके से इस भूमि पर तामीर निर्माण कार्य चलाया। अपने निजी बोर लगवाकर जल दोहन करने का कार्य बेरोकटोक यहां फल-फूल रहा है। बिजली गुल हो जाने पर जरनेटर के जरिए प्रकाश व्यवस्था बनाने से प्रदूषण को भी बढ़ावा मिल रहा है। साथ ही गैर मुमकिन पहाड़ को रिसोर्ट आदि के नाम पर कमर्शियल प्रयोग में लाकर सरकार को भी जमकर आर्थिक चूना लगाया जा रहा है। गौरतलब ये है कि पहले भी जब एक तत्कालीन एसडीएम विवेक कालिया को अरावली की पहाडिय़ों में अवैध रूप से खनन कार्य होने की शिकायतें मिली थी। दौरे के वक्त खनन कार्य तो नही मिला लेकिन वन भूमि पर जंगलों को साफ कर भूमि समतल करने के बाद उस पर चारदीवारी और प्लाटिंग पाई गई।

भारत का संविधान विश्व का सबसे बड़ा संविधान : बाबू हेमराम खटाना एडवोकेट

ओपन सर्च/ वरिष्ठ संवाददाता उमेश गुप्ता



सोहना। यहां पर बृहस्पतिवार को खंड के आदर्श गांव रिठौज में संविधान दिवस मनाया गया। इस मौके पर जाने-माने अधिवक्ता बाबू हेमराम खटाना एडवोकेट ने मौजूद कर्मचारियों को संविधान की प्रस्तावना पढक़र सुनाई। इस मौके पर गुर्जर महापंचायत के संयोजक और वरिष्ठ अधिवक्ता बाबू हेमराम खटाना एडवोकेट ने कहा कि आज ही के दिन वर्ष-1949 में भारतवर्ष में औपचारिक रूप से संविधान को अंगीकार किया था। देश के संविधान की रचना बाबा साहिब भीमराव अंबेडकर की अध्यक्षता में गठित कमेटी द्वारा की गई थी, जिसमें देशवासियों ने भारत को एक संपूर्ण प्रभुत्व संपन्न, समाजवादी, पंथनिरपेक्ष, लोकतंत्रात्मक गणराज्य बनाने के लिए सभी नागरिकों को सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक न्याय, विचार, अभिव्यक्ति, विश्वास, धर्म और उपासना की स्वतंत्रता, प्रतिष्ठा और अवसर की समता प्राप्त करवाने व देश की एकता और अखंडता सुनिश्चित करने वाली बंधुता बढ़ाने के लिए संविधान को अंगीकृत किया। अधिवक्ता बाबू हेमराम खटाना एडवोकेट ने कहा कि भारत का संविधान विश्व का सबसे बड़ा संविधान है, जिसमें 448 अनुछेद, 12 अनुसूचियां तथा 103 संशोधन किए गए। यह हस्तलिखित संविधान है और जिसे तैयार करने में 2 वर्ष 11 महीने 18 दिन का समय लगा। इस मौके पर बोलते हुए अधिवक्ता बाबू हेमराम खटाना एडवोकेट ने कहा कि 26 जनवरी, 1950 को भारत का संविधान लागू हुआ था। सरकार ने 19 नवंबर, 2015 को राजपत्र अधिसूचना की सहायता से 26 नवंबर को संविधान दिवस के रूप में घोषित किया। उन्होने कहा कि आज हम सब संविधान दिवस मना रहें हैं। किसी भी देश को चलाने के लिए नियमों का होना अत्यंत आवश्यक है। संविधान के उददेश्य पर प्रकाश डालते हुए अधिवक्ता बाबू हेमराम खटाना एडवोकेट ने बताया कि संविधान का अभिप्राय किसी भी देश के मुख्य कानून से है। जिसकी पालना वहां रहने वाले लोगों को करनी होती है। संविधान सभा के 284 सदस्यों ने 24 जनवरी, 1950 को दस्तावेज पर हस्ताक्षर किए थे। जिसे दो दिन बाद यानि 26 जनवरी, 1950 को लागू कर दिया गया था। इस मौके पर सरताज खटाना एडवोकेट, सचिन खटाना एडवोकेट, युवा समाजसेवी उधम सिंह खटाना आदि समेत खटानपुरी, बैसलात और भामलात के विभिन्न गांवों से आए आमंत्रितों ने भी अपने विचार रखे।

संविधान दिवस पर डीवीएम स्कूल में पढ़ी गई संविधान की प्रस्तावना : मोहनप्रकाश कौशिक

ओपन सर्च/ वरिष्ठ संवाददाता उमेश गुप्ता



सोहना। सोहना में दौहला रोड स्थित डीवीएम पब्लिक सीनियर सैकेंडरी स्कूल प्रांगण में बृहस्पतिवार को संविधान दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित कार्यक्रम में मौजूद विद्यार्थियों, शिक्षकों, अभिभावकों और आमंत्रितों के बीच डीवीएम पब्लिक सीनियर सैकेंडरी विद्यालय प्रबंधन समिति चेयरमैन मोहनप्रकाश कौशिक ने संविधान दिवस पर संविधान की प्रस्तावना पढ़ी और कहा कि संविधान के प्रति देश के प्रत्येक व्यक्ति को जागरूक होना चाहिए और जागरूकता तभी संभव है, जब प्रत्येक व्यक्ति को अपने संविधान के बारे में अच्छे से जानकारी हो ताकि लोकतंत्र को और ज्यादा सुदृढ़ बनाया जा सके। विद्यालय निर्देशक हर्षित कौशिक ने बताया कि इस मौके पर डीवीएम पब्लिक सीनियर सैकेंडरी विद्यालय प्रबंधन समिति चेयरमैन मोहनप्रकाश कौशिक ने अपने संबोधन में कहा कि एक सजग व्यक्ति होने के नाते हम सभी का यह फर्ज बनता है कि हम संविधान को खुशी-खुशी धूमधाम से मनाए और इस दिन संविधान की प्रस्तावना पढऩे के साथ-साथ अन्य लोगों को भी जागरूक बनाने के लिए संविधान की प्रस्तावना पढऩे के लिए प्रेरित करे। डीवीएम पब्लिक सीनियर सैकेंडरी विद्यालय प्रबंधन समिति चेयरमैन मोहनप्रकाश कौशिक ने बताया कि आज संविधान दिवस के उपलक्ष्य में संविधान की प्रस्तावना को ऑनलाइन के माध्यम से 22 राजभाषा और अंग्रेजी में पढऩे की व्यवस्था सरकार की तरफ से की गई है। कोई भी व्यक्ति इन भाषाओं में से किसी भी भाषा में ऑनलाइन संविधान की प्रस्तावना को पढ़ सके। साथ ही विद्यालय प्रबंधन समिति, शिक्षक वर्ग और मौजूद विद्यार्थियों ने वर्ष-2008 में आज ही के दिन 26 नवंबर को हुए मुंबई आतंकी हमले की बरसी पर आतंकी हमले में शहीद हुए लोगों को भावपूर्ण श्रद्धांजलि देकर उनकी शहादत को नमन किया और कहा कि हम उन परिवारों के साथ शोकाकुल है, जिनके अपने इस आतंकी हमले में हमेशा के लिए बिछुड़ गए।

आतंकी व उनके पनाहगारों को घर में घुसकर मार रही भाजपा सरकार : भाजपा नेता योगी राघव



सोहना,(वरिष्ठ संवाददाता उमेश गुप्ता): सोहना ब्लॉक के आदर्श गांव खेड़ला में रहने वाले भाजपा के वरिष्ठ क्षेत्रीय नेता योगी राघव ने बृहस्पतिवार को शहीदों को नमन करने के लिए आयोजित किए गए शहीदों को नमन कार्यक्रम में शहीदों की शहादत को नमन करते हुए कहा कि देश की जनता वर्ष-2008 के उस दिन की वारदात की याद आने पर आज भी सिहर उठती है, जब लश्कर-ए-तैएबा के दस आतंकियों ने समुद्र के रास्ते मुंबई में घुसकर ताज होटल में जो खून का तांडव खेला, उसे सुनकर आज भी लोगों के रोंगटे खड़े हो जाते हैं। इस हमले में 166 लोगों की जान हमलों ने ले ली और पुलिस व सेना ने बहादुरी दिखाते हुए तत्काल आतंकियों को घेर एक बड़ी कार्रवाई करते हुए 9 आतंकियों को मौके पर ही ढेर कर दिया था। एक आतंकी अजमल कसाब जिंदा पकड़ा गया था। जिसे बाद में फांसी दी गई। इस हमले की वर्षगांठ पर पूरा देश हमले में प्रभावित लोगों के साथ खड़ा नजर आ रहा है। देशवासी अपने-अपने तरीकों से हमले में मारे गए लोगों तथा शहीद हुए सैनिकों को याद कर रहे है। भाजपा के वरिष्ठ क्षेत्रीय नेता योगी राघव ने हमले में शहीद हुए लोगों को श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि हमें आतंकवाद से डटकर मुकाबले करना होगा व आतंकवाद को खत्म करके अपने देश को सुरक्षित बनाना होगा।

डाक्टर भीमराव अंबेडकर के दिखाए रास्ते पर चले देशवासी : नंबरदार तेजपाल

सोहना,(वरिष्ठ संवाददाता उमेश गुप्ता): यहां पर बृहस्पतिवार को संविधान दिवस के उपलक्ष्य में डाक्टर भीमराव अंबेडकर मिशन सोसायटी के तत्वाधान में शहर के वार्ड-पांच में दमकल उपकेन्द्र के सामने स्थित डाक्टर भीमराव अंबेडकर भवन में स्थापित संविधान निर्माता डाक्टर भीमराव अंबेडकर प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उनके दिखाए रास्ते पर चलने का संकल्प सामूहिक रूप से लिया है। इस मौके पर डाक्टर भीमराव अंबेडकर मिशन सोसायटी के प्रधान चौधरी सहीराम तंवर तथा सोसायटी के पूर्व प्रधान नंबरदार मूलचंद लाखुवास, डाक्टर तेजपाल, बाबू बिजेन्द्र कुमार, पूर्व दरोगा इंद्राज, नगरपार्षद पहलवान ओमप्रकाश नून्ने, नगरपार्षद राकेश कुमार एडवोकेट, नंबरदार तेजपाल लाखुवासिया, महेन्द्र जाजोरिया, चौधरी जगदीश जाजोरिया, बलबीर सिंह कोली, बलजीत खटाना एडवोकेट, संजीव कुमार बिटटू, अग्रवालसभा के वरिष्ठ उपाध्यक्ष रहे उमेश अग्रवाल, जयबीर भड़ाना आदि समेत आमंत्रित लोग विशेष रूप से मौजूद रहे।

स्वतंत्रता सेनानी स्वर्गीय चौधरी रणबीर हुडडा के जीवन से प्रेरणा ले : कांग्रेस नेता नौरंग खटाना



सोहना,(वरिष्ठ संवाददाता उमेश गुप्ता): स्वतंत्रता सेनानी चौधरी रणबीर सिंह हुडडा जयंती के उपलक्ष्य में गांव बेरका में कांग्रेस पार्टी से जुड़े कार्यकर्ताओं की हलका स्तरीय बैठक बृहस्पतिवार को आयोजित हुई। बैठक में उपस्थित कार्यकर्ताओं के बीच मुख्य वक्ता रूप में बोलते हुए कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेता नौरंग खटाना ने स्वतंत्रता सेनानी एवं राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री के पिता स्वर्गीय चौधरी रणबीर सिंह हुडडा की जयंती पर आयोजित किए गए हवन-यज्ञ में आहुतियां डाली और स्वर्गीय रणबीर सिंह हुडडा के जीवन चरित्र से प्रेरणा लेते हुए उनके दिखाए रास्ते पर चलने का प्रण भी सामूहिक रूप से लिया है।

26/11 के शहीदों को दी गई श्रद्धांजलि : भाजपा नेता सतेन्द्र राघव

सोहना,(वरिष्ठ संवाददाता उमेश गुप्ता): सोहना ब्लॉक के आदर्श गांव भौंड़सी के रहने वाले स्वतंत्रता सेनानी स्वर्गीय पूरण सिंह राघव के पौत्र व भाजपा नेता सतेन्द्र कुमार राघव स्टार ने बृहस्पतिवार को वर्ष-2008 में आज ही के दिन 26 नवंबर को हुए मुंबई आतंकी हमले की 18वीं बरसी पर आतंकी हमले में शहीद हुए लोगों को भावपूर्ण श्रद्धांजलि देकर उनकी शहादत को नमन किया और कहा कि हम उन परिवारों के साथ शोकाकुल है, जिनके अपने इस आतंकी हमले में हमेशा के लिए बिछुड़ गए। उन्होने कहा कि मैं उन सुरक्षाकर्मियों की भी शहादत को सलाम करता हूं, जिन्होने हैवानियत से लड़ते हुए अपनी जान कुर्बान कर दी।

गांव सांचौली में स्वतंत्रता सेनानी स्वर्गीय चौधरी रणबीर हुडडा की जयंती पर हुआ कार्यक्रम

सोहना,(वरिष्ठ संवाददाता उमेश गुप्ता): स्वतंत्रता सेनानी चौधरी रणबीर सिंह हुडडा जयंती पर बृहस्पतिवार को गांव सांचौली में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने कार्यक्रम का आयोजन किया, जिसमें कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेता पंडित राकेश शर्मा सांचौलिया, सोहना बार एसोसिएशन के पूर्व उपाध्यक्ष नितिन अग्रवाल एडवोकेट, समाजसेवी ओमप्रकाश माटू, सागर सैन, मनीष गौड़, संजीव शर्मा, मोहित भारद्वाज, अशोक रोहिल्ला समेत युवा शक्ति ने बढ़-चढक़र हिस्सा लिया। तत्पश्चात उपस्थित युवाओं ने राकेश शर्मा सांचौलिया की अगुवाई में चौधरी रणबीर सिंह हुडडा के जीवन से प्रेरणा लेकर सदैव दीन-दुखियों, जरूरतमंदों लोगों की सेवा करने का प्रण भी सामूहिक रूप से लिया है।

संविधान दिवस पर एशियन स्कूल में पढ़ी गई संविधान की प्रस्तावना : शिक्षाविद सचिन लोहिया

सोहना,(वरिष्ठ संवाददाता उमेश गुप्ता): यहां पर गांव खरोदा स्थित एशियन पब्लिक सीनियर सैकेंडरी स्कूल प्रांगण में बृहस्पतिवार को संविधान दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित कार्यक्रम में मौजूद विद्यार्थियों, शिक्षकों, अभिभावकों और आमंत्रितों के बीच विद्यालय प्रबंधन समिति अध्यक्ष सचिन लोहिया ने संविधान दिवस पर संविधान की प्रस्तावना पढ़ी और कहा कि संविधान के प्रति देश के प्रत्येक व्यक्ति को जागरूक होना चाहिए और जागरूकता तभी संभव है, जब प्रत्येक व्यक्ति को अपने संविधान के बारे में अच्छे से जानकारी हो ताकि लोकतंत्र को और ज्यादा सुदृढ़ बनाया जा सके। विद्यालय प्रबंधन समिति अध्यक्ष सचिन लोहिया ने अपने संबोधन में कहा कि एक सजग व्यक्ति होने के नाते हम सभी का यह फर्ज बनता है कि हम संविधान को खुशी-खुशी धूमधाम से मनाए और इस दिन संविधान की प्रस्तावना पढऩे के साथ-साथ अन्य लोगों को भी जागरूक बनाने के लिए संविधान की प्रस्तावना पढऩे के लिए प्रेरित करे। विद्यालय प्रबंधन समिति अध्यक्ष सचिन लोहिया ने बताया कि आज संविधान दिवस के उपलक्ष्य में संविधान की प्रस्तावना को ऑनलाइन के माध्यम से 22 राजभाषा और अंग्रेजी में पढऩे की व्यवस्था सरकार की तरफ से की गई है। कोई भी व्यक्ति इन भाषाओं में से किसी भी भाषा में ऑनलाइन संविधान की प्रस्तावना को पढ़ सके।

गांव लोहटकी के रहने वाले जगमेन्द्र खटाना बने भाजपा किसान मोर्चा में प्रदेश कार्यकारिणी मैंबर



सोहना,(वरिष्ठ संवाददाता उमेश गुप्ता): भाजपा किसान मोर्चा में दमदमा मंडल के अध्यक्ष जगमेन्द्र खटाना लोहटकी ने अपने को भारतीय जनता पार्टी द्वारा भाजपा किसान मोर्चा, हरियाणा प्रदेश के कार्यकारिणी सदस्य नियुक्त करने पर शीर्ष नेतृत्व एवं समस्त संगठन का हृदय की गहराइयों से बहुत-बहुत आभार एवं धन्यवाद किया है। उन्होने भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन, राष्ट्रीय अध्यक्ष किसान मोर्चा बंशीलाल गुर्जर, हरियाणा प्रदेश प्रभारी श्रीमती स्मृति ईरानी, सह प्रभारी डाक्टर भोला सिंह, हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सैनी, हरियाणा प्रदेशाध्यक्ष श्रीमती अर्चना गुप्ता संगठन महामंत्री पवन राणा एवं भाजपा किसान मोर्चा हरियाणा प्रदेश अध्यक्ष महेश चौहान का विशेष रूप से हृदय से आभार जताया। हरियाणा प्रदेश एवं जिला में भी सभी साथियों का भी आभार धन्यवाद करता हूं।

हरियाणा पुलिस टेक्नोलॉजी के क्षेत्र में भरेगी नई उड़ान-अगले तीन माह में खरीदे जाएंगे अत्याधुनिक साइबर टूल्स, सॉफ्टवेयर और हार्डवेयर : डीजीपी अजय सिंघल

ओपन सर्च/ वरिष्ठ संवाददाता उमेश गुप्ता

सोहना। हरियाणा पुलिस को आधुनिक तकनीक से लैस करने और उसकी कार्यक्षमता एवं क्षमता निर्माण को नई मजबूती देने के लिए 62 करोड़ रुपये से अधिक की राशि से नए सॉफ्टवेयर और अत्याधुनिक तकनीकी संसाधनों की खरीद की जाएगी। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की अध्यक्षता में आयोजित हाई लेवल परचेज कमेटी की बैठक में हरियाणा पुलिस के आधुनिकीकरण से संबंधित 62.40 करोड़ रुपये के प्रस्तावों को स्वीकृति प्रदान की गई है। हरियाणा पुलिस के तकनीकी आधुनिकीकरण को नई गति देते हुए अगले तीन माह में अत्याधुनिक साइबर टूल्स, सॉफ्टवेयर और हार्डवेयर की खरीद की जाएगी। इन संसाधनों का उद्देश्य पुलिस की जांच क्षमता, साइबर अपराधों से निपटने की दक्षता, अपराध विश्लेषण और तकनीकी कार्यप्रणाली को और अधिक सशक्त बनाना है। इस संबंध में पुलिस मुख्यालय, पंचकूला में पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) अजय सिंघल की अध्यक्षता में राज्य स्तरीय समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में प्रदेश की विभिन्न पुलिस इकाइयों के अधिकारियों से भविष्य की तकनीकी जरूरतों, क्षमता निर्माण और आधुनिकीकरण को लेकर सुझाव एवं विचार आमंत्रित किए गए। सभी इकाइयों से यह जानकारी ली गई कि वर्तमान में उनके पास कौन-कौन से तकनीकी संसाधन उपलब्ध हैं, कार्यक्षमता बढ़ाने के लिए किन नए टूल्स और सॉफ्टवेयर की आवश्यकता है तथा आने वाले समय में किन तकनीकों की खरीद की जानी चाहिए। इन सुझावों के आधार पर प्राथमिकताएं तय करते हुए नए प्रस्ताव तैयार किए जाएंगे, ताकि तकनीकी संसाधनों की खरीद और उनके इस्तेमाल की प्रक्रिया योजनाबद्ध एवं प्रभावी तरीके से क्रियान्वित की जा सके। डीजीपी अजय सिंघल ने कहा कि केवल आधुनिक सॉफ्टवेयर और उपकरणों की खरीद ही पर्याप्त नहीं है, बल्कि उनका प्रभावी इस्तेमाल सुनिश्चित करना भी उतना ही महत्वपूर्ण है। इसके लिए नए तकनीकी संसाधनों की खरीद के साथ पुलिसकर्मियों को उनका इस्तेमाल करने के लिए विशेष प्रशिक्षण भी दिया जाएगा। हरियाणा पुलिस अकादमी, मधुबन में अनुसंधान अधिकारियों (आईओ), थाना प्रभारियों (एसएचओ), साइबर सेल प्रभारियों तथा संबंधित तकनीकी कर्मियों के लिए विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम तैयार किए जाएंगे। इसका उद्देश्य पुलिसकर्मियों को नई तकनीक से परिचित कराने के साथ उसे पुलिस की रोजमर्रा की कार्यप्रणाली, अपराध अनुसंधान और रोकथाम का हिस्सा बनाना है। उन्होंने कहा कि आगामी दो वर्षों के लिए एक व्यापक योजना तैयार की जा रही है, जिससे हरियाणा पुलिस की तकनीकी क्षमता को चरणबद्ध तरीके से और अधिक मजबूत किया जा सके। डीजीपी ने बताया कि हरियाणा पुलिस में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) टास्क फोर्स का गठन किया जा चुका है। इसे तीन प्रमुख मॉड्यूल में विभाजित किया गया है। पहले मॉड्यूल के तहत एआई की एक समर्पित टीम तैयार की जाएगी, जो अपराध नियंत्रण, अपराधियों की पहचान, डेटा विश्लेषण और पुलिसिंग में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के उपयोग पर काम करेगी। दूसरे मॉड्यूल में ब्लॉकचेन और डार्क वेब से संबंधित विशेष टीम तैयार की जाएगी, जो इन क्षेत्रों में उपलब्ध तकनीकी जानकारियों और डिजिटल साक्ष्यों के विश्लेषण की क्षमता विकसित करेगी। तीसरे मॉड्यूल के तहत पुलिसकर्मियों को साइबर कमांडो के रूप में विशेष प्रशिक्षण दिया जाएगा, ताकि साइबर चुनौतियों से निपटने के लिए एक दक्ष एवं प्रशिक्षित टीम तैयार की जा सके। उन्होंने कहा कि इन तीनों मॉड्यूल के माध्यम से हरियाणा पुलिस को भविष्य की तकनीकी चुनौतियों के लिए तैयार किया जाएगा। बैठक में सीआईडी, एसटीएफ, ईआरएसएस-112, एसएसआरबी, स्टेट क्राइम ब्रांच और साइबर हरियाणा सहित विभिन्न इकाइयों ने प्रेजेंटेशन के माध्यम से अपनी मौजूदा तकनीकी क्षमताओं, आवश्यकताओं और भविष्य की योजनाओं की जानकारी साझा की। डीजीपी ने निर्देश दिए कि विभिन्न इकाइयों एवं जिला पुलिस द्वारा इस्तेमाल किए जा रहे उपयोगी साइबर टूल्स और आधुनिक उपकरणों को एकीकृत कर एक साझा प्लेटफॉर्म पर लाने की दिशा में काम किया जाए। साथ ही, सभी इकाइयां अपनी बेस्ट प्रैक्टिसेज और तकनीकी संसाधनों को एक-दूसरे के साथ साझा करें, ताकि उपलब्ध तकनीक का अधिकतम लाभ उठाया जा सके। बैठक में सोशल मीडिया और मेटा प्लेटफॉर्मस पर निगरानी को और प्रभावी बनाने पर भी जोर दिया गया। डीजीपी ने सीआईडी, साइबर क्राइम और एसटीएफ को निर्देश दिए कि सोशल मीडिया पर असामाजिक तत्वों की गतिविधियों पर लगातार नजर रखी जाए, ताकि सामाजिक सौहार्द बिगाडऩे की किसी भी कोशिश को समय रहते रोका जा सके। इसके अतिरिक्त ऑनलाइन प्लेटफॉर्मस से उपलब्ध डेटा का विश्लेषण कर गैंगस्टर्स के वित्तीय नेटवर्क, आपसी संपर्कों और अन्य गतिविधियों की पहचान करने पर जोर दिया गया। एआई से तैयार डीपफेक वीडियो और फर्जी ऑनलाइन विज्ञापनों के जरिए होने वाली धोखाधड़ी पर अंकुश लगाने के लिए विशेष सॉफ्टवेयर विकसित करने की दिशा में भी काम किया जा रहा है। डीजीपी ने प्रदेश में सक्रिय अपराधियों से संबंधित सूचनाओं को एकीकृत कर एक केंद्रीकृत डेटाबेस और डिपॉजिटरी तैयार करने के निर्देश दिए। इसकी जिम्मेदारी स्टेट क्राइम ब्रांच, हरियाणा को सौंपी गई है। उल्लेखनीय है कि हरियाणा पुलिस द्वारा अपराध नियंत्रण के लिए 'आरजेएसएफ पैटर्न' पर आधारित इंटेलिजेंस मॉडल विकसित किया गया है। रोहतक से पायलट प्रोजेक्ट के रूप में शुरू की गई इस पहल को झज्जर, सोनीपत और फरीदाबाद के बाद अब प्रदेश के लगभग सभी जिलों में लागू किया जा चुका है। बैठक में बताया गया कि मोबाइल लोकेशन प्लॉटिंग के माध्यम से प्रतिदिन साइबर अपराध के हॉटस्पॉट्स की पहचान की जा रही है। इसके अलावा दूरदराज के क्षेत्रों में स्थित एटीएम को तकनीकी प्रणाली से जोडक़र डेली अलर्ट सिस्टम विकसित किया गया है, जिससे एटीएम से छेड़छाड़ या किसी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस तक पहुंच सके। डीजीपी ने शेष बैंकों और कंपनियों के एटीएम को भी जल्द इस प्रणाली से जोडऩे के निर्देश दिए। बैठक में हिसार और रोहतक के पुलिस अधीक्षकों ने अपने जिलों में इस्तेमाल किए जा रहे तकनीकी टूल्स की जानकारी दी। रोहतक पुलिस द्वारा विकसित 'अचूक' प्लेटफॉर्म के प्रभावी उपयोग पर भी चर्चा हुई। डीजीपी ने अपराध नियंत्रण के लिए सात प्रमुख पैरामीटर पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। इनमें सीसीटीवी निगरानी, वाहन संबंधी जानकारी, रात्रि नाकाबंदी, आर्थिक अनुसंधान, फेशियल रिकॉग्निशन सिस्टम (एफआरएस), मोबाइल एवं सीडीआर विश्लेषण तथा आर्म्स एक्ट और एनडीपीएस एक्ट के तहत प्रभावी कार्रवाई शामिल हैं।

भारतीय संविधान निर्माण में रणबीर सिंह हुडडा का अहम योगदान : राजीव यादव

ओपन सर्च/ वरिष्ठ संवाददाता उमेश गुप्ता



सोहना। सोहना विधानसभा क्षेत्र में युवा कांग्रेस के वरिष्ठ नेता व पूर्व नगरपार्षद राजीव यादव ने बताया कि महान स्वतंत्रता सेनानी चौधरी रणबीर सिंह हुडडा किसानों की समस्याओं की आवाज उठाने वाले देश के पहले स्वतंत्रता सेनानी थे। भारतीय संविधान निर्माण में भी रणबीर सिंह हुडडा का अहम योगदान रहा था। सोहना विधानसभा क्षेत्र में युवा कांग्रेस के वरिष्ठ नेता व पूर्व नगरपार्षद राजीव यादव ने बृहस्पतिवार को उक्त उदगार चौधरी रणबीर सिंह हुडडा की जयंती के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में उन्हे नमन करते हुए अपने श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए व्यक्त किए। उन्होने कहा कि यह देश का सौभाग्य है कि आजादी में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वालों में शामिल महान स्वतंत्रता सेनानी, गांधीवादी, किसान और मजदूरों के मसीहा चौधरी रणबीर सिंह हुडडा का आजादी के बाद भी देश को मार्गदर्शन प्राप्त हुआ है। जिन्हे युवा पीढ़ी अपना प्रेरणा स्त्रोत मानती है। युवा कांग्रेस नेता राजीव यादव बालूदा ने कहा कि स्वतंत्रता सेनानियों की पेंशन की मांग भी रणबीर सिंह हुडडा ने ही उठाई थी। किसानों के लिए बीमा योजना लागू करने की बात भी हुडडा ने सबसे पहले उठाई थी। रणबीर सिंह हुडडा किसानों के हित में हर आवाज उठाते थे। अपनी इस प्रवति के कारण वह सदैव लोगों में एक जनप्रिय नेता के रुप में प्रख्यात रहे। युवा कांग्रेस नेता राजीव यादव बालूदा ने कहा कि चौधरी रणबीर सिंह हुडडा ने अपने सामाजिक जीवन में हमेशा अपनी धर्म निरपेक्षता व सदभाव की भावना का परिचय दिया। वह 19 दिसंबर, 1947 को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के साथ मेवात के गांव घासेड़ा आए और यहां से पलायन कर रहे लाखों मुस्लिम संप्रदाय के लोगों को पाकिस्तान जाने से रोका था। इससे पता चलता है कि वह धर्मनिरपेक्ष सोच वाले व्यक्ति थे। इतना ही नही उन्होने महात्मा गांधी व स्वाधीनता संग्राम के अनेक राष्ट्रीय नेताओं के साथ मिलकर स्वाधीनता संग्राम में अंग्रेजों के विरूद्ध आंदोलनों में बढ़-चढक़र भाग लिया। अपने देश को आजाद कराने के लिए निरंतर संघर्ष करते रहे। युवा कांग्रेस नेता राजीव यादव बालूदा ने बताया कि चौधरी रणबीर सिंह हुडडा एक महान स्वतंत्रता सेनानी होने के साथ-साथ एक सच्चे गांधीवादी वह दूरदर्शी नेता थे। उन्होने कहा कि चौधरी रणबीर सिंह हुडडा के पदचिन्हों पर चलते हुए उनके पुत्र व हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुडडा तथा उनके पौत्र व सांसद दीपेन्द्र हुडडा भी राजनीति के साथ-साथ समाजसेवा में भी अपना उल्लेखनीय योगदान दे रहे है। मुख्यमंत्री रहे भूपेन्द्र सिंह हुडडा ने राज्य में 10 वर्ष तक सेवा करने का काम किया। चौधरी भूपेंद्र सिंह हुडडा ने कांग्रेस पार्टी की नीतियों और कल्याणकारी योजनाओं को लागू करके प्रदेश का विकास कराया था।

भारतीय संविधान लोकतंत्र का सजग प्रहरी : व्यापारी नेता रविन्द्र गोयल रब्बन

ओपन सर्च/ वरिष्ठ संवाददाता उमेश गुप्ता



सोहना। सोहना किरयाणा व्यापारी यूनियन के प्रधान रविन्द्र गोयल रब्बन ने बृहस्पतिवार को संविधान दिवस के उपलक्ष्य में संविधान के प्रति जागरूक बनाने के लिए आयोजित की गई एक दिवसीय कार्यशाला का शिक्षा की देवी मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्जवलित करके किया। इस मौके पर उपस्थितों को संबोधित करते हुए सोहना किरयाणा व्यापारी यूनियन के प्रधान रविन्द्र गोयल रब्बन ने संविधान निर्माता डाक्टर भीमराव अंबेडकर के ओजस्वी जीवन से अवगत कराया और कहा कि भारतीय संविधान लोकतंत्र का सजग प्रहरी है। उन्होने उपस्थितों को संविधान की जरूरत, इसे बनाने में योगदान और संविधान की शक्तियों के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि देश के लिए तैयार किए गए संविधान को 26 नवंबर, 1949 को भारतीय संविधान सभा द्वारा अपनाया गया। इसके बाद 26 नवंबर, 1950 को इसे लोकतांत्रिक प्रणाली के साथ लागू किया गया। सोहना किरयाणा व्यापारी यूनियन के प्रधान रविन्द्र गोयल रब्बन ने कहा कि सभी को संविधान का ज्ञान होना अत्यंत जरूरी है। बच्चों को स्कूलों में संविधान दिवस के नाम पर आयोजित कार्यक्रम में लागू संविधान से अच्छे से अवगत कराया जा रहा है ताकि विद्यार्थियों को भी संविधान के प्रति पूरा ज्ञान रहे ताकि बच्चों में संविधान के प्रति जागरूकता आए। इस मौके पर मुंबई में हुए आतंकी हमले की बरसी पर हमले के शहीदों को 2 मिनट का मौन रखकर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई और सामूहिक रूप से प्रण लिया कि देश में आतंकवाद, भ्रष्टाचार को जड़मूल से मिटाने के लिए वह अपने-अपने स्तर पर अभियान चलाकर लोगों को जागरूक बनाएंगे। शहीदों की शहादत को हर्गिज जाया नही होने देंगे।

26/11 के शहीदों को दी गई श्रद्धांजलि : समाजसेवी सुरेन्द्र यादव

ओपन सर्च/ वरिष्ठ संवाददाता उमेश गुप्ता



सोहना। क्षेत्र के प्रमुख समाजसेवी और शहर में दमदमा रोड़ स्थित जीएलएस ग्रुप होम सोसायटी निर्देशक सुरेन्द्र यादव ने बृहस्पतिवार को वर्ष-2008 में आज ही के दिन 26 नवंबर को हुए मुंबई आतंकी हमले की बरसी पर आतंकी हमले में शहीद हुए लोगों को भावपूर्ण श्रद्धांजलि देकर उनकी शहादत को नमन किया और कहा कि मुंबई आतंकी हमले में कमांडो फोर्स की सफलता की वर्षगाठ देश भर में मनाई जा रही है लेकिन इस सफलता के कई किरदार आज भी शासन-प्रशासन की बेरूखी के शिकार है। उदाहरणस्वरूप उन्होने बताया कि मुंबई में 26/11 के आतंकी हमले के खिलाफ कमांडो आप्रेशन में अहम भूमिका निभाने वाले पटौदी के गांव सफेदारनगर में रहने वाले जाबांज सुनील यादव आज अभाव में जीवन जीने को गुजारने को मजबूर है। हमले में दुश्मन की गोली का शिकार होकर 40 दिन तक अस्पताल रहे इस कमांडों से हर वर्ष 26 नवंबर को नेता और अधिकारी मिलने आते है लेकिन उसे आश्वासन के अलावा कुछ नही मिला है। केन्द्र और राज्य सरकार द्वारा की गई घोषणाओं का लाभ भी उन्हे अब तक सही तरीके से नही मिल पाया है। समाजसेवी और शहर में दमदमा रोड़ स्थित जीएलएस ग्रुप होम सोसायटी निर्देशक सुरेन्द्र यादव ने बताया कि गांव जसाना के रहने वाले फिरे चंद कमांडो के उस दल में शामिल थे, जिसे उस दिन पाकिस्तान से आए आतंकियों के खात्मे का जिम्मा सौंपा गया। वह आतंकियों की गोली लगने से घायल हो गए। ग्रामपंचायत ने वीरता दिखाने पर उन्हे 100 वर्ग गज का प्लाट देने की घोषणा की लेकिन शासन-प्रशासन की अनदेखी के चलते कई वर्ष बीतने पर भी पंचायत द्वारा घोषित प्लाट कमांडो फिरेचंद नागर को अभी तक नही मिल पाया है।

जिस ढाणी में वह रहते है, वहां घरेलू बिजली की लाइन तक उपलब्ध नही हो पाई है। समाजसेवी और शहर में दमदमा रोड़ स्थित जीएलएस ग्रुप होम सोसायटी निर्देशक सुरेन्द्र यादव की माने तो मुंबई हमले के वक्त आतंकियों से टक्कर लेने वाले फरीदाबाद के सेक्टर अड़तालीस निवासी गौतम गौसाई की आतंकियों ने गोली मारकर हत्या कर दी थी। वह होटल मैनेजमेंट की पढ़ाई हेतू ताज होटल में इंटर्नशिप के लिए गए थे। तत्कालीन सरकार ने उनकी स्मृति में सेक्टर अड़तालीस का नाम गौतम इंकलेव रखने की घोषणा की थी लेकिन नगरनिगम और सरकार कई वर्ष बीतने पर भी सेक्टर अड़तालीस का नामकरण गौतम इंकलेव के नाम पर नही कर पाए है। महाराष्ट्र सरकार ने उन्हे जीवन रक्षक पदक देने का ऐलान किया था मगर औपचारिकता पूरी ना होने से वह पदक भी उनके परिजनों को नही मिल पाया है। इतना जरूर है कि गौतम के पिता देव सिंह गौसाई ने अपने बेटे की याद में गरीब और बेसहारा बच्चों की मदद के लिए एक ट्रस्ट बनाया।

आतंकवाद के खिलाफ ठोस कदम उठा रही मोदी सरकार : भाजपा नेता गजराज लोहिया

ओपन सर्च/ वरिष्ठ संवाददाता उमेश गुप्ता



सोहना। भाजपा के वरिष्ठ क्षेत्रीय नेता व उदाका ग्रामपंचायत के पूर्व सरपंच चौधरी गजराज लोहिया ने बृहस्पतिवार को वर्ष-2008 में आज ही के दिन 26 नवंबर को हुए मुंबई आतंकी हमले की बरसी पर आतंकी हमले में शहीद हुए लोगों को भावपूर्ण श्रद्धांजलि देकर उनकी शहादत को नमन किया और कहा कि हम उन परिवारों के साथ शोकाकुल है, जिनके अपने इस आतंकी हमले में हमेशा के लिए बिछुड़ गए। उन्होने कहा कि मैं उन सुरक्षाकर्मियों की भी शहादत को सलाम करता हूं, जिन्होने हैवानियत से लड़ते हुए अपनी जान कुर्बान कर दी। यहां पर गांव उदाका में अपने कार्यालय पर आज शहीदों को नमन करने के लिए आयोजित किए गए शहीदों को नमन कार्यक्रम में शहीदों की शहादत को नमन करते हुए भाजपा नेता व उदाका ग्रामपंचायत के पूर्व सरपंच चौधरी गजराज लोहिया ने कहा कि देश की जनता वर्ष-2008 के उस दिन की वारदात की याद आने पर आज भी सिहर उठती है, जब लश्कर-ए-तैएबा के दस आतंकियों ने समुद्र के रास्ते मुंबई में घुसकर ताज होटल में जो खून का तांडव खेला, उसे सुनकर आज भी लोगों के रोंगटे खड़े हो जाते है। इस हमले में 166 लोगों की जान हमलों ने ले ली और पुलिस व सेना ने बहादुरी दिखाते हुए तत्काल आतंकियों को घेर एक बड़ी कार्रवाई करते हुए 9 आतंकियों को मौके पर ही ढेर कर दिया था। एक आतंकी अजमल कसाब जिंदा पकड़ा गया था। जिसे बाद में फांसी दी गई। इस हमले की वर्षगांठ पर पूरा देश हमले में प्रभावित लोगों के साथ खड़ा नजर आ रहा है। देशवासी अपने-अपने तरीकों से हमले में मारे गए लोगों तथा शहीद हुए सैनिकों को याद कर रहे है।

देश की एकता व अखंडता को सर्वोपरि रखे देशवासी : भाजपा नेता योगेश तंवर

ओपन सर्च/ वरिष्ठ संवाददाता उमेश गुप्ता

सोहना। यहां पर बृहस्पतिवार को संविधान दिवस मनाया गया। इस मौके पर भाजपा अनुसूचित मोर्चा में प्रदेश उपाध्यक्ष तथा सीएम विंडो एमिनेट पर्सन योगेश तंवर तथा जिलापार्षद कैलाशवती तंवर ने संविधान की प्रस्तावना पढक़र सुनाई। इस मौके पर बोलते हुए उन्होने कहा कि आज ही के दिन वर्ष-1949 में भारतवर्ष में औपचारिक रूप से संविधान को अंगीकार किया था। देश के संविधान की रचना बाबा साहिब भीमराव अंबेडकर की अध्यक्षता में गठित कमेटी द्वारा की गई थी, जिसमें देशवासियों ने भारत को एक संपूर्ण प्रभुत्व संपन्न, समाजवादी, पंथनिरपेक्ष, लोकतंत्रात्मक गणराज्य बनाने के लिए सभी नागरिकों को सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक न्याय, विचार, अभिव्यक्ति, विश्वास, धर्म और उपासना की स्वतंत्रता, प्रतिष्ठा और अवसर की समता प्राप्त करवाने व देश की एकता और अखंडता सुनिश्चित करने वाली बंधुता बढ़ाने के लिए संविधान को अंगीकृत किया। भाजपा अनुसूचित मोर्चा में प्रदेश उपाध्यक्ष तथा सीएम विंडो एमिनेट पर्सन योगेश तंवर तथा जिलापार्षद कैलाशवती तंवर ने कहा कि भारत का संविधान विश्व का सबसे बड़ा संविधान है, जिसमें 448 अनुछेद, 12 अनुसूचियां तथा 103 संशोधन किए गए। यह हस्तलिखित संविधान है और जिसे तैयार करने में 2 वर्ष 11 महीने 18 दिन का समय लगा। इस मौके पर बोलते हुए उन्होने कहा कि 26 जनवरी, 1950 को भारत का संविधान लागू हुआ था। सरकार ने 19 नवंबर, 2015 को राजपत्र अधिसूचना की सहायता से 26 नवंबर को संविधान दिवस के रूप में घोषित किया। उन्होने कहा कि आज हम सब संविधान दिवस मना रहें हैं। किसी भी देश को चलाने के लिए नियमों का होना अत्यंत आवश्यक है। संविधान के उददेश्य पर प्रकाश डालते हुए भाजपा अनुसूचित मोर्चा में प्रदेश उपाध्यक्ष तथा सीएम विंडो एमिनेट पर्सन योगेश तंवर तथा जिलापार्षद कैलाशवती तंवर ने बताया कि संविधान का अभिप्राय किसी भी देश के मुख्य कानून से है। जिसकी पालना वहां रहने वाले लोगों को करनी होती है। संविधान सभा के 284 सदस्यों ने 24 जनवरी, 1950 को दस्तावेज पर हस्ताक्षर किए थे। जिसे दो दिन बाद यानि 26 जनवरी, 1950 को लागू कर दिया गया था।

भारतीय संविधान लोकतंत्र का सजग प्रहरी : समाजसेवी सुरज्ञान सिंह

ओपन सर्च/ वरिष्ठ संवाददाता उमेश गुप्ता



सोहना। सोहना ब्लॉक के नयागांव में बृहस्पतिवार को संविधान दिवस के उपलक्ष्य में संविधान के प्रति जागरूक बनाने के लिए एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन भाजपा किसान मोर्चा में भौंड़सी मंडल अध्यक्ष सरपंच सुरज्ञान सिंह ने शिक्षा की देवी मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्जवलित करके किया। इस मौके पर उपस्थित ग्रामीणों को संबोधित करते हुए भाजपा किसान मोर्चा में भौंड़सी मंडल अध्यक्ष सरपंच सुरज्ञान सिंह ने संविधान निर्माता डाक्टर भीमराव अंबेडकर के ओजस्वी जीवन से अवगत कराया और कहा कि भारतीय संविधान लोकतंत्र का सजग प्रहरी है। उन्होने ग्रामीणों को संविधान की जरूरत, इसे बनाने में योगदान और संविधान की शक्तियों के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि देश के लिए तैयार किए गए संविधान को 26 नवंबर, 1949 को भारतीय संविधान सभा द्वारा अपनाया गया। इसके बाद 26 नवंबर, 1950 को